# देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 21 सितंबर 2023 । वर्ष – 67 । अंक – 313 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ महिला सम्मान पर ... ■ कठपुतली मीडिया का... 04
■ अगले हफ्ते कोरिया, चीन, जापान की होगी... ■ लीबिया में बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में 70 फीसदी... 09
■ चावल में उबाल से दुनिया बेहाल ■ शेयर बाजार में कोहराम 11
■ आईसीसी वनडे पुरुष क्रिकेट.. ■ भारत के मो. सिराज... 10

# महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पास

## पर्ची से हुई वोटिंग में बिल के समर्थन में 454 व विरोध में 2 वोट पड़े

**आज राज्यसभा में पेश किया जाएगा बिल**

**बिल पर चर्चा में 60 सांसदों ने रखे विचार**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसद के विशेष सत्र के तीसरे दिन बुधवार को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल नारी शक्ति वंदन विधेयक के नाम से पास हो गया। पर्ची से हुई वोटिंग में बिल के समर्थन में 454 और विरोध में 2 वोट डले।

अब गुरुवार को यह बिल राज्यसभा में पेश होगा। वहां से पास होने के बाद राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए जाएगा। राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। बिल पर चर्चा में 60 सांसदों ने अपने विचार रखे।



राहुल गांधी ने कहा कि ओबीसी आरक्षण के बिना यह बिल अधूरा है, जबकि अमित शाह ने कहा कि यह आरक्षण सामान्य, एससी और एसटी में समान रूप से लागू होगा। चुनाव के बाद तुरंत ही जनगणना और डिलिमिटेशन होगा और महिलाएं की भागीदारी जल्द ही सदन में बढ़ेगी। विरोध करने से रिजर्वेशन जल्दी नहीं आएगा। महिला आरक्षण बिल पर डिबेट का जवाब देने अमित शाह आए। उन्होंने कहा– संविधान के संशोधित करने वाले 128वें संशोधन पर बात करने के लिए मैं यहां खड़ा हूं। ये कहते ही विपक्ष का हंगामा शुरू कर दिया। इस पर शाह मुस्कुराते हुए राहुल गांधी की तरह बोले– डरो मत।

**90 में से सिर्फ तीन सचिव ओबीसी** – इस देश में केंद्र सरकार में 90 सचिव हैं और उनमें से सिर्फ तीन ही अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं और यही पांच फीसदी लोग बजट को कंट्रोल करते हैं। यह ओबीसी समुदाय का अपमान है। राहुल ने कहा कि सवाल यह है कि इस देश में कितने ओबीसी, कितने दलित, कितने आदिवासी हैं... इसका जवाब सिर्फ जातिगत जनगणना से मिल सकता है।

उन्होंने कहा कि भारत की महिलाओं को सत्ता हस्तांतरित करने की दिशा में सबसे बड़ा कदम था पंचायती राज, जहां उन्हें आरक्षण दिया गया और बड़े पैमाने पर राजनीतिक व्यवस्था में प्रवेश करने की अनुमति दी गई।

### आरक्षण बिल सबसे पहले राजीव लाए: सोनिया



सोनिया ने कहा, 'स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण देने वाला कानून सबसे पहले मेरे पति राजीव गांधी लाए थे, जो राज्यसभा में 7 वोटों से गिर गया था। बाद में पीवी नरसिम्हा राव की सरकार ने उसे पास करवाया। इसी का नतीजा है कि देशभर के स्थानीय निकायों में 15 लाख चुनी हुई महिला नेता हैं। राजीव का सपना अभी आधा ही पूरा हुआ है।

### यह युग बदलने वाला विधेयक है: शाह



अमित शाह ने कहा– महिला आरक्षण बिल युग बदलने वाला विधेयक है। कल का दिन भारतीय संसद के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा। कल नए सदन का पहली बार श्री गणेश हुआ, कल गणेश चतुर्थी थी और पहली बार कई सालों से लंबित पड़े बिल को पास किया गया। देश में एससी-एसटी के लिए जितनी सीटें आरक्षित हैं, उनमें से भी 33 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएंगी।

### ओबीसी आरक्षण के बिना अधूरा, आज से ही लागू हो : राहुल



राहुल गांधी ने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पर बहस में हिस्सा लिया। राहुल ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक बहुत महत्वपूर्ण है। इस बिल को तुरंत ही लागू किया जाना चाहिए। राहुल ने कहा कि वे इस विधेयक के समर्थन में हैं, यह बड़ा कदम है लेकिन ओबीसी आरक्षण के बिना महिला आरक्षण अधूरा रहेगा।

# मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना तत्काल आरंभ होगी : शिवराज



## मुख्यमंत्री ने हरदा की फार्म भराकर पंजीयन की शुरुआत की, नमिता बनी पहली हितग्राही

- किसानों ने बनाया मध्यप्रदेश को कृषि में अव्वल
- मप्र के शरबती गेहूं, चिन्नोर चावल को मिली ग्लोबल पहचान
- 3 एचपी या अधिक क्षमता के स्थाई पंप कनेक्शन के लिए होगा 11के.वी. लाइन का विस्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को स्थाई कृषि पंप कनेक्शन देने के लिए मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना में हितग्राहियों से फार्म भरवाने के कार्य का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना में 3 एचपी या अधिक क्षमता के स्थाई पंप कनेक्शन के लिए 200 मीटर तक की दूरी की 11के.वी. लाइन के विस्तार, वितरण ट्रांसफार्मर की स्थापना और निम्न दाब लाइन केबल विस्तार कार्य शामिल हैं।

योजना में समस्त सामग्री सहित विस्तार कार्य और इसका संधारण विद्युत वितरण कंपनी द्वारा किया जाएगा। इस कार्य का 50 प्रतिशत व्यय शासन द्वारा और 50 प्रतिशत कृषक या कृषक समूह द्वारा वहन किया जाएगा। कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में हुए राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने हरदा जिले के ग्राम जिनवानिया की श्रीमती नमिता रनवे और भैंरूदा सीहोर के श्री प्रेमनारायण पंवार के आवेदन भरवाकर योजना में नामांकन की प्रक्रिया आरंभ की। श्री चौहान ने कहा कि योजना का क्रियान्वयन तत्काल आरंभ किया जा रहा है।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री कमल पटेल तथा ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर उपस्थित थे। प्रदेश के सभी जिले कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े।

### मुख्यमंत्री आज करेंगे एकात्मता की मूर्ति का अनावरण

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ओंकारेश्वर में 21 सितंबर को आदि गुरू शंकराचार्य को समर्पित एकात्मता की मूर्ति का अनावरण और अद्वैत लोक का भूमि-पूजन करेंगे। श्री चौहान ओंकारेश्वर के मांधाता पर्वत पर होने वाले विशेष कार्यक्रम 'शंड्क्रावतरण' और 'ब्रह्मोत्सव' में सम्मलित होंगे।

## सार संक्षेप

### प्रधानमंत्री 25 सितम्बर को भोपाल आयेंगे



#### मुख्यमंत्री ने ली तैयारियों की जानकारी

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 सितम्बर को भोपाल यात्रा के लिए जारी तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जम्बूरी मैदान में होने वाले कार्यक्रम को संबोधित करने भोपाल आ रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने राजकीय विमानतल पर हुई बैठक में कहा कि वर्षा की संभावना को देखते हुए समस्त व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाए तथा यातायात और पार्किंग व्यवस्था योजनाबद्ध रूप से की जाए।

### कमलनाथ आज जबलपुर में



**जबलपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ आज गुरुवार को सुबह दस बजे डुमना विमानतल पर विशेष विमान से आयेंगे। यहां से हेलीकाप्टर द्वारा से पाटन के लिये रवाना हो जाएंगे। बगदरी में बने अस्थाई हेलीपेड पर वे उतरेंगे। जहां पर पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. नीलेश जैन एवं पार्टी के नेता श्री नाथ का स्वागत करेंगे। इसके बाद श्री नाथ पाटन कृषि उपज मंडी में आयोजित जनसभा को संबोधित करने पहुंचेंगे। साथ ही श्री नाथ पाटन में ही पत्रकारों से भी चर्चा क रेंगे। तत्पश्चात श्री नाथ छिंदवाड़ा के लिये रवानाा हो जाएंगे।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो**-एक पूर्व विधायक चाय की दुकान खोलकर बेरोजगारी का विरोध कर रहे हैं।

**चुहिया- हां प्रिये**- चुनाव का मौसम है, ऐसे रंग बिखरते रहेंगे।

# भाजपा के पूर्व सांसद और बड़े नेताओं सहित लगभग 2000 नेता-कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल

## कांग्रेस मुख्यालय में कमलनाथ ने दिलाई सदस्यता



## शामिल होने वालों में पंच-सरपंच भी

**भोपाल,देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा से आये करीब एक दर्जन कद्दावर नेताओं, पदाधिकारियों और उनके हजारों समर्थकों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

कमलनाथ ने नेताओं को पार्टी का दुपट्टा पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराते हुये कहा कि आज आपके उत्साह और जोश को देखकर मुझे बहुत बल और विश्वास मिल रहा है। कमलनाथ ने कहा कि आज प्रदेश की तस्वीर आप सभी के सामने है और आपको प्रदेश के हालत भी दिख रहे हैं। मैं तो आपसे कहूँगा कि आप कमलनाथ का साथ मत दीजियेगा, लेकिन सच्चाई का साथ जरुर दीजियेगा।

बालाघाट के भाजपा के पूर्व सांसद बोध सिंह भगत, बुधनी के कद्दावर नेता राजेश पटेल, दिलीप सिंह प्रदेश अध्यक्ष लोकतान्त्रिक जनता दल (शरद यादव) सहित, 18 जनपद पंचायत सदस्य, 24 सरपंच, 41 पूर्व सरपंच, 2 जनपद पंचायत अध्यक्ष, 1 जिलापंचायत सदस्य, 4 भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष और लगभग 850 भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने कमलनाथ के नेतृत्व में विश्वास जताते हुए कांग्रेस पार्टी की सादस्यता ली।

साथ ही आप पार्टी के पदाधिकारी अशरफ उल्ला खान, शिवराज सिंह चौहान के सलाहकार शिव चौबे के भतीजे बुधनी के सुमित चौबे, आशू बघेल, डॉ. भीम सिंह पटेल, चंद्र शेखर पटेल, प्रभात जोशी विदिशा ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली। इसके साथ ही सरपंच विवेक सिंह, प्रदीप सिंह, शिवकुमार सिंह, सोनेलाल पटेल, अजय पटेल, राजीव कौल, संतलाल कौल, पूजा पटेल, धर्मेंद्र तिवारी, हाजिर जाकिर मामू, आशु, गुनीराम बघेले, रविकांता, महेश बोरकर, बुधराम विसेन, हेमलता, झंकार कटरे, रीना, भीमप्रकश बोरकर, नूतन, बुधराम बिसेन, आलोक पाटिल, अरविन्द डहरवाल, शिवा सहारे, दिनेश नागदेव, चन्दन बीजेवार, पूजा नगपुरे, योगेश सल्किया, शैलेश भलावे समेत 2000 समर्थकों ने कांग्रेस की सदस्यता ली।

# पूर्व विधायक ने खोली राजनैतिक चाय की दुकान

**विरोध का तरीका जरा हट कर**

*__सतना, देशबन्धु।__ पूर्व विधायक एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह धीरू ने देश में बढ़ती बेरोजगारी के विरोध में बुधवार को चाय की दुकान खोली है। जिसका नाम राजनैतिक चाय की दुकान रखा गया है।*

*उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि लोगों के सामने बेरोजगारी का संकट सरकारों की गलत नीतियों के कारण है। देश और प्रदेश की सरकार ने सिर्फ बड़े उद्योगपतियों के लिए नीतियां बनाई है। जिस कारण देश का पूरा व्यापार बड़े उद्योगपतियों के हाथ में चला गया और देश का आम नागरिक बेरोजगार होकर कर्जे में डूबता चला जा रहा है। देश में अपराध बढने का सबसे बड़ा कारण बेरोजगार को रोजगार न मिलना है। उन्होंने कहा कि- चाय की दुकान खोलने का मकसद है बेरोजगारी से लडना, लोगों को रोजगार का रास्ता दिखाना और ईमानदारी से रहने का तरीका सिखाना है। उन्होंने कहा कि अगर चाय की दुकान से मुनाफा हुआ तो इसकी आमदनी का कुछ हिस्सा जनहित के कार्यों के साथ लोगों को रोजगार दिलाने में खर्च करेंगे।*




*कहा, सरकारों की गलत नीतियों के कारण बेरोजगारी का संकट*

# लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण बढ़ाने के लिए हुए संविधान संशोधन का परीक्षण करेगा सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एससी/एसटी समुदाय को मिलने वाले आरक्षण की समय सीमा बढ़ाने के लिए 104वें संविधान संशोधन का सुप्रीम कोर्ट परीक्षण करेगा। इसके लिए पांच जजों की संविधान पीठ गठित कर दी गई है, जो 21 नवंबर से इस पर सुनवाई शुरू करेगी।

सुप्रीम कोर्ट चार साल पहले यानी 2019 में किए गए 104वें संविधान संशोधन का परीक्षण करेगा। इसके जरिए लोकसभा और विधानमंडलों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण लाभ की समयसीमा को अगले 10 साल के लिए बढ़ा दिया गया था और एंग्लो इंडियन आबादी को दिया गया आरक्षण खत्म कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि वो ये भी देखेगा कि क्या अनुच्छेद 334 के तहत आरक्षण की निर्धारित अवधि को बढ़ाने का संशोधन संवैधानिक वैध है?

इस मामले की सुनवाई करने वाली पीठ की अगुवाई सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़

>>शेष पृष्ठ 2 पर

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
मोतियाबिंद ऑपरेशन नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com



## स्वास्थ्य

### विश्व स्वास्थ्य संगठन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में रिपोर्ट की जारी

# हाई बीपी पर नियंत्रण पाकर भारत रोक सकता है 46 लाख मौत

**भारत में 30-79 वर्ष की आयु के 188.3 मिलियन लोग हैं पीड़ित**

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत हाई बीपी की बीमारी पर नियंत्रण पाकर 2040 तक 4.6 मिलियन मौतों को रोक सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के दौरान हाई बीपी के विनाशकारी वैश्विक प्रभाव पर अपनी पहली रिपोर्ट जारी की।

रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में 30-79 वर्ष की आयु के अनुमानित 188.3 मिलियन वयस्क हाई बीपी से पीड़ित हैं। 50 प्रतिशत नियंत्रण दर हासिल करने के लिए, हाई बीपी से पीड़ित 67 मिलियन से अधिक लोगों का प्रभावी ढंग से इलाज करने की आवश्यकता होगी। कुल 37 प्रतिशत भारतीयों में हाई बीपी की समस्या पाई गई है। पुरुषों में 32 प्रतिशत और महिलाओं में 42 प्रतिशत इस रोग से पीड़ित हैं। कुल पीड़ितों में से 30 प्रतिशत लोगों को ही इलाज मिल पाता है। महिलाओं में 35 प्रतिशत और पुरुषों में 25 प्रतिशत को इलाज का लाभ मिला है।




**केवल 15 फीसदी का हाई बीपी नियंत्रण में**

रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में केवल 15 प्रतिशत लोगों का हाई बीपी नियंत्रण में है (महिलाओं में 19 प्रतिशत और पुरुषों में 11 प्रतिशत)।

अनियंत्रित हाई बीपी को दिल का दौरा, स्ट्रोक और समय से पहले मौत का कारण माना जाता है। रिपोर्ट से पता चला है कि देश में हृदय रोगों से होने वाली 52 प्रतिशत मौतों का कारण हाई बीपी हो सकता है।

**विश्व स्तर पर तीन में से एक प्रभावित**

विश्व स्तर पर हाई बीपी दुनिया भर में तीन वयस्कों में से एक को प्रभावित करता है। हाई बीपी से पीड़ित हर पांच में से चार लोगों का पर्याप्त इलाज नहीं किया जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर देश कवरेज बढ़ा सकते हैं, तो 2023 और 2050 के बीच 76 मिलियन मौतों को रोका जा सकता है।

डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनोम घेब्रेयसस ने कहा, 'हाई बीपी को सरल, कम लागत वाली दवा के साथ प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है, लेकिन हाई बीपी वाले पांच में से केवल एक व्यक्ति ने ही इसे नियंत्रित किया है।' उम्र बढ़ने और जेनेटिक्स कारणों से भी हाई बीपी का खतरा बढ़ सकता है। ज्यादा नमक वाला खाना, शारीरिक रूप से सक्रिय न होना और बहुत अधिक शराब पीने जैसे परिवर्तनीय जोखिम भी हाई बीपी के खतरे को बढ़ा सकते हैं।

# देश-विदेश

## असम-नागालैंड सीमा पर सड़क दुर्घटना में 10 की मौत

**गुवाहाटी।** असम-नागालैंड सीमा क्षेत्र के मारियानी इलाके में बुधवार को एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। असम के जोरहाट जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि एक वाहन कोहिमा से मरियानी आ रहा था जब विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों वाहन गहरी खाई में गिर गए। ट्रक के ड्राइवर और उसके सहायक की हालत गंभीर है।

### कनाडा में रह रहे भारतीयों के लिए परामर्श जारी

## भारत सरकार ने सतर्क रहने की दी सलाह

### ट्रूडो का नया बयान- तनाव नहीं बढ़ाना चाहते

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** सरकार ने कनाडा में बढ़ती भारत विरोधी गतिविधियों, राजनीति प्रेरित घृणा अपराधों और आपराधिक हिंसा को देखते हुए वहां रह रहे सभी भारतीय नागरिकों और वहां यात्रा पर जाने के इच्छुक लोगों से अत्यधिक सावधानी बरतने और भारतीय मिशनों के सतत संपर्क में रहने का आग्रह किया है।

**भारतीय मिशनों के लगातार संपर्क में रहने का किया आग्रह**

विदेश मंत्रालय ने आज यहां एक यात्रा परामर्श जारी करके यह आग्रह किया है। कनाडा में हाल ही में विशेष रूप से उन भारतीय राजनयिकों और भारतीय समुदाय के उन वर्गों को धमकाने का काम किया गया है जो भारत विरोधी एजेंडे का विरोध करते हैं। परामर्श में कहा गया है, इसलिए भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे कनाडा के उन क्षेत्रों और संभावित स्थानों की यात्रा करने से बचें जहां ऐसी घटनाएं हुई हैं।

**विशेष रूप से छात्र अत्यधिक सावधानी बरते**–परामर्श में कहा गया कि भारतीय उच्चायोग/वाणिज्य दूतावास कनाडा में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए कनाडाई अधिकारियों के साथ संपर्क में रहेगा। कनाडा में बिगड़ते सुरक्षा माहौल को देखते हुए, विशेष रूप से भारतीय छात्रों को अत्यधिक सावधानी बरतने और सतर्क रहने की सलाह दी जाती है।

परामर्श में यह भी सलाह दी गई कि कनाडा में भारतीय नागरिकों और भारत के छात्रों को ओटावा में भारतीय उच्चायोग या टोरंटो और वैंकूवर में भारत के महावाणिज्य दूतावासों के साथ अपनी संबंधित वेबसाइटों या मदद पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कराना होगा।

पंजीकरण से उच्चायोग और महावाणिज्य दूतावास किसी भी आपातकालीन या अप्रिय घटना की स्थिति में कनाडा में भारतीय नागरिकों के साथ बेहतर तरीके से जुड़ने में सक्षम होंगे।

टोरंटो स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक कैनेडियन प्रधानमंत्री का रुख कुछ नर्म दिखा। उन्होंने कहा कि हम इस तनाव को बढ़ाना नहीं चाहते। हमने कुछ फैक्ट्स सामने रखे हैं। हम चाहते हैं कि इस मुद्दे पर भारत सरकार के साथ काम करें ताकि हर चीज क्लीयर हो सके।

## महाराष्ट्र में पिछले 72 घंटे में 7 किसानों ने की आत्महत्या

- भारी कर्ज के बोझ और फसल की बर्बादी से थे परेशान
- इस साल आत्महत्या करने वाले किसानों की संख्या 1586 हुई

**यवतमाल, (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में पिछले 72 घंटे में सात किसानों ने आत्महत्या कर ली है। इस घटना से पूरा महाराष्ट्र हिल गया है।

विदर्भ जन आंदोलन समिति के अध्यक्ष और शिवसेना (यूबीटी) नेता किशोर तिवारी ने कहा, पिछले तीन दिनों से भी कम समय में यवतमाल से 6 और वर्धा से 1 किसान के आत्महत्या की खबर आई है। तिवारी ने कहा, आत्महत्या करने वालों में यवतमाल में हिवारी के प्रवीण काले, खिडकी के ट्रैबैंक केरम, शिवनी के मारोती चव्हाण, अर्जुन के गजानंद शिंदे, बनेगांव के तेवीचंद राठोस, जामवाडी के नितिन पाणे और वर्धा के रन्तापुर के दिनेश मडावी किसान शामिल हैं। तिवारी ने कहा कि इनमें से 6 आत्महत्याएं पिछले 48 घंटों में और एक आत्महत्या एक दिन पहले रविवार को हुई थी।

**'सरकार से नहीं मिल रही मदद'**- उनमें से अधिकांश समाज के वंचित वर्गों से हैं और उन्होंने भारी कर्ज के बोझ, फसल की बर्बादी और राज्य सरकार से बहुत कम या कोई मदद नहीं मिलने के कारण यह कदम उठाया। वीजेएएस नेता ने कहा कि लेटेस्ट मौतों के साथ जनवरी 2023 से राज्य में आत्महत्या करने वाले किसानों की संख्या बढ़कर 1586 हो गई है। उन्होंने आगे कहा कि विदर्भ जैसे छोटे से क्षेत्र से हर रोज एक-दो किसानों की आत्महत्या की खबरें मिल रही हैं।

## मांगें पूरी न होने पर टिकैत ने दी आंदोलन की चेतावनी

**लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) नेता राकेश टिकैत ने कहा है कि अगर सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली और गन्ने के लिए उच्च एसएपी सहित उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो किसान सरकार के खिलाफ अपना आंदोलन तेज करने के लिए मजबूर होंगे। राकेश टिकैत ने संवाददाताओं से कहा कि लखनऊ में किसानों का हालिया आंदोलन अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किसी राजनीतिक एजेंडे से प्रेरित नहीं था। राकेश टिकैत ने कहा कि जहां सरकार किसानों के कल्याण के प्रति उदासीन हो रही है, वहीं, विपक्ष चुनाव में वोट हासिल करने के लिए उनमें नाराजगी पैदा करने की कोशिश कर रहा है। किसान अपनी उपज का पर्याप्त मुआवजा न मिलने से सरकार से बेहद नाखुश हैं।

## 16-24 जनवरी के बीच गर्भगृह में विराजेंगे रामलला

### चार हजार संत समारोह में होंगे शामिल



लखनऊ। श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम को व्यापक बनाने के लिये विश्व हिंदू परिषद ने अपनी संगठनात्मक शक्ति लगानी शुरू कर दी है। देश भर के संतों का प्रतिनिधित्व समारोह में शामिल होगा। आमंत्रण देने की प्रक्रिया प्रारंभ हो इसको लेकर विहिप की अखिल भारतीय धर्माचार्य संपर्क प्रमुखों की तीर्थ क्षेत्र भवन रामकोट में बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि 16 जनवरी से 24 जनवरी के मध्य गर्भगृह में श्रीरामलला विराजमान हो जाएंगे। प्राणप्रतिष्ठा समारोह में देश भर के करीब चार हजार संतों को आमंत्रित करने की योजना है।

विहिप उपाध्यक्ष और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने देश के विभिन्न प्रांतो से आए धर्माचार्य संपर्क प्रमुखों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के इस महाअभियान में संतों का अतुलनीय योगदान रहा जिसे विस्मृत नही किया जा सकता है। उन्होंने संपर्क प्रमुखों को बताया कि श्रीराम जन्मभूमि का निर्माण कार्य अपनी गति से चल रहा है, जो समय से पूर्ण हो जाएगा।

### अयोध्या में होगा भव्य समारोह

**भोजन आवास की व्यवस्था जा रही** - प्राणप्रतिष्ठा में अयोध्या धाम आने वाले चार हजार संतों के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा भोजन आवास की व्यवस्था जा रही है। बैठक में केंद्रीय संयुक्त मंत्री रासविहारी सहित उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़, राजस्थान, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल,गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु, आसाम, दिल्ली, पंजाब आदि के प्रमुख उपस्थित रहे।

## निज्जर हत्याकांड मामले में एसएफजे प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू की एंट्री

### बोला- हिंदू कनाडा छोड़ो, भारत वापस जाओ

**नई दिल्ली।** कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का मामला बढ़ता ही जा रहा है। निज्जर की हत्या पर कनाडा और भारत के रिश्तों में आई खटास के बाद इसमें अब एसएफजे प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू की भी एंट्री हो गई है। खालिस्तान समर्थक संगठन सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने कनाडा में रहने वाले हिंदुओं को धमकी दी है और उनसे जल्द से जल्द देश छोड़ने को कहा है। पन्नू का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह कनाडाई भारतीय लोगों को जल्द से जल्द कनाडा छोड़कर भारत जाने के लिए कह रहा है।

## कनाडा ने अपने नागरिकों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की

नई दिल्ली। भारत और कनाडा के बीच रिश्तों में कड़वाहट के बाद अब कनाडा की सरकार ने अपने नागरिकों के लिए एक ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। इस एडवायजरी में कनाडा ने भारत की यात्रा करनेवाले या फिर भारत में रह रहे अपने नागरिकों से जम्मू-कश्मीर और नॉर्थ ईस्ट नहीं जाने को कहा है। कनाडा ने अपने नागरिकों को सलाह दी है कि अप्रत्याशित सुरक्षा हालात के कारण केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर की यात्रा करने से बचें।

## उप्र में मिड-डे मील से 26 बच्चे बीमार पड़े

**गाजियाबाद, (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद के प्रेम नगर कॉलोनी के एक प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को मिड-डे मील के दौरान दूध पीने से 26 बच्चे बीमार पड़ गए। अधिकारियों के अनुसार, दूध से बच्चों को मतली और उल्टी होने लगी। इसके बाद बच्चों को लोनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इसके साथ ही बीमार बच्चों के परिजनों ने स्कूल में हंगामा किया और अधिकारियों से भिड़ गए। घटना की प्रतिक्रिया में सरकारी अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। वहां पुलिस के जवान भी थे। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

## 1984 सिख दंगा मामला : कांग्रेस नेता सज्जन कुमार बरी

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** 1984 सिख दंगों से जुड़े दिल्ली के सुल्तानपुरी में 3 लोगों की हत्या मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने बरी कर दिया है। सुल्तानपुरी इलाके में 1984 के सिख दंगों के दौरान 3 लोगों की हत्या हुई थी। सुल्तानपुरी दंगे में सीबीआई की एक अहम गवाह चाम कौर ने आरोप लगाया था कि सज्जन कुमार भीड़ को भड़का रहे थे। जुलाई 2010 में कड़कड़डूमा कोर्ट ने सज्जन कुमार , ब्रह्मानंद, पेरु, कुशल सिंह और वेद प्रकाश के खिलाफ 3 लोगों की हत्या के मामले में आरोप तय किया था। अब करीब 13 साल बाद कोर्ट ने सज्जन कुमार सहित अन्य आरोपियों को इस मामले में बरी कर दिया है।

**एक अन्य मामले में आरोप तय किए**–सिख दंगों से जुड़े जनकपुरी और विकासपुरी में सिखों की हत्या के मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सज्जन कुमार के खिलाफ आरोप तय किए थे। हालांकि अदालत ने सज्जन कुमार के खिलाफ लगाई गई हत्या की धारा 302 हटा दी थी।

**आजीवन कारावास की सजा काट रहे**–दिल्ली हाईकोर्ट ने 17 दिसंबर 2018 को सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। दरअसल, 1984 के सिख विरोधी दंगों के बाद दिल्ली में पांच सिखों की हत्या और गुरुद्वारा जला दिया गया था। इसी केस में सज्जन कुमार को दोषी पाया गया और उन्हें सजा सुनाई गई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### लोकसभा और विधानसभा....

करेंगे। पीठ के अन्य न्यायाधीशों में जस्टिस एएस बोपन्ना, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा होंगे। संविधान पीठ 21 नवंबर से इस मामले में सुनवाई शुरू करेगी।

**एंग्लो-इंडियन को नामित करता था राष्ट्रपति**- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 331 के अनुसार, एंग्लो-इंडियन समुदाय के सदस्यों को लोकसभा के चुनाव के लिए राष्ट्रपति द्वारा नामित किया जा सकता है। अगर पूरी लोकसभा में उनका कोई भी प्रतिनिधित्व ना हो।

**आरक्षण की समय सीमा बढ़ाकर 80 साल की गई**

भारतीय संविधान के 104वें संशोधन ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के नागरिकों के लिए सीटें उपलब्ध होने की समय अवधि को 70 से बढ़ाकर 80 वर्ष कर दिया। एंग्लो-इंडियन के पास अब लोकसभा या राज्य विधानसभाओं में कोई आरक्षित सीट नहीं है।


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### नाम सुधार

मैं लल्लीबाई पति स्व बुद्धसिंह उम्र 75 वर्ष, पता - ग्राम-पहरुवा, तहसील - ढीमरखेडा, जिला कटनी(मप्र) की निवासी हूँ। राजस्व अभिलेखों में मेरा नाम लल्लीबाई लिखा हुआ है, जबकि त्रुटिवश आधार कार्ड में ललती बाई प्रधान लिखा गया है। जैसे मेरा नाम राजस्व अभिलेखों में लल्लीबाई पति स्व. बुदुसिंह लिखा हुआ है इसी आधार पर मेरा नाम लल्ली बाई पति स्व. बुद्धसिंह आधार कार्ड में ललतीबाई प्रधान के स्थान पर सुधार किया जाये एवं मुझे लल्ली बाई पति स्व. बुद्धसिंह पढ़ा सुना, लिखा, माना जावे।

स्थान-उमरियापान, (कटनी)
दिनांक-20/09/2023

### न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर

रा.प्र.क्र. 0861/ अ-6/2023-24

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मनीषा गुप्ता पति श्री अनीश गुप्ता निवासी-बी - 1609 कचनार साम्भार नेपियर टाउन जबलपुर नं.बं. 733 के द्वारा मौजा हाथीताल प.ह.नं. 4 खसरा नं. 147/9 डाय.. शीट नं..... डाय. प्लाट नं. ... रकवा 0.06160 हेक्टे. को रजि. विक्रय दिनांक ....... के माध्यम से विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने फौती की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 19/09/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 04/09/2023 को जारी।

जारी दिनांक 04/09/2023
पेशी दिनांक 19/09/2023

र.नं. 1230 **नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र./749/अ-6/2022-23
जबलपुर, दिनांक-11/09/2023

**आम इश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती दमयंती हेड़ाऊ पति स्व. श्री हरिराम हेड़ाऊ व अन्य निवासी न्यू राम नगर अमखेरा ग्राम अमखेरा नं.बं. 04 प.ह.नं. 80 राजस्व निरीक्षक मण्डल जबलपुर में स्थित खसरा नं. 270/59 रकवा 1155 व.फु./हे. भूमि फौती के माध्यम से क्रय की गई भूमि का नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। वर्तमान में भूमि श्री हरिराम बाजीराव पिता बाजीराव हेड़ाऊ के नाम दर्ज है। तत्संबंध में नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 25/9/23 तक कार्यालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-11/09/2023
पेशी दिनांक-25/09/2023

**अतिरिक्त तहसीलदार, अधारताल, जबलपुर**

र.नं. 1220

### न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर

रा.प्र.क्र. 0471/ अ-6/2023-24

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती शमिर्ली चक्रवोर्ती स्व. श्री प्रवीर चक्रवोर्ती 2. प्रतीक्षा चक्रवोर्ती पिता स्व. प्रवीर निवासी-48 सहकार नगर रामपुर विद्युत नगर के द्वारा मौजा .... प.ह.नं. .... खसरा नं. 20, 21 डाय.. शीट नं..... डाय. प्लाट नं. 48 रकवा 2100 वर्गफुट/हेक्टे. को रजि. विक्रय दिनांक ....... के माध्यम से विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत पंजीकृत विक्रय पत्र वयीतनामा/ बटवारा नामा/ हस्तांतरण पत्र/ हकत्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 04/10/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 18/09/2023 को जारी।

जारी दिनांक 18/09/2023
पेशी दिनांक 04/10/2023

र.नं. 1219 **नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर**

### पश्चिम मध्य रेल्वे

**खुली निविदा (दो पैकेट प्रणाली)**

ई-निविदा क्रमांक डिप्टी सी.ई.-सी-सीधी-01-R1-2023 दिनांक: 15.09.2023

उप मुख्य अभियंता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेल, सीधी, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु **ई-निविदा क्रमांक डिप्टी सी.ई.-सी-सीधी-01-R1-2023 दिनांक: 15.09.2023**, के द्वारा आमंत्रित करते हैं। निविदाएं बंद होने की तारीख **19.10.2023 एवं समय 15:00 बजे तक है**। निविदाकर्ता अपनी मूल/संशोधित निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निविदा में हस्त निविदाएं स्वीकार्य नहीं होगी तथा हस्त निविदाओं को उपेक्षित कर दिया जायगा। निविदाएं पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। **निविदा क्र:** डिप्टी सी.ई.-सी-सीधी-01-R1-2023 दिनांक: 15.09.2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सीधी-सिंगरौली नई बडी रेल लाइन परियोजना में सीधी-गजराही खंड में 08 बड़े पुलों का निर्माण कार्य, पुल के पहुँच भाग में मिट्टी का काम, पुलों के संरक्षण का कार्य और अन्य सहायक कार्य। **निविदा का अनुमानित मूल्य (रुपये):** 99,99,45,949.14, **निविदा फार्म की (कीमत रुपये):** 0.00, **बयाना राशि (रुपये में):** 51,49,700.00, **कार्य समापन अवधि (माह):** 24 माह मानसून सहित, **ई-निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समय:** दिनांक 19.10.2023 को 15:00 बजे बंद एवं 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई.आर.ई.पी.एस के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर आनलाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है, कि वे समय-समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु आई.आर.ई.पी.एस. की वेबसाइट https:// www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेन्डर फार्म के अनुसार इन निविदाओं के लिए लागू होगा।

उप मुख्य अभियंता (निर्माण), पश्चिम मध्य रेल्वे, सीधी

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

### कार्यालय जिला पंचायत नरसिंहपुर (म.प्र.)

दूरभाष क्र. 07792-230247, फैक्स क्र. 07792-230470, ईमेल-ceozpnar@mp.gov.in

क्रमांक / 4574/ WDC-PMKSY-2.0/2023, नरसिंहपुर, दिनांक 19/9/2023

**- निविदा सूचना -**

जिला पंचायत नरसिंहपुर अंतर्गत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना- वाटरशेड विकास 2.0 अंतर्गत जिला परियोजना अधिकारी (वाटरशेड) जिला पंचायत नरसिंहपुर द्वारा वाटरशेड विकास परियोजनाओं के निरीक्षण, पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण हेतु कार्यक्षेत्र (ग्रामों) में भ्रमण (Intensive Field Visit) हेतु एक वाहन (डीजल रहित) सेवा प्रदान करने हेतु बुलेरो/स्कार्पियो/न्यू बुलेरो जिसका पंजीयन तीन वर्ष से अधिक पुराना न हो, मासिक किराए पर लिए जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक वाहन मालिक दिनांक 5/10/23 अपरान्ह 5 बजे तक कार्यालयीन समय में बंद लिफाफे में निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त निविदा दिनांक 6/10/23 को अपरान्ह 3 बजे गठित समिति के द्वारा उपस्थित निविदाकर्ता के समक्ष खोली जावेगी। निविदा की शर्तें एवं निविदा फार्म कार्यालयीन नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती हैं।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरसिंहपुर**

### न्यायालय:- आशीष कुमार मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश कटुम्ब न्यायालय नरसिंहपुर (म.प्र.)

**- इश्तहार -**

संख्यांक-2 हिन्दू दत्तक ग्रहण एंव भरण पोषण अधिनियम 1956 एम. जे. सी. प्रकरण क्रमांक- 15/2023 पेशी दिनांक 25.9.2023 प्रोसेस कमांक- 478/23

**पक्षकार का नाम -**

1. ब्रजेश सिंह आत्मज श्री प्रहलाद सिंह घोषी निवासी ग्राम कधरापुर पोस्ट कोसमखेडा जिला नरसिंहपुर 2. अंबला पत्नि प्रहलाद सिंह घोषी निवासी इन्द्रा वार्ड कंदेली नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर म.प्र. 3. गुरजीत सिंह आत्मज श्री सतनाम सिंह गंभीर आयु 43 वर्ष निवासी मकान नम्बर 101 भगतसिंह वार्ड पचमढी रोड पिपरिया तहसील पिपरिया जिला नर्मदापुरम् (म.प्र.) 4. जसमीत कौर गंभीर पत्नी गुरजीत सिंह कौर आयु 38 वर्ष. निवासी मकान नम्बर 101 भगतसिंह वार्ड पचमढ़ी रोड पिपरिया तहसील पिपरिया जिला नर्मदापुरम् (म.प्र.) विरुद्ध

**1. आम जनता**

**नोटिस बनाम - आम जनता**

प्रेषिती- आवेदक ने आपके विरूद्ध धारा 10 हिन्दू दत्तक ग्रहण एवं भरण पोषण अधिनियम के लिए बाद स्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 25.09- 2023 को दिन 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए समन किया जाता है। आपको निर्देश दिया जाता है कि आप उपर बताई गई तारीख को उन सब दस्तावेजों को पेश करें जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि उपर बताई गई तारीख को आप न्यायालय मे उपसंजात नहीं होंगे तो प्रकरण की सुनवाई एवं उसका अवधारण आपकी अनुपस्थिति में विधि अनुसार किया जावेगा। यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक को अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी। मेरे आज दिनांक- 12.3.23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

दि. 12.9.2023 (आशीष कुमार मिश्रा)
प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय नरसिंहपुर

### कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)

शुक्ला ग्राउण्ड के पास वार्ड नं. 39 छिन्दवाड़ा 480001
दूरभाष एवं फैक्स नंबर- 07162-222346
ईमेल- commchhindwara@mpurban.gov.in, commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com
वेबसाईट- chhindwaranagarnigam.com

क्रमांक/371/लोनिवि/नपानि/2023-24 छिन्दवाड़ा, दिनांक- 19/09/2023

**अल्प-कालीन निविदा सूचना**

एतद द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_ 309412_1 Date-20/09/2023 | नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा में कायाकल्प अभियान 2.0 अंतर्गत सी.सी. एवं बी.टी. रोड सुदृढ़ीकरण कार्य। | 1. 4,43,72,445.00 2. 2 माह | 1. 2,11,900.00 2. 15,000.00 | 29/09/2023 |

**नोट**- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा**

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग छिन्दवाड़ा

e-mail:-eepwd1chhind@mp.nic.in.

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना क्रं. 12/व.ले.लि./2023-24/ छिंदवाड़ा, दिनांक 11.09.2023

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर वेबसाईट के माध्यम से डाउनलोड की जा सकेंगी।

| सं. क्रं. | टेंडर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. |
| 1. | 306692 | छिंदवाड़ा | भवन संधारण कार्य | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 01 छिंदवाड़ा अंतर्गत शासकीय भवनों में अनुरक्षण, विशेष मरम्मत एवं अन्य जमा निधि के कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 18.00 | 36,000/- | 2000/- | दिनांक 31.03.24 तक |
| 2. | 306693 | छिंदवाड़ा | भवन संधारण कार्य | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 02 छिंदवाड़ा अंतर्गत शासकीय भवनों में अनुरक्षण, विशेष मरम्मत एवं अन्य जमा निधि के कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 18.00 | 36,000/- | 2000/- | दिनांक 31.03.24 तक |
| 3. | 306694 | छिंदवाड़ा | भवन संधारण कार्य | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग सौसर अंतर्गत शासकीय भवनों में अनुरक्षण, विशेष मरम्मत एवं अन्य जमा निधि के कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 10.00 | 20,000/- | 2000/- | दिनांक 31.03.24 तक |
| 4. | 306695 | छिंदवाड़ा | भवन संधारण कार्य | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग अमरवाडा अंतर्गत शासकीय भवनों में अनुरक्षण, विशेष मरम्मत अन्य जमा निधि तथा रंगाई पुताई का कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 15.00 | 30,000/- | 2000/- | दिनांक 31.03.24 तक |
| 5. | 306696 | छिंदवाड़ा | भवन संधारण कार्य | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 01 छिंदवाड़ा अंतर्गत परासिया एवं जुन्नारदेव सेक्शन में शासकीय भवनों में अनुरक्षण, विशेष मरम्मत, अन्य जमा निधि तथा रंगाई पुताई का कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 8.00 | 16,000/- | 2000/- | दिनांक 31.03.24 तक |
| 6. | 306697 | छिंदवाड़ा | भवन संधारण कार्य | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 01 छिंदवाड़ा अंतर्गत शासकीय भवनों में रंगाई पुताई एवं पेटिंग का कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 18.00 | 36,000/- | 2000/- | दिनांक 31.03.24 तक |
| 7. | 306698 | छिंदवाड़ा | भवन संधारण कार्य | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 02 छिंदवाड़ा अंतर्गत शासकीय भवनों में रंगाई पुताई एवं पेटिंग का कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 18.00 | 36,000/- | 2000/- | दिनांक 31.03.24 तक |
| 8. | 306699 | छिंदवाड़ा | भवन संधारण कार्य | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग सौसर अंतर्गत शासकीय भवनों में रंगाई पुताई एवं पेटिंग का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 10.00 | 20,000/- | 2000/- | दिनांक 31.03.24 तक |
| 9. | 306701 | छिंदवाड़ा | भवन संधारण कार्य | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग तामिया अंतर्गत शासकीय भवनों में रंगाई पुताई एवं पेटिंग का कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 5.00 | 10,000/- | 2000/- | दिनांक 31.03.24 तक |
| | | | | कुल योग - | 120.00 लाख | | | |

टीप- निविदा का विस्तृत विवरण (टेण्डर डाक्यूमेंट) म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 26.09.2023 समय 5.30 बजे तक है। ऑनलाईन प्राप्त निविदा ऑफर को मान्य किया जायेगा। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेब साईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**(आशिफ मंडल),**
**कार्यपालन यंत्री**
**लो.नि.वि. (भ/स) संभाग छिंदवाड़ा म.प्र.**

G-19936/23

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

# देश-प्रदेश

उवाच

## स्मृति ईरानी ने कहा-सोनिया गांधी ने सदन में जो कहा उसका आभार वंदन करती हूं

**नई दिल्ली।** स्मृति ईरान ने सदन में चर्चा करते हुए कहा,यह बिल जब सदन में आया तो कुछ लोगों ने कहा कि ये हमारा बिल है। सोनिया गांधी का जिक्र करते हुए स्मृति ईरानी ने कहा कि आज एक सम्मानित नेता ने अपनी बात रखी। स्मृति ईरानी ने कहा कि उन्होंने आज जो सदन में कहा उसका मैं आभार वंदन करती हूं। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि संविधान का अनुच्छेद 73 और 74 को नरसिम्हा राव सरकार ने संसोधित करवाया। उन्होंने आगे कहा कि संविधान को छिन्न-भिन्न करना कांग्रेस की पुरानी आदत है।



इंदौर में जन आशीर्वाद यात्रा का हुआ जोरदार स्वागत

# भाजपा को हर वर्ग दे रहा आशीर्वाद : शिवराज



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि इंदौर में जनता का मिल रहा आशीर्वाद ऐतिहासिक है। समाज का हर वर्ग भारतीय जनता पार्टी को आशीर्वाद दे रहा है। इससे स्पष्ट है कि जनता भारतीय जनता पार्टी के साथ है।

इंदौर में जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान उमड़ी भारी भीड़ से अभिभूत मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और पार्टी नेता हाथ जोडते हुए जनता का अभिवादन कर रहे थे। वहीं जनता स्वागत मंचों से लगातार पुष्पवर्षा कर नेताओं का अभिनंदन कर रही थी। विभिन्न समाजों और वर्गों के लोग भी स्वागत मंच से यात्रा की अगवानी कर रहे थे। इंदौर शहर में रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की एक झलक देखने के लिए घरों की छतों से बड़ी संख्या में नागरिक हाथों में मोबाइल लिए फोटो खींचते दिखे। पूरे यात्रा मार्ग को झंडे पोस्टर पाट दिया गया था। हर जगह भाजपा और केसरिया झंडे ही दिखाई दे रहे थे। कई स्थानों पर नागरिकों ने फूलों की बारिश की, जिस कारण पूरी सड़क पर फूलों की चादर बिछ गई थी।

### हम सरकार नहीं परिवार चला रहे

रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने मीडिया से चर्चा करते हुए इंदौर शहर की जनता का आभार माना। आज जन आशीर्वाद यात्रा पर जनता ने प्यार और आशीर्वाद की वर्षा की है। हमने सड़कों पर चारो तरफ देखा कोई वर्ग ऐसा नहीं था जो न आया हो। बेटे, बेटियां, बुजुर्ग विशेषकर हमारी बहनें ऐसे उत्साह, आनंद और प्रसन्नता के साथ यात्रा में शामिल हुई है। उन्होंने कहा कि जन आशीर्वाद यात्रा को वास्तव में जनता का सही आशीर्वाद मिल रहा है। भाजपा की सरकार में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने जो काम किए है उसका परिणाम अब दिखायी दे रहा है। उन्होंने कहा कि हम सरकार नहीं, परिवार चला रहे है। यह पूरा परिवार है। मध्यप्रदेश और परिवार का प्यार जन आशीर्वाद यात्रा में बरस रहा है, इसके लिए मैं आभारी हूं।

## अवैध प्रवासियों की नागरिकता पर 17 अक्टूबर को सुनवाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट में अवैध प्रवासियों की नागरिकता पर 17 अक्टूबर और लोकसभा-विधानसभा में एससी-एसटी आरक्षण पर 21 नवंबर को सुनवाई होगी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में जस्टिस एएस बोपन्ना, एमएम सुंदरेश, जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पांच जजों की संविधान बेंच इन मामलों की सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट बुधवार 20 सितंबर को इन दोनों मामलों के अलावा क्रिमिनल केसों में सांसदों को सदन में वोट या भाषण देने की छूट देने से जुड़े कुल तीन मामलों पर सुनवाई करने वाली थी। 15 अगस्त 1985 को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने असम समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। जिसमें 1 जनवरी 1966 से 25 मार्च 1971 तक राज्य में आए अवैध प्रवासियों को वहां का नागरिक माना गया था। इन लोगों को धारा 18 के तहत खुद को देश के नागरिक के रूप में रजिस्टर्ड करना था। इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में 17 याचिकाएं दाखिल की गई थीं, जिसमें से साल 2009 में असम पब्लिक वर्क्स की ओर से दायर याचिका भी शामिल है।

## चन्द्रयान-3 : दक्षिणी ध्रुव पर सूर्योदय को लेकर इसरो ने दी बड़ी जानकारी

**श्रीहरिकोटा।** चंद्रयान-3 को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। इसरो ने बताया है कि चंद्रमा के शिव शक्ति प्वाइंट पर आज सूर्योदय हो सकता है। आज यहां धूप निकलने की उम्मीद है। यहीं पिछले महीने भारत के विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर उतरे थे। इसरो ने कहा कि 22 सितंबर को विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर को जगाने की कोशिश की जाएगी। फिलहाल यह स्लीप मोड में हैं, 4 सितंबर को इसरो ने चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर को सुला दिया था। आम तौर पर चंद्रमा पर पृथ्वी के 14 दिन (दिनरात मिलाकर) की रात होती है। इस दौरान लैंडर और रोवर दोनों स्लीप मोड में रहे। अगर इसरो विक्रम और प्रज्ञान को उनकी नींद से जगाने में कामयाब हो जाता है तो यह एक उल्लेखनीय इंजीनियरिंग उपलब्धि होगी।

## चुनावी तैयारी : भोपाल में पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों ने दिया प्रशिक्षण



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों के अंतर्गत आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी भोपाल में आज मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने पुलिस अधिकारियों (राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स) के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब तक पुलिस विभाग के 65 हजार से अधिक अधिकारियों को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन कराने के लिए प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रत्येक निर्वाचन नई परिस्थितियों एवं नई चुनौतियों के साथ एक नया निर्वाचन होता है। प्रशिक्षण से निर्वाचन कार्य बेहतर तरीके से संपन्न कराने में मदद मिलती है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण श्रीमती अनुराधा शंकर ने भी प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पश्चिम बंगाल आरिज ऑफताब और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी तमिलनाडु थिरू सत्यव्रत साहू ने पुलिस अधिकारियों (राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स) को कानून व्यवस्था, निर्वाचन व्यय निगरानी, वल्नरेबिलिटी मैपिंग सहित निर्वाचन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं निर्वाचन व्यय निगरानी के राज्य नोडल अधिकारी योगेश देशमुख, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह, पुलिस महानिरीक्षक एवं नोडल अधिकारी सीआरपीएफ पवन शर्मा सहित पुलिस विभाग के सहायक पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।

## पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने के लिये समिति गठित

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य शासन ने मध्यप्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने के संबंध में पाँच सदस्यीय समिति का गठन किया है। अपर मुख्य सचिव गृह विभाग की अध्यक्षता में गठित समिति में सदस्य के रूप में प्रमुख सचिव विधि-विधायी कार्य, नामांकित प्रतिनिधि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल और शासन द्वारा नामांकित वरिष्ठ पत्रकार को शामिल किया गया है। जनसंपर्क विभाग के सचिव समिति के सदस्य सचिव होंगे।

# मृतक के बुजुर्ग साथी की चप्पल से पिटाई



### भाजपा नेता को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**अनूपपुर।** जिले में भाजपा नेता की गुंडागर्दी का वीडियो सामने आया है। इसमें वह एक बुजुर्ग को बेरहमी के साथ चप्पल से पीट रहा है। नेता के साथ मौजूद अन्य लोग भी बुजुर्ग से बदसलूकी करते दिखाई दे रहे हैं।

घटनाक्रम जिले के बैरीबांध और जमुडी के बीच सोमवार शाम का है। यहां अनूपपुर-अमरकंटक रोड पर एक पिकअप वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी। बाइक सवार आदिवासी बुजुर्ग की मौत हो गई जबकि उसका साथी घायल हो गया था। सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों के साथ भाजपा नेता जय गणेश दीक्षित मौके पर पहुंचा। उसने बुजुर्ग से पूछताछ की। जब वह जवाब नहीं दे पाया तो दीक्षित ने उसे चप्पल से पीटा।

मंगलवार को इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घटना को लेकर कांग्रेस ने मध्य प्रदेश सरकार को घेरा है। वहीं, भाजपा ने जय गणेश दीक्षित को नोटिस देकर जवाब मांगा है।

अनूपपुर में पिचरवाही गांव निवासी बरनू गोंड (57) अपने परिचित भोमा सिंह (60) के साथ मोटरसाइकिल से राजेंद्रग्राम से अनूपपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में भोमा सिंह के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए।

इसी बीच भारतीय जनता युवा मोर्चा का ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जय गणेश दीक्षित भी वहां पहुंचा। उसने बरनू से मृतक के बारे में पूछताछ की। बरनू सदमे में होने के कारण बोल नहीं पा रहा था। भाजपा नेता सवालों के जवाब न मिलने पर बौखला गया और बरनू के साथ मारपीट कर दी। अपने साथी की मौत से बदहवास बरनू पिटाई से और सहम गया।

आदिवासियों पर अत्याचार को लेकर कांग्रेस ने जारी किया वीडियो, सुरजेवाला बोले-

# प्रदेश में आदिवासी होना जुर्म बन गया



### मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस महासचिव और पार्टी के प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने प्रदेश में आदिवासियों पर अत्याचार को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है, उन्होंने मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की है।

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से चर्चा करते हुए सुरजेवाला ने अनूपपुर, सीधी सहित कई जिलों में आदिवासियों के खिलाफ हुई घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में आज आदिवासी होना जुर्म बन गया है। उनके साथ दूसरे और तीसरे दर्ज का व्यवहार ही नहीं किया जाता अपितु शिवराज सरकार आदिवासी को मनुष्य मानने से भी इंकार करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता कभी आदिवासी समाज के लोगों को अपमानित करने के लिए सरेआम उनके ऊपर पेशाब करते हैं और वीडियो वायरल करते हैं। कभी आदिवासी नेता को चप्पल से पीटते हैं। वह भी तब जब दूसरा आदिवासी भाई मर गया हो और उसकी लाश रोड पर पड़ी हो। सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा नेताओं की करतूतों ने देश को शर्मसार किया है। इस दौरान पिछले कुछ सालों में आदिवासी अत्याचार को लेकर हुई घटनाओं पर एक शॉर्ट वीडियो भी कांग्रेस की ओर से सुरजेवाला ने जारी किया। उन्होंने कैग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि कोरोना काल में आदिवासियों को जो अनाज पहुंचाया गया, वह जानवरों के खाने लायक भी नहीं था। सुरजेवाला ने आदिवासियों पर जुल्म के बारे में बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार आदिवासियों के 3 लाख 22 हजार वन पट्टों को खारिज कर दर-बदर की ठोकरें खाने के लिए छोड़ देती हैं।

## महिला आरक्षण बिल पर उमा भारती ने मोदी को लिखा पत्र

**भोपाल।** महिला आरक्षण विधेयक पर अपनी राय रखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। उन्?होंने मांग रखी है कि 33 प्रतिशत आरक्षित सीटों में से 50 प्रतिशत एसटी, एससी और ओबीसी महिलाओं के लिए अलग रखी जाएं।

पीएम मोदी को लिखे अपने पत्र में भारती ने मांग की है कि 50 फीसदी सीटें एसटी, एससी और ओबीसी समुदायों के लिए अलग रखी जाएं। भारती ने विधेयक पारित करने के केंद्र के फैसले की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम देश की महिलाओं के लिए खुशी की बात है।

भारती ने याद दिलाया कि जब 1996 में तत्कालीन प्रधानमंत्री देवेगौड़ा ने महिला आरक्षण विधेयक सदन में पेश किया था, तब उन्होंने इस विधेयक में एक संशोधन पेश किया था। उन्?होंने कहा, मैं संसद सदस्य थी। मैं तुरंत खड़ी हुई और इस विधेयक पर एक संशोधन पेश किया और इस पर आधे से अधिक सदन ने मेरा समर्थन किया।

देवेगौड़ा ने संशोधन को स्वीकार कर लिया। उन्होंने विधेयक को स्थायी समिति को सौंपने की घोषणा की। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि स्थगित होने से पहले सदन में काफी हंगामा हुआ था। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि, जब वह सदन के गलियारे में आईं तो उनकी पार्टी के कई सांसद नाराज थे, लेकिन दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने उनकी बात ध्यान से सुनी।

## रामबन में बिजली गिरने से 40 भेड़-बकरियों की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में बिजली गिरने से कम से कम 40 भेड़ और बकरियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार देर शाम रामबन जिले के बनिहाल के हिंजल घास के मैदान में बिजली गिरी। सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस और भेड़ पालन विभाग के अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने कहा, अभी तक बिजली गिरने से 40 भेड़-बकरियों के मरने की पुष्टि हुई है।

## बांधवगढ़ नेशनल पार्क में एक और बाघ की मौत, छह महीने में 11 की मौत

**उमरिया।** जिले के विश्वप्रसिद्ध बांधवगढ टाइगर रिसर्व में बुधवार को फिर एक बाघ का शव क्षतविक्षत अवस्था मे मिला है। बाघ का शव पार्क के गश्ती दल को ताला कोर परिक्षेत्र अंतर्गत आरएफ 339 धन्यवाद तिराहा पर मिला।



तत्काल प्रबंधन के उच्च अधिकारियों को घटना की जानकारी दी गई और घटना स्थल को सील करते हुए स्निफर डॉग और मेटल डिटेक्टर से मौके का परीक्षण कराया गया है। आरओ पतौर रंजन सिंह परिहार ने बताया है कि बाघ के शरीर मे गंभीर घाव के निशान हैं गर्दन टूटी हुई है। प्रथम दृष्टया किसी अन्य बाघ से लड़ाई में इसकी मौत होना प्रतीत होता है। मृत बाघ नर है और उम्र तकरीबन सात से आठ वर्ष के आसपास है।

एमपी को टाइगर स्टेट का दर्जा दिलाने वाले बांधवगढ टाइगर रिसर्व में मार्च 2023 के बाद अब तक 11 बाघों की मौत अलग-अलग कारणों से हो चुकी है, जो गंभीर चिंता का विषय है। पार्क के उच्च अधिकारी बांधवगढ में बढ़ी बाघों की संख्या को इसकी मुख्य वजह बताते हैं। जबकि वन्य जीव विशेषज्ञ इस मामले में उच्च स्तरीय सूक्ष्म जांच की मांग कर रहे हैं। क्षेत्र संचालक, उप वन मण्डलाधिकारी और एमपीटीएसएफ के अधिकारियो द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया, एनटीसीए द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार कार्यवाही की जा रही है।


## निविदा/ नियुक्ति/ जाहिरात

### नाम परिवर्तन सूचना

**मैं सुशीला देवी (Sushila Devi) सर्वसाधारण को सूचित करती हूं मेरे सभी शासकीय/ अर्धशासकीय दस्तावेजों मे मेरा नाम सुशीला देवी (Sushila Devi) है जो की सही है परंतु मेरे आधार कार्ड में लिपिक त्रुटि वश सुसीला देवी (Suseela devi) दर्ज हो गया जो की गलत है। इस विज्ञप्ति के बाद मुझे सुशीला देवी (Sushila Devi) के नाम से ही जाना पहचाना और पुकारा जाए।**

पुराना नाम-सुसीला देवी (Suseela devi) w/o Babulal ram

नया नाम -सुशीला देवी (Sushila Devi) w/o Babulal ram

Address -म.नं. 4485 कांचघर, दुर्गा मंदिर गली के पास, लालमाटी, जबलपुर म.प्र.

### नाम सुधार सूचना

मैं स्नेहल चौहान पिता श्री हेमंत चौहान निवासी कटंगी तहसील कटंगी जिला बालाघाट म.प्र. शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम स्नेहल चौहान दर्ज है जो कि सही है। यह कि त्रुटिवश मेरे कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम स्नेहल हेमंत चौहान दर्ज हो गया है। यह कि स्नेहल चौहान व स्नेहल हेमंत चौहान एक ही व्यक्ति अर्थात मुझ शपथकर्ती के है यह कि अब से मुझे मेरे सही नाम स्नेहल चौहान के नाम से जाना व पहचाना जावें एवं समस्त दस्तावेजों में मेरा सही नाम स्नेहल चौहान दर्ज किया जावे। कटंगी 20/09/2023

### नाम सुधार सूचना

मैं हर्षल चौहान पिता श्री हेमंत चौहान निवासी कटंगी तहसील कटंगी जिला बालाघाट म.प्र. शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम हर्षल चौहान दर्ज है जो कि सही है। यह कि त्रुटिवश मेरे कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम हर्षल हेमंत चौहान दर्ज हो गया है। यह कि हर्षल चौहान व हर्षल हेमंत चौहान एक ही व्यक्ति अर्थात मुझ शपथकर्ती के है यह कि अब से मुझे मेरे सही नाम हर्षल चौहान के नाम से जाना व पहचाना जावें एवं समस्त दस्तावेजों में मेरा सही नाम हर्षल चौहान दर्ज किया जावे। कटंगी 20/09/2023

### न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर

रा.प्र.क्र. 0924/ अ-6/2023-24

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शिव कुमारी पटेल पति स्व. गोपाल पटेल निवासी- 1107 जय प्रकाश वार्ड जबलपुर के द्वारा मौजा गोरखपुर प.ह.नं. 24 खसरा नं. 534/15 डाय.. शीट नं..... डाय. प्लाट नं. ... रकवा 800 वर्गफुट/हेक्टे. को रजि. विक्रय दिनांक ....... के माध्यम से विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/ बटवारा नामा/ हस्तांतरण पत्र/ फौती/हकत्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 05/10/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 20/09/2023 को जारी।

जारी दिनांक 20/09/2023

पेशी दिनांक 05/10/2023

र.नं. 1229

**नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर**

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार ने नौशीन बक्श पति जावेद बक्श निवासी मकान नं. 27, अंचल विहार, बनारसीदास भानोट वार्ड, कंटगा जिला जबलपुर (म.प्र.) ने श्री घनश्याम आत्मज श्री डिलई रैकवार निवासी ग्राम नोनी सहसन तहसील शहपुरा जिला-जबलपुर (म.प्र.) से उसके स्वामित्व व अधिपत्य की सम्पत्ति मौजा सहजपुर नंबर बंदोबस्त 410, पटवारी हल्का नं0 57 राजस्व निरीक्षक मण्डल शहपुरा तहसील शहपुरा जिला जबलपुर स्थित कृषि भूमि खसरा नं0 313 (एस) रकबा 0.500 हेक्टेयर को क्रय करने का सौदा किया है और शीघ्र ही पंजीयन कार्यालय जबलपुर में उसका पंजीयन होना है। यदि किसी व्यक्ति, बैंक अथवा संस्था को किसी तरह की कोई आपत्ति हो तो वह प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर अपने समस्त मूल दस्तावेज लेकर मेरे कार्यालय में आकर सम्पर्क करें। समयावधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

जबलपुर,

दिनांक /09/2023

**मोहम्मद सादिक खान (एडवोकेट)**
**म.प्र. उच्च न्यायालय**
**1513, संजीवनी अस्पताल के पीछे तीसरी गली रद्दी चौकी राम नगर, जबलपुर (म.प्र.)**
**मो.नं. 9826487962**

र.नं. 1217

### न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्रं/0706/अ-6/2023-2024

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र कुमार तनेजा/स्व. इन्द्र नाथ तनेजा, नि.- म.नं. 54 नर्मदा रोड आदर्श नगर ग्वारीघाट ने नजूल ब्लाक नं. 99 प्लाट नं. 55, निर्मित/रकवा 205 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम बेलबाग प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा .... व.फु./हे. विक्रय पत्र दिनांक 27/12/2013 मृत्यु दिनांक 10/08/2023 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, शपथ पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 99 प्लाट नं. 55, निर्मित/रकवा 205 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम बेलबाग प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा .... व.फु./हे. नंद लाल, कन्हैया लाल, हरीश कुमार/ जेठानंद एवं अन्य के नाम दर्ज है। अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 22/09/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 13/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 13/09/2023

पेशी दिनांक 22/09/2023

**तहसीलदार, रांझी, जबलपुर**

र.नं. 1223

### न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्रं/0732/अ-6/2023-2024

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक उधोदास पारवानी/रोचलदास पारवानी नि.- 393 नरघैया गलगला ने नजूल ब्लाक नं. 99 प्लाट नं. 69/1 /निर्मित/रकवा 356 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम बेलबाग प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा .... व.फु./हे. विक्रय पत्र/हक त्याग/वसीयतनामा/दान पत्र/वारसान हक दिनांक .... मृत्यु दिनांक ..... को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, ... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 99 प्लाट नं. 69/1 /निर्मित/रकवा 356 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम बेलबाग प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा .... व.फु./हे. रामप्रसाद वल्द जानकी प्रसाद पटैल के नाम दर्ज है। अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 21/09/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 06/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 06/09/2023

पेशी दिनांक 21/09/2023

**तहसीलदार, रांझी, जबलपुर**

र.नं. 1226

### नाम में सुधार की सूचना

मैं CHARANJEET SINGH S/O HARBHAJAN SINGH TALWAR यह सूचित करता हूं कि मेरे पासपोर्ट नंबर K7171468 जारी दिनांक 29/07/2013 वैद्यता दिनांक 28/07/2023 में मेरा नाम CHARANJEET SINGH TALWAR लिखा हुआ है जिसे बदलकर मैंने अपना नाम CHARANJEET SINGH रख लिया है, जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, एवं बैंक पासबुक आदि में लिखा हुआ है अत: मेरे नाम को CHARANJEET SINGH S/O HARBHAJAN SINGH TALWAR ही पढ़ा, लिखा एवं समझा जायें।

पूर्व नाम - CHARANJEET SINGH TALWAR

वर्तमान नाम - CHARANJEET SINGH

पता- H.NO. 423/2, POST MARHATAL, BEHIND - NEELAM HOTEL, JABALPUR (M.P.) PIN-482001

र.नं. 1218

### न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्रं/0731/अ-6/2023-2024

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोपीचंद पारवानी, श्री हरीश कुमार पारवानी पिता उद्धव दास पारवानी नि.- 393, 394 तिलक वार्ड ने नजूल ब्लाक नं. 99 प्लाट नं. 69/1 /निर्मित/रकवा 868 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम बेलबाग प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा .... व.फु./हे. विक्रय पत्र /हक त्याग/वसीयतनामा/दान पत्र/वारसान हक दिनांक .... मृत्यु दिनांक ..... को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, .... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 99 प्लाट नं. 69/1 /निर्मित/रकवा 868 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम बेलबाग प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा .... व.फु./हे. रामप्रसाद वल्द जानकी प्रसाद पटैल के नाम दर्ज है। अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 21/09/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 06/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 06/09/2023

पेशी दिनांक 21/09/2023

**तहसीलदार, रांझी, जबलपुर**

र.नं. 1225

### In The Court of XXI, Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur presiding Officer:

**फरहान मसूद कुरैशी**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)**

**(RCSA/ 0000505/2023)**

सविता चौधरी उर्फ रामकली............वादी

**Vs**

आम जनता.... .....प्रतिवादी

**Process Id- /2023**

पेशी दि.:-30/10/2023

प्रेषिती-(1) आम जनता पता- आम जनता।

यह कि प्रार्थी सविता चौधरी उर्फ रामकली ने आपके विरूद्ध सिविल सूट ए दावा वास्ते घोषणा हेतु मूल्यांकन 1000 रूपए जिस पर उचित निर्धारित न्यायशुल्क 500 रूपये चस्पा के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 12 सितम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ दावा वास्ते घोषणा हेतु मूल्यांकन 1000 रूपए जिस पर उचित निर्धारित न्यायशुल्क 500 रूपए चस्पा की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(फरहान एम. कुरैशी)**
**इक्कीसवें व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, जबलपुर (म.प्र.)**

र.नं. 1216

### In The Court Of XVI Additional District and Session Judge District Court, Jabalpur Presiding Officer:

**अरूण प्रताप सिंह**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**

**(MJC GW/0000048/2023)**

श्रीमती दुर्गा बाई चौधरी...वादी

**Vs**

म.प्र. शासन ...प्रतिवादी

**Process Id-/ 2023**

पेशी दि.:-09/10/2023

प्रेषिती-**(1) आम जनता पता- जिला जबलपुर म.प्र.**

यह कि प्रार्थी श्रीमती दुर्गा बाई चौधरी ने आपके विरूद्ध एमजेसी जे डब्ल्यू आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 10 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 वास्ते नाबालिक का संरक्षक नियुक्त करते हुए नाबालिक की भूमि को विक्रय किए जाने की अनुमति प्रदान करने बाबत के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें यह आज तारीख 14 सितम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

**टिप्पणी** - प्रकाशन एवं उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 10 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 वास्ते नाबालिक का संरक्षक नियुक्त करते हुए नाबालिक की भूमि को विक्रय किए जाने की अनुमति प्रदान करने बावत की छायाप्रति संलग्न है।

**कृपया ध्यान दें**- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(अरूण प्रताप सिंह)**
**जिला न्यायाधीश सोलहवें जबलपुर (म.प्र.)**

र.नं. 1228

देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 21 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## महिला सम्मान पर बेनकाब हुई भाजपा

लोकसभा में लाये गये महिला आरक्षण विधेयक का भारतीय जनता पार्टी को 2024 के लोकसभा चुनाव में लाभ मिलने की उम्मीद तो धूमिल पड़ ही गई है, उलटे लोकसभा में इस पर बुधवार को हुई प्रदीर्घ चर्चा ने उसके महिला सम्मान की कलई को खोलकर रख दिया है। मंगलवार को नये संसद भवन में जाने के बाद शाम को यह विधेयक पेश किया गया जिसके अनुसार यह 2026 में लागू होगा और इसका आधार भावी परिसीमन होगा। यानी इसका वास्तविक लाभ 2029 के लोकसभा चुनावों में ही मिलेगा। वह भी केवल 15 वर्षों के लिए। इसे तीन साल बाद अमल में लाने का कारण 2021 में जनगणना का न होना है। भारत सरकार ने कोविड-19 के कारण जनगणना नहीं की थी। इसका मतलब जब जनगणना होगी, उसमें प्राप्त आंकड़ों के आधार पर आरक्षण होगा। जो भी हो, जिस प्रकार से बुधवार को इस प्रकार चर्चा हुई, उसने भाजपा सरकार को और भी ज्यादा परेशानी में डाल दिया है। आम चर्चा यही थी कि अगले वर्ष के आम चुनाव में महिला वोटरों को अपने पाले में लेने के लिये यह बिल लाया गया है, परन्तु ऐसा होता दिख नहीं रहा है क्योंकि भाजपा इसे भुनाने में शायद ही सफल हो।

सत्ता पक्ष के मंत्रियों एवं अनेक सदस्यों ने स्वाभाविकत: इसे लाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया लेकिन ज्यों-ज्यों विपक्षी नेताओं को बोलने के अवसर मिलते गये, यह साफ होता गया कि इसे एचडी देवेगौड़ा की सरकार ने पेश किया था लेकिन 2010 में इसे राज्यसभा में कांग्रेस के शासनकाल में पारित किया गया। लोकसभा में यह समाजवादी पार्टी एवं राष्ट्रीय जनता दल के विरोध के कारण पास न हो सका- इस ऐतिहासिक तथ्य से सारे परिचित हैं लेकिन सत्ता पक्ष की ओर से बोलते हुए निशिकांत दुबे ने इस मतभेद को भुनाने का प्रयास किया। साथ ही, इसका श्रेय पहले तो गीता मुखर्जी एवं सुषमा स्वराज को दिया लेकिन अंत में सिर्फ मोदी को इसका श्रेय दिया। दुबे ने अनेक उन अप्रिय घटनाओं का जिक्र किया जो इस विधेयक के पिछली बार लाये जाने (2010 में) के दौरान हुई थीं, जिसका उद्देश्य दलगत विरोध को आगे ही बढ़ाना था। वे ऐसी बातें थीं जो तत्कालीन परिस्थितियों में हुई थीं जो आज शायद ही प्रासंगिक रह गई हैं। इसमें कुछ नेताओं द्वारा बिल के विरोध में यह कहना कि इससे परकटी महिलाएं ही आयेंगी, भी शामिल है। बेशक, ये बयान दुर्भाग्यजनक थे परन्तु उनका उल्लेख कर भाजपा के सदस्य यह साबित करने पर तुले थे कि प्रतिपक्ष विरोध करने के लिये विरोध कर रहा है जबकि वह वैसी संजीदा नहीं हैं जैसी भाजपा है, पर यह दांव चला नहीं।

सत्ता पक्ष के कुछ सदस्यों की ओर से इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में भाजपा की बड़ी पहल साबित करने की कोशिश की गई परन्तु कई विपक्षी महिला सांसदों ने उनके ऐसे दावों की धज्जियां उड़ा दीं। पहले तो सोनिया गांधी ने बतलाया कि यह बिल उनके दिवंगत पति व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का सपना है जिन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर महिलाओं की बड़ी हिस्सेदारी आरक्षण के जरिये सुनिश्चित की थी। उन्होंने इस विधेयक को तत्काल लागू करने की मांग की तथा उसका लाभ चुनाव-2024 में ही देने की वकालत की।

तृणमूल कांग्रेस की काकोली घोष दस्तीदार ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विधेयक लाकर नारी सम्मान का दिखावा सरकार न करे। उन्होंने याद दिलाया कि संसद भवन से कुछ दूरी पर बने जंतर-मंतर पर यौन शोषण का शिकार हुई महिला पहलवानों की कोई सुनवाई सरकार द्वारा नहीं की गई। जिस व्यक्ति बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप हैं उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई और वह अब भी इसी सदन का सदस्य है। जिस तरह से उन्हें पुलिस द्वारा घसीटा गया व उनके साथ दुर्व्यवहार हुआ, वह भी उन्होंने याद दिलाया। उन्होंने मणिपुर की घटना का भी जिक्र किया और उन्नाव, हाथरस आदि की उन वारदातों का स्मरण कराया जिनमें महिलाओं के साथ दुष्कर्म हुआ। उन्होंने ध्यान में लाया कि पूरे भारत में इस वक्त केवल पश्चिम बंगाल में महिला मुख्यमंत्री हैं जबकि भाजपा के 16 राज्यों में सीएम हैं जिनमें एक भी महिला नहीं है। द्रविड़ मुनेत्र कषगम की कनिमोझी ने पेरियार को उद्धृत करते हुए लैंगिक समानता की बात की। उन्होंने बताया कि गीता मुखर्जी, सुषमा स्वराज के साथ साम्यवादी नेता वृंदा करात का भी इस विधेयक को लाने में योगदान था। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बड़ी ऊंचाई पर बैठने की चाहत नहीं बल्कि समानता का हक चाहिये। जब उन्होंने कहा कि अनेक महिला राजनीतिज्ञ हैं जो काफी ताकतवर हैं, तो सत्ता पक्ष की ओर से एक सांसद ने जयललिता (डीएमके की राजनैतिक विरोधी) का नाम लिया। इस पर कनिमोझी ने स्वीकार करते हुए कई नाम गिना डाले जो विपक्ष की हैं। इनमें उन्होंने मायावती, सोनिया गांधी, ममता बैनर्जी के नाम तो लिये ही, सुषमा स्वराज का भी नाम लेकर भाजपायी सदस्यों को निरूत्तर कर दिया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले ने भी इस विधेयक को इन शर्तों के साथ लाने की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि महिलाओं को इसके लिये और इंतज़ार कराना ठीक नहीं। उन्होंने भी इसकी टाइमिंग पर सवाल उठाये।

बहुमत के बल पर इसे पारित तो होना ही था, लेकिन यह साफ हो गया कि इसे लाने का भाजपा का उद्देश्य महिलाओं के वोट पाना है। अनेक सदस्यों ने यह बात उजागर तो कर ही दी, महिलाओं के प्रति भाजपा कितनी असंवेदनशील है, यह भी लम्बी चर्चा में साबित हो गया। कुल जमा, भाजपा को इसका लाभ होना सम्भव ही नहीं लगता। उलटे वह महिला मुद्दे पर बेनकाब हो गई।

# कठपुतली मीडिया का दौर

### दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

देश के एक जाने-माने न्यूज चैनल की चर्चित पत्रकार ने हाल ही में अपना एआई अवतार दर्शकों के सामने पेश किया। एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक से तैयार किया गया वर्चुअल एंकर या आभासी प्रस्तोता। अपने इस अवतार को उन्होंने अपने नाम के आगे 2.0 लगाकर संबोधित किया। जैसे क्लोनिंग के जरिए एक प्राणी को हूबहू तैयार कर दूसरा प्राणी बना लिया जाता है, कुछ वैसा ही एआई एंकर को कहा जा सकता है। फर्क इतना ही है कि क्लोनिंग में हाड़-मांस, रक्त -भावनाएं सब वैसी ही रहेंगी, क्योंकि उसमें जीवन होगा। जबकि एआई एंकर में जीवन का प्रवाह नहीं होगा, भावनाओं का संचार नहीं होगा, बल्कि कम्प्यूटर से भरे गए कमांड्स से वह संचालित होगा। जिस न्यूज़ चैनल ने एआई एंकर प्रस्तुत किया है, वह देश में सबसे तेज होने का दावा करता है। पत्रकारिता में गति का कितना स्थान होना चाहिए और हर वक्त भागते-दौड़ते रहने की क्या जरूरत है, यह सवाल अब कालातीत हो चुका है। किसी भी खबर को सबसे पहले ब्रेक करने की जो उन्मादी पत्रकारिता शुरु हो चुकी है, उसमें ऐसे सवाल बेकार ही समझे जाएंगे कि खबर को देख-परख कर, तथ्यों की पड़ताल के बाद, समाज पर उसके असर का विश्लेषण कर देने की जरूरत है या फिर बिना किसी पुष्टि के हड़बड़ाते और चिल्लाते हुए खबर लोगों तक पहुंचाई जानी चाहिए।

खबर ब्रेक करते-करते, फटाफट सौ-पचास खबरों को पेश करने के चक्कर में जनता और देश के असली हितों से जुड़ी खबरें कहां गायब हो गई हैं, इसकी परवाह अब बहुत कम लोगों को रह गई है। खबरों के मेले में दर्शकों को लुभाने वाले आइटम समाचार रोज करोड़ों व्यूज बटोर रहे हैं, जबकि मेले में गुमशुदा खबरों की तलाश करने वालों की पूछ-परख नहीं रह गई है। अजीबो-गरीब शीर्षकों के साथ, बिना सही जानकारी के अफवाहों के जैसी खबरें रोजाना दर्शकों के सामने परोसी जा रही हैं। बिल्कुल जंक फूड की तरह, जो देखने में भी आकर्षक होता है और जीभ के चटोरेपन को संतुष्टि भी देता है, लेकिन शरीर पर उसका दीर्घकालिक असर घातक होता है। जंक फूड के नुकसान को समझने के बावजूद विज्ञापनों के बूते देश के एक बड़े वर्ग को, खासकर युवा पीढ़ी को इसकी लत लगा दी गई है। ठीक ऐसा ही अब पत्रकारिता में किया जा रहा है। लोगों को जल्दी से जल्दी खबरें देखने की लत लगा दी गई है, फिर चाहे इससे धार्मिक-सांप्रदायिक उन्माद भड़के, किसी का चरित्र हनन हो या खबर से निकला सही संदेश जनता तक न पहुंचे, मीडिया में अब इसकी परवाह नहीं की जा रही। अगर कोई गलत खबर चला दी जाती है तो उस पर खेद प्रकट कर दिया या फिर उस वीडियो को हटाकर बात की खत्म कर देने की आदत चैनलों को हो गई है। क्योंकि चैनलों की प्राथमिकता लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वतंत्र आवाज उठाना नहीं है, बल्कि पूंजी और सत्ता के हित साधना है।

पहले बड़ी पूंजी की मदद से कार्पोरेट सेक्टर ने चैनलों को खड़ा किया, या फिर खरीद लिया, अपने शेयर चैनलों में बढ़ा लिए और फिर मनमाने तरीके से खबरों के साथ खिलवाड़ शुरु हुआ। इन चैनलों में काम करने वाले पत्रकार अपने मालिकों के इशारों पर नाचते रहे, क्योंकि उनका वेतनमान नाचने की शर्त पर ही निर्धारित किया जाता है। कुछेक पत्रकारों ने नाचने से इंकार किया तो उन्हें चैनलों से किसी न किसी वजह से विदाई लेनी पड़ी। ऐसे कई पत्रकारों का आसरा अब यू ट्यूब जैसे प्लेटफार्म हैं। न्यूज़ चैनलों में खबरों से खिलवाड़ में राजनीतिक चलन के हिसाब से नियम बदलते रहे और हर चुनाव के पहले और सरकारों के गठन के बाद इन नियमों में फेरबदल होता ही है। शुरुआती दौर में हर वर्ग को अपना दर्शक बनाने के लिए न्यूज़ चैनलों ने कई तरह के प्रयोग किए। खेल, विज्ञान, व्यापार, तकनीकी आदि की खबरें तो दी ही जाती थीं, खबरों के नाम पर अंधविश्वास की घटनाओं और धारावाहिकों की खबरों की नाटकीय प्रस्तुति से भी गुरेज नहीं किया गया। खबरों को आकर्षक बनाने के लिए टीवी स्टूडियो में एंकर को कभी अंतरिक्ष यात्री जैसी पोशाक पहनाई गई, कभी युद्ध के मैदान में पहुंचाया गया, कभी क्रिकेट खेलते दिखा दिया गया। स्कूलों में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं में कल्पना की जितनी उड़ानें नहीं भरी गई होंगी, उतनी सब न्यूज़ चैनलों के सेट्स में भर ली गईं।

मीडिया के इस नए दौर को लेकर कई मंचों से, कई तरह की चिंताएं जाहिर की गईं। पत्रकारिता का पतन हो गया है, अब निष्पक्ष पत्रकारिता इतिहास की बात हो गई, ऐसी बहुत सी बातें कही गईं। पिछले 9 सालों के मोदी सरकार के कार्यकाल में पत्रकारिता में पक्षपात को लेकर भी गंभीर सवाल उठे। कांग्रेस को सत्ता से हटाकर भी उसका खौफ बना रहा तो कांग्रेस को विपक्ष से भी हटाकर कांग्रेस मुक्त देश बनाने की कोशिश में मीडिया ने भाजपा का भरपूर साथ दिया। लेकिन ये कोशिश कामयाब नहीं हुई। कांग्रेस अकेले बढ़ती रही, उसके साथ विपक्ष का कारवां भी बढ़ता गया और अब इन सबने मिलकर इंडिया का गठन कर लिया है। इसी इंडिया ने पिछले दिनों कुछ चैनलों के कुछ एंकरों के नाम घोषित किए हैं कि हमारे नेता, प्रवक्ता इनके शो में नहीं जाएंगे। कह सकते हैं पतन के दौर से गुजर रही पत्रकारिता ने असहयोग और सविनय अवज्ञा का दौर भी देख लिया। ये दौर वाकई बहुत कठिन है, फिर भी यहां लड़ने-झगड़ने, सुलह करने, माफी मांगने और अंतत: सब कुछ ठीक हो जाने की उम्मीद है, क्योंकि आखिर में हैं तो सब इंसान ही। लेकिन अगर पत्रकारिता से इंसान ही गायब हो जाएंगे, तो फिर मानवीय कमजोरियों और गुणों के लिए भी जगह कहां बचेगी। क्या इंसान और तकनीक के बीच शुरु हो चुकी होड़ में मानवीय मूल्य और संवेदनाएं बच पाएंगे, ये एक कठिन सवाल इस वक्त समाज के सामने है। सबसे तेज कहे जाने वाले चैनल की एंकर ने अपने एआई अवतार को प्रस्तुत करते हुए कहा कि अभी आने वाले वक्त में कितना काम है, चुनाव है, मुझे कई चुनावी क्षेत्रों का दौरा करना होगा, साक्षात्कार लेने होंगे, जनता के बीच जाना होगा, तो ऐसे में जब वो पत्रकारीय दायित्व निभाने के लिए क्षेत्र में रहेंगी तो स्टूडियो में उनका स्थान उनका एआई अवतार लेगी। ये वर्चुअल एंकर बिल्कुल उन्हीं की तरह दिखती और बोलती है। लेकिन उसका दिखना, बोलना सब कुछ तकनीकी है। मुमकिन है आगे निकलने की होड़ में अभी कुछ और चैनल इसी तरह के एआई एंकर स्टूडियो में ले कर आ जाएं। क्योंकि आभासी एंकर की खासियत है कि ये 24 घंटे बिना थके काम कर सकता है, क्योंकि मशीनें थकती नहीं हैं। आभासी एंकर्स में जिस भाषा की जानकारी भरी जाए, वह उसी भाषा में बात कर लेगा और वही बात करेगा, जो पहले से उसमें फीड की गई है। ये सब कुछेक वक्त के लिए अच्छा लग सकता है। चैनलों को भी फायदा रहेगा कि निर्धारित कीमत पर तैयार किए गए वर्चुअल एंकर न वेतन की बात करेंगे, न छुट्टी की, न उनकी अपनी कोई सोच होगी। बिल्कुल कठपुतली की तरह। लेकिन क्या कठपुतलियों के सहारे लोकतंत्र जिंदा रह पाएगा। वर्चुअल एंकर जब भावनाओं से शून्य आंखों के साथ समाचार देगा या देगी तो क्या दर्शकों तक समाचार पूरी तरह से संप्रेषित हो पाएगा। ये तमाम डर अब सिर उठाने लगे हैं। मुमकिन है इस डर को पूंजी के सहारे कुचला जाएगा, लेकिन उस डर का एहसास तो बना ही रहेगा। जैसे फिल्मों में बहुत से दृश्य वर्चुअली तैयार किए जाते हैं और उनका डिस्क्लेमर दे दिया जाता है कि ये केवल कल्पना है, सच्चाई नहीं, वैसा ही दौर अब पत्रकारिता में शायद आ चुका है। अब शायद जल्दी ही खबर से पहले डिस्क्लेमर यानी अस्वीकरण आने लगेगा कि ये खबर इंसान द्वारा लिखी और प्रस्तुत की गई है, वर्चुअल एंकर द्वारा नहीं। खबरों में ऐसा डिस्क्लेमर समाज और लोकतंत्र दोनों के लिए ही अच्छा नहीं होगा। वैसे मीडिया में एआई के इस्तेमाल का बुरा असर अब रोजगार पर भी पड़ने लगा है। कुछ महीने पहले ही जर्मनी के सबसे बड़े टैबलॉयड बिल्ड ने अपने 200 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया, क्योंकि उनके काम अब एआई के जरिए होने लगे हैं। छंटनी का ये सिलसिला जल्द ही बाकी देशों में भी शुरु हो जाएगा। वक्त आ गया है कि हम एआई वरदान या अभिशाप जैसे विषय पर वाद-विवाद शुरु कर दें। क्योंकि बहसों में चाहे जितनी कड़वाहट हो, इंसान होने की गंध उनमें भरी होती है। यही सबसे जरूरी है।

> **मीडिया के इस नए दौर को लेकर कई मंचों से, कई तरह की चिंताएं जाहिर की गईं। पत्रकारिता का पतन हो गया है, अब निष्पक्ष पत्रकारिता इतिहास की बात हो गई, ऐसी बहुत सी बातें कही गईं। पिछले 9 सालों के मोदी सरकार के कार्यकाल में पत्रकारिता में पक्षपात को लेकर भी गंभीर सवाल उठे। कांग्रेस को सत्ता से हटाकर भी उसका खौफ बना रहा।**

# विदेशी प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए एक आकर्षक विनिर्माण गंतव्य है भारत

■ नन्तु बनर्जी

संयुक्त राज्य अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि, सुश्री कैथरीनची ताई, शायद इस बात से पूरी तरह से अवगत नहीं हैं कि भारत में निर्यात किये जाने वाले वैश्विक अमेरिकी ब्रांडों के तहत लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटर जैसे अधिकांश हाई-टेक मास मार्केट इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट अमेरिका में निर्मित नहीं होते हैं। इनका निर्माण अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निगमों (एमएनसी) द्वारा चीन में किया जाता है और भारत को निर्यात किया जाता है। ऐसा लगता है कि वह भारत की नई लाइसेंसिंग व्यवस्था के बारे में अनावश्यक रूप से चिंतित हैं, जो एप्पल और डेल जैसी कंपनियों के भारत में शिपमेंट को प्रभावित कर सकती है और कंपनियों को भारत में उत्पाद बनाने के लिए मजबूर कर सकती है। नये नियम नवंबर से लागू होंगे।

कैथरीनची ताई हाल ही में जी 20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए भारत में थीं। हालांकि, अमेरिकी कंपनियां स्वयं कम चिंतित हैं। उन्हें लगता है कि भारत में उनके ब्रांडों का बाजार अब अच्छा है और तेजी से बढ़ रहा है। भारत के लाभांश भुगतान और रॉयल्टी नियम चीन की तुलना में कहीं अधिक आकर्षक और खुले हैं। न्यायनिर्णयन प्रणाली अच्छी और विश्वसनीय है। एप्पल पहले से ही अपने ताइवानी अनुबंध निर्माता, फॉक्सकॉन के साथ आईफोन बनाने के लिए यहां मौजूद है। हो सकता है, आने वाले समय में, आईपैड, मैक, ऐप्पल वॉच, ऐप्पल टीवी और एयर पॉड्स जैसे अधिक ऐप्पल उत्पाद भी स्थानीय बाजार और निर्यात के लिए भारत में निर्मित किये जायेंगे। एप्पल के वैश्विक प्रतिस्पर्धियों के पीछे रहने की संभावना नहीं है।

एक ताइवानी आप्रवासी की बेटी कैथरीनची ताई को शायद इस बात की जानकारी नहीं होगी कि दुनिया भर में लगभग 30 कारखानों का दावा करने वाली 10 अरब अमेरिकी डॉलर की ताइवानी अनुबंध निर्माता फॉक्सकॉन सोचती है कि आपूर्तिकर्ता पारिस्थितिकी तंत्र जिसे चीन में बनाने में 30 साल से अधिक का समय लगा। उनकी इच्छा है कि भारत में बहुत तेजी से उभरें। ऐप्पल और फॉक्सकॉन पहले से ही यहां हैं, यह समय की बात है कि अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स दिग्गज भारत को अपना विनिर्माण आधार बनायें। फॉक्सकॉन के अध्यक्ष सह सीईओयंग लियू ने कथित तौर पर कहा था कि कंपनी भारत में अपने परिचालन का विस्तार करेगी क्योंकि व्यवसाय उच्च उपभोक्ता अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए बढ़ेगा।

लियू ने हाल ही में ताइवान में एक बयान में कंपनी की भारत की विकास योजनाओं की रूपरेखा बताते हुए कहा, 'फॉक्सकॉन ने उपभोक्ता जरूरतों के जवाब में भारत में अपनी उपस्थिति का विस्तार जारी रखा है।' उनका मानना है कि भारत 'एक नया विनिर्माण केंद्र बन जायेगा।' लियू निश्चित रूप से जानते हैं कि पिछले साल भारत के उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार का आकार 73.73अरब डॉलर था। 2023 से 2030 तक बाजार के 6.8प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से विस्तार होने की उम्मीद है। भारत उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स खर्च में अल्पकालिक से मध्यम अवधि की वृद्धि के लिए विश्वव्यापी अवसर प्रदान करता है।

विदेशी और स्थानीय निर्माताओं के लिए बाजार का आकार मायने रखता है। एक विदेशी निवेशक के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण बात है करों और प्रत्यावर्तन व्यवस्थाओं से संबंधित सरकारी विनियमन, जिसमें लाभांश, प्रौद्योगिकी शुल्क, रॉयल्टी और प्रधान कार्यालय रखरखाव शुल्क और मुफ्त न्यायिक प्रणाली शामिल है। वर्तमान में, इन क्षेत्रों में भारत सरकार के नियम काफी हद तक निवेशकों के अनुकूल हैं और चीन में प्रचलित नियमों की तुलना में कहीं अधिक बेहतर हैं। चीन में विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए, उनकी सहायक कंपनियों से नकद प्रत्यावर्तन हमेशा एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है।

रिपोर्टों के अनुसार, चीन विदेशी मुद्रा नियंत्रण की सख्त व्यवस्था रखता है। युआन की विनिमय दर को मजबूती से बनाये रखा गया है। चीन में आने और जाने वाले फंड अत्यधिक विनियमित हैं। कानून और विनियम-जैसे कंपनी कानून, प्रासंगिक कर नियम, साथ ही चीन के स्थानांतरण मूल्य निर्धारण नियंत्रण-विदेशी प्रत्यावर्तन में अतिरिक्त बाधाएं लगाते हैं। ऐसे माहौल में, विदेशी निवेशकों को अपने द्वारा कमाये गये मुनाफे तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए शुरू से ही लाभ प्रत्यावर्तन रणनीति को समझने और शामिल करने की आवश्यकता है।

एक बहुराष्ट्रीय कंपनी की चीन स्थित इकाई कई शर्तों के अधीन विदेशी प्रोमोटरों को सीधे लाभांश का भुगतान कर सकती है। कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां चीन से नकदी भेजने के लिए अंतर-कंपनी भुगतान, जैसे सेवा शुल्क या रॉयल्टी का उपयोग करती हैं। कुछ लोग किसी विदेशी संबंधित कंपनी को, जिसके साथ उसका इक्विटी गठजोड़ है, ऋण देकर अवितरित लाभ भेजते हैं। चीन में बहुराष्ट्रीय कंपनियां 'कैशट्रैप' नामक घटना का शिकार होती हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा चीन में अपने परिचालन के संबंध में ऐसा माना जाता है।

नकदी जाल का मतलब है कि, जबकि चीन में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के सहयोगी या सहायक परिचालन लाभदायक हो सकते हैं, उन मुनाफे का प्रतिनिधित्व करने वाली कुछ नकदी को बाहर निकालने का कोई कानूनी और प्रभावी साधन नहीं है, ताकि एक तरह से मुनाफे का एक हिस्सा (नकद) प्रभावी रूप से देश में ही फंसा हुआ है। नकदी जाल की घटना इसलिए मौजूद है क्योंकि जिस तरह से चीनी नियमों की विभिन्न परतें-विदेशी मुद्रा नियम, विदेशी निवेश वाले उद्यमों पर कंपनी कानून, कर नियम, और, अंतिम लेकिन महत्वपूर्ण, चीन के हस्तांतरण मूल्य निर्धारण नियम- को चीन में कार्यरत बहुराष्ट्रीय कंपनियों के संदर्भ में एक दूसरे बातचीत के लिए लागू किया जाता है।

इसके विपरीत, विदेशी कंपनियों के लिए भारत के प्रत्यावर्तन नियम कम जटिल प्रतीत होंगे। भारत स्वयं पारंपरिक रूप से प्रौद्योगिकी और उच्च-स्तरीय सेवाओं का शुद्ध आयातक रहा है। परिणामस्वरूप, भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनियां अक्सर प्रौद्योगिकियों के उपयोग और तकनीकी सेवाओं (एफटीएस) के लिए शुल्क के लिए संबंधित और असंबंधित विदेशी संस्थाओं को पर्याप्त रॉयल्टी का भुगतान करती हैं। भारत विदेशी बौद्धिक संपदा का आयात और उपयोग जारी रखता है। हाल ही में, भारत के लाइसेंस शुल्क भुगतान में तेजी से वृद्धि हुई है। 2021 में, इस तरह के भुगतान की राशि 8.63 अरब थी, जो 2015 में भुगतान की गई फीस से 72प्रतिशत अधिक है। एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि एस एंड पी 500 कंपनियों के बाजार मूल्य में आईपी का योगदान 1975 में 17प्रतिशत से बढ़कर 2020 में 90प्रतिशत हो गया है। केवल अल्पकालिक वित्तीय प्रभाव पर ध्यान केंद्रित करना अदूरदर्शी हो सकता है और आईपी के रणनीतिक और दीर्घकालिक मूल्य को पहचानने में विफल हो सकता है।

एचपी, डेल, एसर, आसुस, लेनोवो और एप्पल जैसी वैश्विक आईटी हार्डवेयर कंपनियों को भारत में विनिर्माण आधार स्थापित करने में अधिक समय लग सकता है। वे जिन समस्याओं का हवाला देते हैं उनमें भारत में घटकों के पारिस्थितिकी तंत्र की कमी, खराब आपूर्ति श्रृंखला और महंगी लॉजिस्टिक्स शामिल हैं। लेकिन, स्थिति तेजी से बदल रही है। हालांकि इसे ठीक करने में थोड़ा समय लग सकता है, लेकिन सरकार चाहती है कि विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियां शुरुआत करें, जिससे मुद्दों को सुलझाने में मदद मिलेगी।

आखिरकार, कुछ वर्षों में, जब घटक विनिर्माण शुरू हो जायेगा और आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दों को सुलझा लिया जायेगा, तो यह सभी हितधारकों के लिए एक जीत की स्थिति होगी। वास्तव में, नवीनतम लाइसेंसिंग व्यवस्था विदेशी निवेशकों को बढ़ते भारतीय बाजार के एक बड़े हिस्से पर कब्जा करने के लिए चीन स्थित और इसी तरह के अन्य विदेशी निर्यातकों द्वारा 'डंपिंग' के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करती है। फॉक्सकॉन के बॉस यंगलियू का भारत पर भरोसा कंपनी के वैश्विक प्रतिस्पर्धियों के निर्णयों को प्रभावित करने की उम्मीद से है क्योंकि ताइवानी आईटी दिग्गज भारत में अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए प्रमुख घटकों के क्षेत्र में सक्रिय रूप से काम करने की योजना बना रही है।

> **विदेशी और स्थानीय निर्माताओं के लिए बाजार का आकार मायने रखता है। एक विदेशी निवेशक के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण बात है करों और प्रत्यावर्तन व्यवस्थाओं से संबंधित सरकारी विनियमन, जिसमें लाभांश, प्रौद्योगिकी शुल्क, रॉयल्टी और प्रधान कार्यालय रखरखाव शुल्क और मुफ्त न्यायिक प्रणाली शामिल है। वर्तमान में, इन क्षेत्रों में भारत सरकार के नियम काफी हद तक निवेशकों के अनुकूल हैं।**

### पावन प्रसंग

## समग्र विकास का साधन शिक्षा

भारत में शिक्षा को एक रामबाण औषधि के रूप में हर मर्ज की दवा मान लिया गया और उसके लिए विस्तार की कोशिश बिना यह जाने समझे शुरू हो गई कि इसके अनियंत्रित विस्तार के क्या परिणाम होंगे। सामाजिक परिवर्तन की मुहिम शुरू हुई और भारतीय समाज की प्रकृति को देशज दृष्टि से देखे बिना हस्तक्षेप शुरू हो गए। दुर्भाग्य से ये हस्तक्षेप अंग्रेजी उपनिवेश के विस्तार ही साबित हुए हैं। स्मरणीय है कि भारत में नालंदा और तक्षशिला जैसी विश्वस्तरीय शैक्षिक संस्थाओं, गुरुकुलों, विद्यालयों और गांव-गांव में फैले स्कूलों की श्रृंखला वाली समाज-पोषित शिक्षा व्यवस्था को अंग्रेजी शासन द्वारा विधिपूर्वक तहस-नहस किया गया था। विकसित ज्ञान क्षेत्रों और उनके उपयोग की सारी व्यवस्था को अंग्रेजों ने अपने हित में परे धकेलकर अपने ही घर में विस्थापित कर दिया था साथ ही उसमें से अपनी पसंद के रुचिकर ज्ञान को जीवन से काटकर जड़ बने इतिहास को समर्पित कर संग्रहालय की वस्तु बना दिया था।

यह भारत में शिक्षा के एक शून्य के निर्माण के लिए हुआ, ताकि सिरे से शिक्षा का एक नया प्रासाद निर्मित हो। इस शून्य को अपने एजेंडे के अनुसार अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था से भरा गया, ताकि शिक्षा का ऐसा नवनिर्माण हो कि अंग्रेजी विचार पद्धति और ज्ञान भारतीय चिंतन और ज्ञान का स्थान प्राप्त कर ले। भारतीय मानस के कायाकल्प की उनकी योजना सफल भी हुई। अंग्रेजी उपनिवेश के दौरान शिक्षा का जो ढांचा लादा गया, वह उपनिवेश के उपरांत स्वतंत्र भारत में प्रश्नांकित होने की जगह ठीक ठहराया गया और उसे आंख मूंदकर आत्मसात कर लिया गया।

ऐसा भी नहीं था कि असंगतियों-विसंगतियों पर ध्यान नहीं दिया। इनकी समीक्षा के लिए विचार-विमर्श हुआ और राधाकृष्णन और कोठारी आयोगों और राममूर्ति समिति आदि के प्रतिवेदनों के माध्यम से बहुत संस्तुतियां भी हुईं। ऐसे विचार अभी भी जारी हैं, पर अधिकांश ठंडे बस्ते में हैं। ज्ञान में पश्चिमी वर्चस्व बरकरार है। विभिन्न विषयों में सिद्धांत, अवधारणाएं और विचार पहले यूरोप और बाद में अमेरिका से प्रचुर मात्रा में आयातित हुए और उन्हीं के खांचे में फिट कर हमने स्वयं को देखना शुरू किया। इस प्रक्रिया में हमारे द्वारा जिस सामाजिक यथार्थ का निर्माण हुआ, वह केवल भ्रम का कारण बना और हम यथार्थ को भुलाकर वैज्ञानिकता के घने आवरण में हमारी आधी अधूरी समझ में पश्चिमी ज्ञान को ही सार्वभामिक ज्ञान का दर्जा दिया गया। दर्शन विज्ञान और साहित्य की सारी की सारी भारतीय उपलब्धियां अंधकार में लुप्त होने को अभिशप्त होती चली गई।

हालांकि सरकारी और औपचारिक ज्ञान की श्रेणी से बहिष्कृत होने पर भी लोक जीवन में टूटे, बिखरे और बदले रूपों में उसके अवशेष देखे-सुने जा सकते हैं। योग, संगीत, चित्रकला, आयुर्वेद और आध्यात्मिक ज्ञान के क्षेत्र में उनका बाजार कुछ चमक जरूर रहा है, पर ज्ञान की स्वीकृत परिपाटी में उनकी कोई जगह नहीं है। उनकी स्वीकृति अभी भी दोयम या तीसरे दरजे की ही है। कटु और कठोर वास्तविकता यह है कि ज्ञान-विज्ञान की अपनी परंपरा को अनावश्यक ठहराकर व्यर्थ बना दिया गया है। वहीं विदेशों के चलन की नकल करते हुए नए-नए विषय शुरू किए जा रहे हैं। ज्ञान की अंधी और महंगी दौड़ जारी है और हमें गंतव्य का पता नहीं है भूमंडलीकरण और वैश्वीकरण के बीच हमारी अपनी पहचान और अस्मिता का प्रश्न गौण हो चला है।

देशज ज्ञान परंपराओं को संदिग्ध की श्रेणी में डालकर पश्चिमी ज्ञान की प्रासंगिकता और आधुनिकता के कवच से सजाया गया है। उसके वर्चस्व को अभेद्य और सुरक्षित बनाया गया है। परिणामस्वरूप यहां का शिक्षा तरु जड़ों से कटता हुआ सूखने लगा है। उसकी जगह जो नया पीधा रोपा गया, उसने यहां का जो भी सहज और स्वाभाविक ज्ञान था, उसे खारिज कर दिया। अध्ययन की एक नई चाल है।

**अखंड ज्योति**

### आपके पत्र

## सड़क दुर्घटनाओं से जूझता पहाड़

भारत में प्रति वर्ष जितने लोग विभिन्न बिमारियों के कारण मौत के मुंह में समा जाते हैं, तक़रीबन उतनी ही संख्या में अकेले सड़क दुर्घटनाओं के कारण अपनी जान गंवा देते हैं. मैदानी इलाकों के साथ-साथ पहाड़ी राज्यों में भी प्रति वर्ष अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है. पहाड़ी राज्य उत्तराखंड इसका उदाहरण है. जहां वर्ष 2021 में 1405 सड़क हादसे (820 मृत्यु व 1613 घायल), 2022 में 1674 सड़क हादसे (1042 मृत्यु व 1613 घायल) 05 जून, 2022 को यमुनोत्री हाईवे पर डामटा के पास बस हादसे में 26 यात्रियों की मौत, 04 अक्टूबर, 2022 को पौड़ी के सिमड़ी में बस हादसा हुआ जिसमें 33 लोगों की मौत हुई, 18 नवम्बर, 2022 को चमोली के जोशीमठ में सूमों हादसा और 12 यात्रियों की मौत।

इस प्रकार के कई हादसे हैं, जिनके बारे में सोचकर ही रूह कांपने लगती है. 2023 में भी सड़क हादसों का क्रम जारी है। पहाड़ों पर अधिकांश दुर्घटनाओं का कारण ओवरस्पीड, नशा करके गाड़ी चलाना, यातायात के नियमों का पालन न करना, आदि पाया गया है. सरकार द्वारा इस पर लगाम हेतु पहल भी की गई है। परिवहन विभाग द्वारा भी निगरानी बढ़ाई गई है, लेकिन इसके बावजूद भी हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ऐसे में यह परिवहन विभाग व राज्य सरकार के सामने चुनौती बनी हुई है कि आखिर साल दर साल बढ़ रहे सड़क हादसों पर कैसे लगाम कसी जाए?

राज्य में हर दिन सड़कें खून से लाल हो रही हैं। इसके लिए ओवरस्पीड व गलत दिशा में वाहनों का चलना व यातायात के नियमों का पालन करना ही शामिल नहीं है, बल्कि कई जगह सड़कों की ख़राब हालत भी ज़िम्मेदार है। जर्जर हो चुकी सड़कों के चलते सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित ख़बरों का न्यूजपेपर में आना आम सी बात हो गई है। दरअसल सड़कें बनाते समय सही मानकों का पालन नहीं किया जाता है। जिसके कारण सड़कों की हालत खराब रहती है. यदि सही मात्रा में सामग्री को मिलाकर कार्य किया जायेगा तो इसके जल्द ख़राब होने की संभावना नहीं होती है। वर्तमान समय में बनने वाली सड़कें बारिश की पहली बूंद में ही दम तोड़ देती हैं। अलबत्ता कागजों में संबंधित कार्यों की वाहवाही ज़रूर होती है। वहीं दूसरी ओर पहाड़ों पर सिंगल लेन का होना व रास्तों पर गाड़ियों का जमावड़ा एवं अतिक्रमण भी इन दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार साबित हो रहे हैं। पहाड़ों में हर ग्राम तक सड़क पहुंचाने के चक्कर में मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए हजारों लिंक रोड बनाई जा रही हैं। जिसके लिए पहाड़ों पर ब्लास्टिंग व मशीनों से पहाड़ों का कटान किया जाता है। इससे पर्वत कमजोर हो रहे हैं। साथ ही बदलते मौसम की मार भी सड़कों पर सफर को जोखिम भरा बना रही है।

**गिरीश बिष्ट, रुद्रपुर, उत्तराखंड**

ekatma dham
a journey of oneness

॥सर्वं खल्विदं ब्रह्म॥



# आदि शंकराचार्य जी की 108 फीट की बहुधातु प्रतिमा

# एकात्मता की मूर्ति

## शङ्करावतरणम्

एकात्मता की मूर्ति का अनावरण
एवं अद्वैत लोक का शिलान्यास

## ब्रह्मोत्सव

ओंकार नाद, वैदिक मंत्रोच्चार एवं विभिन्न प्रदेशों की
नृत्य शैलियों में समवेत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



**शिवराज सिंह चौहान**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश के कर-कमलों द्वारा

**21 सितंबर, 2023 | प्रातः 10:30 बजे**

मांधाता पर्वत, **ओंकारेश्वर, मध्यप्रदेश**



- आचार्य शंकर के जीवन पर आधारित संग्रहालय **'अद्वैत लोक'** एवं अद्वैत वेदान्त दर्शन के अध्ययन, शोध एवं विस्तार हेतु **'आचार्य शंकर अन्तर्राष्ट्रीय अद्वैत वेदान्त संस्थान'** की स्थापना।
- संतों, मनीषियों द्वारा विशिष्टजनों का प्रबोधन।
- संगीतकारों द्वारा आचार्य शंकर के स्तोत्रों का गायन।

www.oneness.org.in

सीधा प्रसारण

@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Ekatmadham

@Cmmadhyapradesh
@jansampark.mp
@Ekatmadham

DDMP

webcast.gov.in/mp/cmevents

@jansamparkMP
@EkatmaDham

D-11111/23

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

# मेरा शहर

'स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक'

सुप्रभात से शुभरात्रि तक

## श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में गणेश पर्व की धूम



**जबलपुर, देशबन्धुद्ध** श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में दस दिवसीय गणेश पर्व के द्वितीय दिवस पर सभी श्रद्धालुओं ने पूर्वक बड़े ही हर्ष एवं उल्लास से सभी कष्टों को दूर करने वाले,सुखों को देने वाले श्री गणेश जी की प्रात: 9.00 बजे से पूजन, आरती, अभिषेक, माला अर्पण, वस्त्र अर्पण,अथर्वशीर्ष पाठ सभी गणेश भक्तों द्वारा सानंद सम्पन्न हुआ।

सायं 7.15 बजे भगवान श्री गणेश जी की पूजन महाआरती एवं प्रसाद में सुधा अभिनाश राजे, दीपांकर बनर्जी,सत्संग आर्ट आफ लिविंग एवं श्री बरसैंया परिवार द्वारा एवं नगर के गणमान्य एवं समिति के भक्तों द्वारा भक्ति भाव से आयोजित हुई। श्री श्री रविशंकर गुरूदेव द्वारा संचालित संस्था के आदित्य तिवारी, रीना महोबिया, श्री माधव, कमलेश, अभिजीत का सत्संग एवं भजन संध्या का आयोजन हुआ भंडारा प्रसादी स्मिता विजय चौधरी द्वारा आयोजित रहा।

श्री सुप्तेश्वर विकास समिति ज के अनिल सिंह, विजय चौधरी, राकेश पटेल, लखन मिश्रा, अशोक शर्मा, रामेश्वर चौबे,मोहन अग्रवाल, संतोष द्विवेदी, रूकमणी जोशी, सीमा सिंह, श्रीमती मंजू पटेल, स्मिता चौधरी,श्रीमती आशा शर्मा,श्रीमती पुष्कल चौधरी, विन्दनी चौबे, श्रीमती ललिता अग्रवाल, श्रीमती तृप्ति भल्ला एवं श्री सुप्तेश्वर विकास समिति के समस्त भक्तों ने श्री गणेश जी के महापर्व को हर्ष, आनंद, भक्ति भाव से समरसता के साथ सभी गणेश भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्री सुप्तेश्वर गणेश जी सभी का कल्याण करने वाले ईश्वर की कृपा एवं संतों के आशीर्वचनों के सुखद धार्मिक आयोजनों का लाभ लिया। आने वाले दिनों में धार्मिक कार्यक्रमों में भक्तों से बड़ी संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

## चित्रलतिका आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वर कोकिला की स्मृति में सुर साधक समर्पण ग्रुप, स्वर संगम और समर्पण ग्रुप द्वारा 21 से 28 सितम्बर तक विविध कार्यक्रम होंगे। इसकी शुरुआत गुरुवार शाम 5 बजे रानी दुर्गावती कलावीथिका से होगी। कार्यक्रमक में चित्रकार रामकृपाल नामदेव की लता को समर्पित एकल चित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी, वहीं देशभर से आए गायक कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

## पुरस्कार वितरण

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला स्वीप सेल के तत्वावधान में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में सम्पन्न हुई विविध प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण गुरुवार दोपहर 12 बजे से भंवरताल गार्डन, संस्कृति थिएटर में सम्पन्न होगा।

## रोटरी तूलिका 24 को

**जबलपुर, देशबन्धु।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ के तत्वावधान में महाविद्यालयीन स्तर पर रोटरी तूलिका का आयोजन 24 सितम्बर को किया जाएगा। कार्यक्रम में पेंटिंग, कार्टून, पोस्टर, कोलाज, क्ले मॉडलिंग व रांगोली की प्रतियोगिताएं होंगी। आयोजन समन्वय सेवा केन्द्र, आदि शंकराचार्य चौक में सुबह 9.30 बजे से होगा।

## साढ़े सात किमी दौड़कर फैलाई जागरुकता





**जबलपुर, देशबन्धु।** मैराथन में युवाओं ने जनमानस को एचआईवी से लड़ने के लिए जागरुक किया। रानी दुर्गावती विवि के तत्वावधान में हुई जिला स्तरीय मैराथन में जिले से 400 प्रतिभागी शामिल हुए। यूथ फेस्टिवल के पूर्व रंग पर बुधवार को अलसुबह हुई मैराथन में 7.5 किमी तक प्रतिभागियों ने दौड़ लगाई। नाको और एमपीसीएसीएस के सहयोग से तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मैराथन के साथ नाट्य प्रदर्शन और वीडियो रील प्रतियोगिता खास रही।

**पोस्टर और स्लोगन**-मैराथन की शुरुआत विवि से शुरू होकर सिविल लाइन, रेलवे स्टेशन, रिज रोड, कोबरा मैदान होकर पुन विवि पर समाप्त हुई। इस दौरान रेब रिबन और एनएसएस वॉलेन्टियर्स द्वारा पोस्टर और बैनर लेकर लोगों को जागरुक किया गया।

**पुरस्कार मिले, चेहरे खिले**-प्रतियोगिता में 20 प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तर के लिए किया गया। कार्यक्रम में रादुविवि कुलपति प्रो. केडी मिश्र, जिला छयरोग अधिकारी, डॉ. धीरज धवंडे, प्रो. विशाल बन्ने, प्रो. अशोक कुमार मराठे, डॉ. देवांशु गौतम मौजूद थे। वक्ताओं ने कहा कि एड्स की भ्रांतियों को दूर करना प्रत्येक नागरिकों का कर्तव्य है।




## आर्मी प्राइमरी स्कूल में नृत्य से किया गजानन का वंदन

**जबलपुर, देशबन्धु।** देवा श्री गणेशा देवा..., देवा हो देवा गणपति देवा..., सुख कर्ता दुख हर्ता... जैसे गीतों पर बच्चों ने गजानन की स्तुति की। ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर के कोबरा आर्मी प्री प्राइमरी स्कूल में गणेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा और गजानन से प्रेरणा लेने की बात कही। फैंसी ड्रेस कॉम्पीटिशन में बच्चों ने आकर्षक वेशभूषा पहनकर गजानन की स्तुति की।

## स्वच्छता में दिखता है शहर का विकास

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वच्छता शहरी विकास का दर्पण होती है। स्टेशन पर आने वाले पैसेंजर शहर की स्वच्छता देखकर ही नागरिकों की स्थिति का पता चलता है। पमरे स्काउट गाइड दल द्वारा नाटक मंचन में कलाकारों ने लोगों को जागरुकत किया। स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत स्काउट एंड गाइड ने भंवरताल गार्डन में नाटक मंचन किया। इस मौके पर मंडल रेल प्रबंधक विवेकशील, अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार मौजूद थे।



## भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी ने किया गौ माता का पूजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर प्रवास पर पधारे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल के निवास पर आगमन हुआ । इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने गौ माता का पूजन किया साथ में मां नर्मदा जी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने अपनी प्रकोष्ठ की गतिविधियां बताते हुए सार्थक चर्चा की एवं अगवानी विधानसभा चुनाव में व्यापारी प्रकोष्ठ के द्वारा करे जाने कार्य की रुरेखा बनाई। साथ में शरद अग्रवाल ने शॉल , श्रीफल , गौड़ी चित्रकला पुस्तक भेंट की, इस अवसर पर प्रदेश सह सोशल मीडिया प्रभारी प्रशांत गोलू तिवारी , श्रीकांत साहू , रवि शर्मा आदि कार्यकर्तागण की अनुपस्थिति थे ।



## कुश्ती खेल में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए विनय को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित




**जबलपुर,देशबन्धु।** कुश्ती खेल में विनय प्रजापति ने प्रदेश खेलों में अतुलनीय योगदान के प्रदेश खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा विश्वामित्र अवार्ड से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सम्मानित किया गया विनय प्रजापति खेल एवं युवा कल्याण विभाग जबलपुर में कुश्ती प्रशिक्षक के पद पर कार्यरत है।

## ऋणदेव पारायण महायज्ञ एवं 51 कुण्डीय महायज्ञ 28 सितम्बर से 01 अक्टूबर तक

**जबलपुर,देशबन्धु।** आर्य समाज मंदिर दयानंद भवन स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड डॉ. बराट रोड जबलपुर में वार्षिकोत्सव एवं महर्षि दयानंद जी की 200 वीं जयंती के अवसर पर आमंत्रित विद्वान भारत के प्रसिद्ध चिंतक एवं विचारक आचार्य डा.वागीश शर्मा (यज्ञ तीर्थ-एटा उ.प्र. मुख्यातिथि विनय आर्य) मंत्री दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा आचार्य योगेश दत्त आर्य बिजनौर 29 सितम्बर को विशाल शोभा यात्रा शहर विभिन्न मार्गों से निकाली जायेगी, फिर आर्य समाज प्रांगण में सम्पन्न होगी ऋत्सपति परिव्राजक, अध्यक्ष आर्य गुरूकुल महाविद्यालय होशंगाबाद आचार्य धीरेन्द्र पाण्डे (पुरोहित) इस अवसर पर देवेन्द्र माहेश्वरी अध्यक्ष, पीयुष शर्मा सचिव, उमेशचंद्र सिंह कोषाध्यक्ष, महिला आर्य समाज डॉ. अरूण सिंह, एकता कोचर, श्रीमती गीता वासुदेव, नरेन्द्र धमीजा सुधीर मेहता आदि उपस्थित रहे।

## कैडेट्स ने आपदा से निपटने सीखे हुनर



**जबलपुर, देशबन्धु।** कैडेट्स ने आपदाओं ने निपटने के गुर सीखे। उन्हें जहां फायर फाइटिंग से रूबरू करवाया गया, वहीं भूकंप कीं स्थिति में खुद के साथ दूसरों का बचाव करने का प्रशिक्षण दिया गया। वनएमपी आरएनवी यूनिट द्वारा वेटरनरी कॉलेज में आयोजित एनसीसी शिविर में कैडेट्स को यह जानकारी दी गई। शिविर में ग्रुप कमाण्डर ब्रिगेडियर नवदीप दाहिया, कैम्प कमांडेंट कर्नल जितेन्द्र तनेजा का सहयोग रहा।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 21 सितम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080,शक संवत 1945 हिजरी 1444। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की सप्तमी, नक्षत्र-अनुराधा।**

**मेष**
आज के दिन का आरंभ बहुत अच्छा होगा। शारीरिक और मानसिक आरोग्य अच्छा बना रहेगा। दोपहर के बाद नए काम करने की सलाह आपको नहीं दी जाती है।

**वृषभ**
व्यापार में यश और सफलता मिलेगी। साथी कर्मचारियों का पूरा सहयोग आपको मिलेगा। आर्थिक लाभ होगा। विरोधियों को पीछे छोड़ पाएंगे।

**मिथुन**
आज का आप का दिन किसी खास चर्चा में गुजर सकता है। आप अपनी कल्पनाशक्ति से कुछ नया कर पाने में समर्थ रहेंगे।
क.

**तुला**
आज आपकी रचनात्मकता से कोई कठिन काम आसान बना पाएंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे।

**वृश्चिक**
आपका उग्र और असंयमित व्यवहार आपको समस्या में डाल सकता है। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ कोई अनहोनी हो सकती है, उनका ध्यान रखें।

**धनु**
व्यावसायिक क्षेत्र में आज आपके लिए लाभकारी दिन है। जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। काम में पदोन्नति होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम होगा।

**कर्क**
हताशा से आप थोड़े चिंतित रहेंगे। इस कारण शारीरिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है।

**सिंह**
आज व्यापार या नौकरी के लिए कोई छोटी यात्रा हो सकती है। विदेश से कोई अच्छे समाचार मिलेंगे। धन लाभ होगा। नए काम के लिए अच्छा समय है।

**कन्या**
आज आपके मन में किसी बात को लेकर दुविधा बनी रहेगी। कोई नया काम शुरू ना करें। ज्यादातर समय मौन बने रहें, इससे विवाद होने से बच जाएगा।

**मकर**
आज का दिन मैरीड कपल के लिए आनंदमयी रहेगा। परिजनों के साथ खुशी का वातावरण बना रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति के योग हैं। व्यवसाय में अनुकूल समय है।

**कुंभ**
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं।

**मीन**
आज आपको वाणी में संयम रखने की सलाह दी जाती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।
मा.

## मंदिर बचाओ जमीन बचाओ के लिए पदयात्रा एवं जन जागरण अभियान

**जबलपुर, देशबन्धु।** पनागर विधानसभा क्षेत्र में चलाए जा रहे जमीन बचाओ मंदिर बचाओ आंदोलन की जागरूकता के लिए पदयात्रा जो वर्तमान जनप्रतिनिधियों के खिलाफ जो आम जनता की खेत खलियान एवं मंदिरों की संपत्ति को लूटने का षड्यंत्र कर रहे हैं उनके विरोध स्वरूप आगामी 10 अक्टूबर को होने जा रहे हैं पनागर बस स्टैंड में विशाल धरना प्रदर्शन के लिए पनागर के जन नागरिकों एवं मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य पूरे विधानसभा में किया जा रहा है जिसमें लोगों से जनसंपर्क करके पंपलेट के माध्यम से तथा छोटी-छोटी नुक्कड़ सभाओं के द्वारा लोगों को समझाया जा रहा है यह आंदोलन अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा दल के महासचिव डॉक्टर सत्येंद्र यादव जी के नेतृत्व चलाया जा रहा है मंदिर बचाओ जमीन बचाओ आंदोलन के जागरूकता पदयात्रा का आज दूसरा दिन था पदयात्रा पहले दिन की यात्रा दिनांक 19 सितंबर से रेपुरा हनुमान मंदिर अमखेरा से आरंभ हुआ था जो काली मंदिर कुदवारी में पहुंच कर दोपहर लंच करने के बाद पुन्ह पदयात्रा आरंभ हुआ था जो पिपरिया वनियार खेड़ा में पहुंच कर वहीं पर रात्रि विश्राम किया गया था बुधवार दिनांक 20 सितंबर को वनियार खेड़ा मैं पूजा अर्चन करने के बाद प्रात: 9: 00 बजे पदयात्रा आरंभ हुआ जो गुड़गांवा बागोड़ा से होते हुए बेलखादू साई मंदिर में दिन का लंच के बाद यात्रा पुणे आरंभ किया गया जो जो पदयात्रा निरंतर बढ़ते हुए भारा गांव से होते हुए झगरा मे एक नुक्कड़ सभा लेकर वहीं पर रात्रि विश्राम किया गया तथा आगे की जन जागरण पदयात्रा झगरा से गुरुवार 21 सितंबर को प्रात: 9:00 बजे से पूजन अर्चन करने के पश्चात आरंभ होगी।



मंदिर बचाओ जमीन बचाओ आंदोलन जागरूकता पदयात्रा में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा दल के महासचिव डॉक्टर सत्येंद्र यादव के नेतृत्व में रमेश पटेल लखन पटेल यूनुस भाईजान युसूफ खान ओम नाथ चौधरी मनोज पटेल जितेंद्र यादव रीना सिंह रेखा राठौड़ रीता यादव नीला चौधरी योगेंद्र पटेल धर्मेंद्र पटेल विनोद पटेल मोनू पटेल बालआ भाई जान सुनील पटेल सौरव पटेल तरुण कोरी नितिन चौधरी डे लन यादव अबीर पटेल वीरेंद्र पटेल रवि पटेल अमित सिंह सुरेंद्र यादव नितिन चौधरी ओमनाथ चौधरी भैया लाल यादव शेख समीम ताहिर शेख सहित सैकड़ो कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे

## हसनी हुसैनी सोसायटी बाटेगी हाथ ठेला

**जबलपुर, देशबन्धु।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर हसनी हुसैनी सोसायटी 21 सितंबर रात्रि 9 बजे 10 बेरोजगारों एवं जरूरतमंद हाथ ठेला व रोजगार का सामान बाटेगी। इस मौके पर सुब्बा शाह ग्राउंड मे पैगंबर ए इस्लाम के नाम का परचम भी बुलंद किया जाएगा और इसके उपरांत लंगर ए आम का भी एहतेमाम किया जायेगा। सोसायटी के मेंबरान ने अक़ीदतमंदो से शिरकत की गुजारिश की है।

## पेंशनरों की जरूरी बैठक 24 सितम्बर को

**जबलपुर,देशबन्धु।** जनरल इंश्योरेंस पेन्शनर्स एसोसिएशन की आम सभा 24 सितम्बर को जनरल इंश्यारेंस पेंशनर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में दिनांक 24 सितम्बर दिन रविवार शाम 3.30 बजे से स्थान इंडियन कॉफी हाउस, घंटाघर के पास पेन्शनरों की आम सभा आयोजित की गयी है एएम कुलकर्णी उपाध्यक्ष अखिल भारतीय इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहकर मार्गदर्शन देंगे एवं अमृत महोत्सव के अवसर पर 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पेन्शनरों का भी सम्मान किया जायेगा।

## नई शिक्षा नीति एवं कौशल विकास का महत्व को युवाओं तक पहुंचाने का अनूठा प्रयोग

**जबलपुर,देशबन्धु।** कौशलविकास और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 37 वर्ष से निरंतर कार्य कर रही संस्था आईसेक्ट द्वारा नई शिक्षा नीति के प्रति जागरूकता लाने एवं कैरियर काउंसलिंग के उददेश्य से पूरे मध्यप्रदेश में यह कौशल विकास यात्रा प्रारंभ होकर 20 सितम्बर को जबलपुर पहुंची इस यात्रा के दौरान छात्रों को कैरियर काउंसलिंग रोजगार और स्वरोजगार संबंधित समस्याओं को दूर करने का मार्गदर्शन दिया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रहे शासकीय आदर्श आईटीआई के ललित डेहरिया माध्यमिक शिक्षा मंडल के संभागीय अधिकारी इब्राहम नंद महाराष्ट्र हाई इंस्टीटयूट ऑफ हायर एजुकेशन के प्राचार्य के प्राचार्य दिलीप हजारी एवं ज्ञानोदय चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल के निर्देशक मुकेश साहू ने विद्यार्थियों से कहा कि कौशल विकास रोजगार पाने की राह में एक मुख्य साधन है किन्तु विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य का निर्धारण करना आवश्यक है एवं उन्हें उद्योग जगत की आवश्यकतानुसार अपने कौशल को व्यावसायिक पाठयक्रमों के माध्यम से दक्षता प्राप्त करना आना चाहिए साथ ही छात्रों को शासकीय कौशल विकास योजनाओं की जानकारी होना भी आवश्यक है। कार्यक्रम में आईसेक्ट के क्षेत्रीय प्रबंधक निशांत श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि यह कौशल विकास यात्रा का उद्देश्य नई शिक्षा नीति से छात्रों को अवगत कराना है इसी यात्रा के अंतर्गत उन्होंने बताया कि आईसेक्ट एवं एनएसडीसी द्वारा अर्द्वशहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कम्प्यूटर आईटी हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग डाटा एंट्री इलेक्ट्रिशियन ब्यूटी एण्ड वेलनेस सेल्फ एम्प्लाई टेलर, रिटेल एवं बैकिंग आदि क्षेत्रों में छात्रों को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैसाथ ही बी वीओसी जैसे पाठयक्रमों को भी नई शिक्षा नीति के तहत शुरूआत कर दी गई एवं इन जोब रूल्स को उद्योगों से लिंक कर कुशल युवाओं हेतु रोजगार भी प्रारंभ किया जा रहा है।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**सायरा बानो** -मरहूम मुहम्मद इसहाक की अहलिया, मुहम्मद यूसुफ घोड़ी वाले व मुहम्मद रऊफ की भाभी और बब्लू, शकील बर्फ वालों की वालिदा एवं समाजसेवी अशरफ राईन की नानी सायरा बानो (नागपुर वाली) का इंतिकाल हो गया है। मैयत गुरूवार को सुबह दस बजे गाजी नगर गली नम्बर तीन, दस नल के पास से उठायी जाएगी। नमाज़ ए जनाज़ा मस्जिद हनफ़िया बहोराबाग में अदा की जाएगी। सुपुर्द खाक बहोराबाग कब्रस्तान में किया जाएगा।

**श्रीमती सरस्वती बाई कोरी**- शांति नगर बधैया मोहल्ला निवासी श्री दादूराम कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती सरस्वती बाई कोरी (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छोटे लाल**- जोगी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री छोटे लाल (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर में किया गया।

**श्री शिव बहादुर**- शारदा नगर मड़ई व्हीकल रोड निवासी श्री शिव बहादुर (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लक्ष्मी चंद ललवानी**- गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री लक्ष्मी चंद ललवानी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुलम वर्षे**- खमरिया निवासी श्री राजकुमार वर्षे की धर्मपत्नी श्रीमती सुलम वर्षे (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुसुम कश्यप**- बैहर बालाघाट निवासी श्री किशन कश्यप की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम कश्यप (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राधा बाई उईके**- मांडवा रामपुर निवासी श्री हुब्बी लाल उईके की धर्मपत्नी श्रीमती राधा बाई उईके (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुशीला बाई कोरी**- तुलसी मोहल्ला घमापुर निवासी श्री लल्लू कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला बाई कोरी (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कमल कुमार मराठा**- त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री कमल कुमार मराठा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष कुमार सेन**- कांचघर कब्रिस्तान के पास निवासी श्री कल्लू सेन के पुत्र श्री संतोष कुमार सेन (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री होरी लाल**- तिलहरी चौधरी मोहल्ला निवासी श्री होरी लाल (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला काछी**- त्रिमूर्ति नगर दमोहनाका रोड निवासी श्री चंदू काछी की धर्मपत्नी श्रीमती विमला काछी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# हजारों नर्सिंग छात्रों ने किया प्रदर्शन, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी, पुलिस ने रोकने के लिए वॉटर केनन फायर



**जबलपुर, देशबन्धु।** नर्सिंग परीक्षा न होने से छात्र-छात्राएं आक्रोशित है। बुधवार को जबलपुर में नर्सिंग छात्र सिविक सेंटर से रैली के रुप में कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुए। जिन्हें घंटाघर में बैरीकेट लगाकर पुलिस ने रोक लिया।

इस दौरान छात्रों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। छात्रों ने आगे बढने की कोशिश की तो पुलिस ने वॉटर कैनन से पानी की बौछार करते हुए हल्का बल प्रयोग किया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने सीएम शिवराज सिंह चौहान व चिकित्सा शिक्षामंत्री विश्वास सारंग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी है, कि अगर जल्द ही परीक्षाएं नहीं हुई, प्रमोशन नहीं दिया तो सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। मध्यप्रदेश के सभी नर्सिंग छात्र आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनाव में चुनाव का बहिष्कार करेगी।

सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने नारा दिया है कि परीक्षा नहीं तो वोट नहीं। नर्सिंग छात्र संगठन के सदस्यों ने बताया तीन सालों से प्रथम वर्ष की परीक्षा नहीं हुई है। नर्सिंग छात्रों ने आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार के भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा मापदंड पूरे नहीं करने वाले नर्सिंग कॉलेज को मान्यता प्रदान कर दी गई। छात्रों का कहना है कि परीक्षा न होने के कारण स्टूडेंट व उनके परिजन न सिर्फ आर्थिक बल्कि मानसिक रुप से परेशान हो रहे हैं। नर्सिंग छात्र संगठनों द्वारा मांग की गई है कि स्टूडेंट की समस्या का जल्द निराकरण किया जाए। उन्हें स्कॉलरशिप दी जाए। नर्सिंग संगठन ने मांग की है कि जिन कॉलेज़ों की मान्यता खत्म हो गई है। वहां पढ़ने वाले छात्रों को मान्यता प्राप्त कॉलेज में ट्रांसफर किया जाए। जीएनएम स्टूडेंट के रिजल्ट घोषित किए जाएं। बुधवार जबलपुर में प्रदर्शन कर रहे नर्सिंग छात्रों ने सरकार को चेतावनी दी है, कि अगर अभी उनकी मांगे नहीं मानी गई तो विधानसभा चुनाव में सरकार का विरोध कर वोटिंग का बहिष्कार किया जाएगा।

## ट्राले की टक्कर से मेट्रो बस के परखच्चे उड़े, एक यात्री की मौत, 6 घायल



**जबलपुर, देशबन्धु।** तिलवारा थाना क्षेत्र के लम्हेटा बायपास रोड पर बुधवार को एक ट्राला ने मेट्रो बस को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हादसे में बस के परखच्चे उड़ गए, वहीं एक वृद्ध यात्री की मौत हो गई, 6 के शरीर पर गंभीर चोटें आई। दुर्घटना की खबर मिलते ही क्षेत्रीय लोगों सहित राहगीरों की भीड़ लग गई, जिससे जाम के हालात निर्मित हो गए। घायलों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया।

पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह 11.30 बजे के लगभग यात्रियों को लेकर मेट्रो बस अंधमूक चौराहा से भेड़ाघाट की ओर रवाना हुई। जब वह लम्हेटा बायपास से आगे बढ़ रही थी, इस दौरान सामने से आए ट्राला ने टक्कर मार दी। ट्राला की टक्कर लगने से बस के परखच्चे उड़ गए, वहीं एक वृद्ध नेतराम पटेल उम्र 62 वर्ष निवासी चौकीताल के शरीर पर गंभीर चोटें आने से मौत हो गई। वहीं सरोज, निशा मल्लाह, प्रदीप दाहिया, कार्तिक झारिया सहित अन्य दो सवारियों को चोटें आई। दुर्घटना होते देख राह चलते लोगों सहित आसपास के लोग पहुंच गए, जिन्होंने घायलों को बस से उतारकर तिलवारा थाना पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर घायलों का उपचार किया गया। घटना के बाद इस रोड पर जाम के हालात निर्मित हो गए थे।

## आत्मनिर्भर भारत के विज़न को साकार करती वन्दे भारत

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया और आत्म निर्भर भारत के विज़न को साकार करने की दिशा में रेल सम्पर्क में सुधार कर रही है साथ ही यात्रियों को तेज गति और आरामदायक यात्रा का विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करती है। वंदे भारत नवाचार की भावना, मेक इन इंडिया और भारत की प्रतिभा का वंदन और अभिनंदन है। वन्दे भारत एक्सप्रेस विकास, आधुनिकता, स्थिरता और आत्मनिर्भरता का पर्याय है।

भारत में निर्मित वन्दे भारत ट्रेन भारतीय रेलवे की उत्पादन इकाई इंटीग्रल कोच फ़ैक्टरी (आसीएफ) चेन्नई में बनाई जा रही है। वंदे भारत ट्रेन कवच तकनीक के साथ उन्नत एवं अत्याधुनिक संरक्षा विशेषताओं से लैस है।



## ओएफके में एफ-9 में डेटोनेटर की चिंगारी से चार्जमेन झुलसा

**जबलपुर, देशबन्धु।** आयुध निर्माणी खमरिया में भोजन अवकाश के बाद काम के दौरान एक चार्जमेन डेटोनेटर से निकली चिंगारी से झुलस गया। उसे तत्काल खमरिया अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे शहर के निजी अस्पताल में भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार फिलिंग-9 के बिल्डिंग नंबर-855 में चार्जमेन चंद्रशेखर मिश्रा अपने मातहत को वहां बनने वाले 84 एमएम बम के निर्माण की प्रक्रिया समझा रहा था। तभी नमी और रगड़ की वजह से चिंगारी निकली, जिससे उसके हाथ की उंगली झुलस गई। जख्मी चार्जमेन को खमरिया अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से उसे अग्रिम इलाज के लिए जबलपुर अस्पताल रवाना कर दिया है। इस संबंध में पीआरओ आरके कुम्हार ने बताया कि चार्जमेन की अंगुली मामूली रूप से झुलस गई है। उसे खमरिया अस्पताल से जबलपुर अस्पताल के लिए रवाना कर दिया है।

## अधारताल में वारदात, चार बदमाशों ने भाजपा नेता पर किया चाकू से दनादन वार



**जबलपुर, देशबन्धु।** आधारताल क्षेत्र में चार बदमाशों ने भाजपा नेता पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल अनुसूचित जाति मोर्चा के सुभाषचन्द्र बोस मंडल के पूर्व मंत्री हैं। आरोपितों ने रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया। गंभीर अवस्था में पूर्व मंत्री को मेडीकल अस्पताल ले जाया गया, जहां भर्ती कर लिया है।

मामले में अधारताल पुलिस ने हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया हैअधारताल पुलिस ने बताया कि अधारताल निवासी अमित कोरी भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के सुभाषचन्द्र बोस मंडल के पूर्व मंत्री हैं। उनकी हनुमानताल निवासी बंटी सोनकर से रंजिश है। रात अमित अधारताल तिराहे के पास से गुजर रहे थे। तभी वहां बंटी साथी दुर्गेश बर्मन, करण चक्रवर्ती और अभिषेक चौधरी के साथ वहां पहुंचा। चारों ने अमित से अभद्रता कर दी। अमित ने विरोध किया, तो आरोपितों ने उससे मारपीट कर चाकू से वार कर दिया। खून से लथपथ अमित सड़क पर गिर गए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। घायल अमित को मेडिकल अस्पताल ले जाया गया, जहां भर्ती कर लिया गया। मंगलवार को भी अमित की हालत नाजुक बनी रही। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित बंटी सोनकर को गिरफ्तार कर लिया है।

## जन्म दिवस पर विशेष

# पीड़ित मानवता की सेवा करने वाले विवेक तन्खा

कोई लोकप्रियता के लिए सियासत को चुनता है..कोई बुलंदियों तक पहुँचने तो कई बड़े बड़े पदों की लालसा को लक्ष्य बनाकर राजनीति में कदम रखता है..किसी को राजनीति के माध्यम से धन, दौलत, शौहरत व रूतबे की दरकार होती है तो कोई ठाठ बाट और शाही जिंदगी गुज़ारने सियासत को गले लगाता है..लेकिन देश के सुप्रसिद्ध विधिवेत्ता, भारत सरकार के पूर्व एडीशनल सालीसिटर जनरल, राज्य सभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा इसका अपवाद हैं. करीब चार दशकों से पीड़ित मानवता की सेवा करने वाले विवेक तन्खा ने सेवा के दायरे को और व्यापक करने के लिए राजनीति की दुनिया में कदम रखा. यह बात अलग है कि आज भी उन्हें राजनीति के दांव- पेंच, छल कपट-कपट और झूठे आश्वासनों से नफ़रत है. उन्हें यह बात बिल्कुल पसंद नहीं कि किसी गरीब, मजबूर या ज़रूरतमंद का दिल बहलाने के लिए उसे उसे आश्वासन का झुनझुना थमा दिया जाए. जो कर सकते हैं, वही कहेंगे..जो कर नहीं सकते, उसके लिए साफ़ मना कर देते हैं. यही बेबाकी और साफ़गोई आपको अलग पहचान दिलाती है. अपने तो क्या विरोधी भी इस बात को मानते हैं कि सेवा, सच्चाई व भरोसा कोई तन्खा जी से सीखे।



मध्यप्रदेश के रीवा जिले में 21 सितंबर 1956 को जस्टिस राजकृष्ण तन्खा एवं श्रीमती रोहिणी तन्खा के परिवार में जन्म लेने वाले विवेक तन्खा ने जबलपुर को अपनी कर्म भूमि बनाया.यहाँ के क्राइस्ट चर्च स्कूल से हायर सेकंडरी व सेन्ट एलायसियस कालेज से ग्रेज्युएशन किया. उसके बाद देहली यूनिवर्सिटी से विधि में स्नातक की डिग्री प्राप्त की और लोगों को इंसाफ़ दिलाने वकालत शुरू की. इस बीच पिता से मिली समाज सेवा की विरासत को आगे बढ़ाते रहे. सेवा भावना के चलते रोटरी क्लब ज्वाईन की. इसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### 1999 में सबसे युवा महाधिवक्ता बने

दिग्विजय सिंह के शासन काल में 16 फरवरी 1999 को मध्यप्रदेश के सबसे युवा अधिवक्ता बने. इस दौरान कई पेचीदा मामलों में सरकार को संकट से उबारने में अहम भूमिका निभाई. इसी साल हाईकोर्ट के सीनियर वकील के रूप में नामित किए गए. 15 नवम्बर 2003 को महाधिवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया. नवम्बर 2000 में मध्यप्रदेश के विभाजन के दौरान एमपी और छत्तीसगढ़ के बीच मचे विवाद को सुलझाने व सुलह कराने में प्रमुख भूमिका निभाई।

### प्राकृतिक आपदाओं में मसीहा बनकर उभरे

पूरब से पश्चिम और दक्षिण से उत्तर तक जब भी, जहाँ भी और जैसी भी आपदा आयी विवेक तन्खा अपनी टीम के साथ वहां मदद के लिए पहुँचे. 22 मई 1997 को जबलपुर में आए विनाशकारी भूकम्प के बाद घाना गांव में भारी तबाही हुई. 66 परिवार घर से बेघर हो गए तब आपने रोटरी के जरिए सभी 66 घरों का पुनर्निर्माण कर ग्रामीणों को उदास जिंदगी को दुबारा खुशियों से भर दिया।

### उड़ीसा में पहुँचायी राहत

सन 2002 जब भूकम्प के बाद उड़ीसा में हाहाकार मचा था तब आपने रोटरी टीम के दिल खोलकर जरूरतमंद लोगों की सहायता की. और रेलवे के 18 बैगन के मार्फत दवाएँ, खाद्यान्न व अन्य राहत सामग्री पहुँचायी।

### गुजरात व कश्मीर में भी दिखा मानवीय चेहरा

26 जनवरी सन 2002 को गुजरात के भुज में भूकम्प के रूप में आयी तबाही के दौरान विवेक तन्खा की टीम ने हर सम्भव लोगों की सहायता की. घायलों की तादाद ज्यादा होने के कारण वहां महीनों अस्थायी अस्पतालों के जरिए पीड़ितोंको राहत दिलायी। सन 2005 में कश्मीर के उरी में भी भूकम्प पीड़ितों की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ी। कोरोना पीड़ितों की मदद के लिए देश दुनिया में सुर्खियों में रहे सदी की सबसे बड़ी कोरोना महामारी के कहर को कौन भूल सकता है? मध्यप्रदेश से लेकर छत्तीसगढ़ तक आक्सीजन की कमी से ना जाने कितने लोग काल के गाल में समा रहे थे। ऐसे संकट के समय विवेक तन्खा ने दोनों राज्यों में पर्याप्त मात्रा में सिलेण्डर उपलब्ध कराए जिसके बाद आक्सीजन के अभाव में मौतों का सिलसिला थम गया। देश के अन्य कई शहरों में भी कोरोना पीड़ितों को मदद कर आपने देश दुनिया में सुर्खियां बटोरीं।

### मेगा हेल्थ केम्प बने लाखों लोगों के लिए राहत

समय समय पर लगाए जाने वाले मेगा हेल्थ केम्प के माध्यम से लाखों मरीजों और जरूरतमंदों को लाभ पहुँचाया जा चुका है. बिलासपुर, शहडोल, मण्डला, नरसिंहपुर, जबलपुर सहित कई जिलों में आयोजित किए गए विशाल स्वास्थ्य शिविर की सफलता जग जाहिर है. इन शिविरों में केवल परीक्षण की औपचारिकता नहीं निभाई गयी, बल्कि विशेषज्ञों की टीम ने जरूर पड़ने पर हजारों मरीजों के नि:शुल्क आप्रेशन किए. बिना सरकारी मदद के अत्यन्त विशाल पैमाने पर लगने वाले इन शिविरों की देशव्यापी पहचान बन चुकी है।

### विशेष बच्चों से है विशेष लगाव

सुप्रीम कोर्ट के नामवर वकील और दो बार से कांग्रेस से राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा को 卐विशेष卐 बच्चों से विशेष लगाव है. जो बच्चे बोल नहीं सकते..सुन नहीं सकते..समझ नहीं सकते..जिन बच्चों को माता पिता बोझ समझने लगते हैं, ऐसे बच्चों को पढ़ाने लिखाने, उन्हें काबिल बनाने जस्टिस तन्खा मेमोरियल स्पेशल चिल्ड्रन स्कूल की स्थापना की गयी. जबलपुर, बिलासपुर,मण्डला, नरसिंहपुर सहित कई जिलों में चल रहे इन स्कूलों के बच्चे समय समय पर अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाकर यह संदेश देते हैं कि श्रीमती आरती और विवेक तन्खा की मेहनत रंग ला रही है।

### दलगत राजनीति से ऊपर उठकर करते हैं सेवा

जाति, धर्म व दलगत राजनीति से ऊपर उठकर परोपकारी कार्य करने वाले विवेक तन्खा पीड़ित मानवता की सेवा को सबसे बड़ा धर्म मानते हैं. उनके पास आने वाला शख्स कभी निराश होकर नहीं लौटता, चाहे वह किसी भी जाति, मज़हब या सियासी पार्टी का हो. जिस तेजी के साथ देश की राजनीति में आप उभर रहें हैं, उससे यही आभास होता है कि एक दिन आप सियासत की उन बुलंदियों पर पहुँचेगे, जहाँ जबलपुर का नाम देश भर में रोशन होगा. जन्मदिन के मौके पर हम आपके दीर्घायु होने, सदा सदाबहार और स्वस्थत रहने की दुआ करते हैं।



## अमरकंटक एक्सप्रेस में लूट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** ट्रेनों एवं प्लेटफार्म में मौका मिलते ही लूट एवं चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक बदमाश को जीआरपी ने उस समय दबोच लिया जब वह घर में खर्राटे भर रहा था। पकड़े गए चोर से 105000 के कीमती मोबाइल जप्त करते हुए उसके विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की गई।

इस घटना के संबंध में मदन महल जीआरपी चौकी प्रभारी राजेश राज ने जानकारी देते हुए बताया कि गोटेगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत परसवाड़ा ग्राम का रहने वाला शातिर बदमाश 25 वर्षीय दिनेश पटेल पिता सुखराम पटेल आदतन अपराधी है उक्त आरोपी द्वारा 2 सितंबर को दिल्ली निवासी कुंवर विजय प्रताप सिंह जो अमरकंटक एक्सप्रेस में दुर्ग से भोपाल की यात्रा कर रहे थे उनकी बच्ची से उस समय मोबाइल लूट कर फरार हो गया था जब बच्ची मोबाइल में गेम खेल रही थी इस घटना की रिपोर्ट पीड़ित पक्ष द्वारा भोपाल जीआरपी में शिकायत दर्ज कराई थी डायरी जिसमें जीरो में कायमी होकर जीआरपी मदन महल पहुंची इसके बाद चौकी प्रभारी द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए उक्त बदमाश की सरगर्मी से तलाश के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की उक्त शातिर बदमाश अपने घर में सो रहा है जानकारी मिलते ही जीआरपी ने दबिश देते हुए आरोपी को अपने गिरफ्त में लेने के बाद जब उससे कड़ाई से पूछताछ की गई तो अनेक चोरियों का खुलासा हुआ जीआरपी ने आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया, आरोपी से इटारसी व जबलपुर के बीच चोरी किए गए 7 मोबाइल विभिन्न कंपनियों के कीमती 88,500/रुपए के जप्त करने में सफलता हासिल हुई।

## उड़ान वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्य ने तन्खा मेमोरीयल मनाया अपना जन्मदिन




**जबलपुर, देशबन्धु।** उड़ान वेलफेयर फाउंडेशन के सक्रिय सदस्य, संस्था की रीढ़ टी आर सनोदिया का जन्मदिन जस्टिस तन्खा मेमोरियल स्कूल में मनाया गया। सभी बच्चों, उपस्थित सभी सदस्यों एवं स्कूल स्टाफ के लिए लंच की व्यवस्था की गई और बच्चों में खुशियां बांटी गई। इस प्रकार के कार्य करने से जन्मदिन तो शुभ और कुशल होता ही है। साथ ही उनका निस्वार्थ आशीर्वाद और दुआएं हमें जीवन पर्यंत खुशियां प्रदान करती हैं ।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं कई संस्थाओं के प्रमुख बलदेव सिंह मैनी, कदम संस्था के संस्थापक योगेश गनौरे, संदीप गौर, उड़ान वेलफेयर की अध्यक्ष प्रीति गुप्ता एवं संस्था के सदस्य संजय खत्री, राजेश असाटी, मीना गुप्ता, अशोक गुप्ता, निशांत पटेल, विजय जोगलेकर, सौरव कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## एकलव्य छात्रावास विद्यालय से लेकर कलेक्टर को खिलाने पहुंचे एनएसयूआई छात्र नेता



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष सचिन रजक के नेतृत्व में पदाधिकारीगण आज दोपहर रामपुर छापर स्थित आदिवासी एकलव्य छात्रावास विधालय से भोजन पैक करके कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंच और कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियां से भोजन करने की मांग की। जिला अध्यक्ष सचिन रजक ने बताया कि सोमवार को आदिवासी भाईयों के वोट के जुगाड़ में शिवराज सिंह चौहान ने जनजाति नायक शंकरशाह रधुनाथ शाह के बलिदान दिवस कार्यक्रम में जबलपुर पहुंचे थे। शाम को आदिवासी छात्रावास में विषाक्त भोजन से करीब 150 बच्चे प्रभावित हुये। जिन्हें इलाज के लिये मेडीकल एवं जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। प्रभावित बच्चों को ना ही एम्बुलेंस मिली, और ना ही उपचार, एवं दवा के लिये भी बच्चे तरसे रहे। जिसके विरोध में कलेक्टर की लगी नींद को देखते हुय छात्र भोजन लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों से मिलकर मांग की गई कि कलेक्टर सहित हम सब भोजन ग्रहण करें, जो कि आदिवासी छात्र कर रहे हैं। क्या यह सालाना ढाई करोड से संचालित हो रही रसोई का भोजन है या गुणवत्ताहीन। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि मध्यप्रदेश में बैठी सरकार सिर्फ भ्रष्टाचार में लीन हैं और 50 प्रतिशत कमीशन में चल रही है जिसका नतीजा आज आदिवासी छात्रों को देखना पड़ा। इस दौरान जिला अध्यक्ष सचिन रजक, मोहम्मद अली, यशु नीखरा, शुभम यादव, अभिषेक दाहिया, नितीश बड्डा, अर्पित दाहिया, समीर धुर्वे, अनुज यादव, सैमुअल जैबियर, आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना का शुभारंभ

**जबलपुर,देशबन्धु।** भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हितग्राहियों से फार्म भरवाने के कार्य का शुभारंभ किया। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि कृषकों को स्थाई कृषि पंप कनेक्शन देने के लिए मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना शुरू की गई है। योजना में तीन हार्स पॉवर या अधिक क्षमता के स्थाई पंप कनेक्शन के लिए 200 मीटर तक की दूरी के 11 केवी लाइन के विस्तार, वितरण ट्रांसफार्मर की स्थापना और निम्न दाब लाइन केबल विस्तार कार्य शामिल हैं।

# बुढ़ानसागर का पानी रोकने के लिए पंचायत प्रशासन ने आनन-फानन में डाली मुरुम की मेढ़

## शरारती तत्वों पर कार्यवाही न होने से ग्रामीणों में रोष, मुरम की मेढ़ डालकर पानी रोकना नाकाफी

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत गांधीग्राम स्थित बुढ़ानसागर वर्तमान नाम (व्यवहार सरोवर ) जो की जबलपुर जिले का सबसे बड़ा तालाब है मैं विगत दिवस प्रकाशित देशबन्धु की खबर के अनुसार कुछ शरारती तत्वों ने जेसीबी मशीन से मेढ़ खोदकर मोघा खोल दिया था! जिससे उक्त मोघा ने नहर का रूप अख्तियार कर लिया था जिसके कारण लाखों गैलन पानी बर्बाद हो गया था।

उक्त खबर के देशबन्धु द्वारा अपने सोमवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित करने के कारण पानी की बर्बादी की जानकारी जब उच्च अधिकारियों को लगी तो अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा धीरेंद्र सिंह के निर्देश पर तत्काल ग्राम पंचायत प्रशासन गांधीग्राम ने तालाब के बंधान

**देशबन्धु की खबर का असर**

एरिया में मुरम डालकर पानी की बर्बादी को रोक दिया गया है जो कि ना काफी है!

वहीं क्षेत्र वासियों का कहना है कि केवल मुरम डालकर नहर को बंद करने से समस्या हल नहीं होगी! ग्रामीणों की मांग है कि उक्त जगह पर पक्का निर्माण कर पानी की बर्बादी को रोका जाए, साथ ही उक्त शरारती तत्वों का पता कर उनके ऊपर सख्त दंडात्मक कार्यवाही की जानी चाहिए! ग्रामीणों ने बताया कि अगर प्रशासन ने इस तरह के शरारती तत्वों पर सख्त कार्रवाई नहीं की तो आने वाले




समय में तीन पंचायत के ग्रामीण आंदोलन करने पर बाध्य होंगे! साथ ही ग्रामीणों ने तालाब के कैचमेंट एरिया में अतिक्रमण कर पक्के निर्माण करने वालों के ऊपर कठोर दंडात्मक कार्यवाही करने की मांग की है!

विदित हो कि तालाब के कैचमेंट एरिया में होटल ढाबे धर्मकांटों के साथ-साथ बहुत सारे पक्के निर्माण एवं कोयला डंपिंग यार्ड आदि बनाकर कैचमेंट एरिया में नियम विरुद्ध अनुमति देने से अतिक्रमण किया गया है!

क्षेत्र के संतोष चक्रवर्ती राजकुमार पाल सतीश चौरसिया राधारमण कोरी गिरानी लालकोरी एस कुमार यादव अशोक बाल्मिक सोनू केवट आदि ग्रामीणों ने देशबन्धु को बताया की इस संबंध में शीघ्र ही जिला कलेक्टर जबलपुर को प्रमुख सचिव राजस्व भोपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर नाजायज रूप से पक्के अतिक्रमण कर कैचमेंट एरिया में निर्माण करने वालों के खसरा बटांक निरस्त करने की मांग की जाएगी, विदित हो की अभी हाल ही में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गोंडवाना काल की विरासत को सहेजने की घोषणा की है, उक्त बुढ़ानसागर तालाब गोंडवाना काल मैं गोंडवाना के राजा हृदय शाह के काल में निर्मित हुआ था! साथ ही प्रशासन से इतने बड़े तालाब के संरक्षण की मांग के साथ-साथ विशाल जल राशि को सहेजने की मांग क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमियों ओम समद पंडित ज्वाला प्रसाद दुबे एडवोकेट राघवेंद्र त्रिपाठी ठाकुर नारायण सिंह विनोद बर्मन खन्ना राजकुमार यादव धर्मेंद्र चौरसिया आदि ने की है।

**सार-समाचार**

## नगर में जगह-जगह विराजे भगवान गणपति

**पनागर, देशबन्धु।** अपनी परंपरा के अनुरूप नगर में एकदंत भगवान गणपति जी का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया जा रहा है नगर की भगवान गणपति जी की स्थापना जागृति गणेश उत्सव समिति बड़े स्कूल वही अभिमन्यु चौक में अटल गणेश उत्सव समिति की भव्य प्रतिमा स्थापना के साथ अन्य मुख्य स्थान पर विशाल प्रतिमा की स्थापना की जा चुकी है तो घर-घर भी भगवान गणेश की स्थापना जोरों शोरों से की जा रही है लगभग अधिकतर भक्त जनों द्वारा स्थापना की जा चुकी है और पूजा अर्चना भी प्रारंभ हो चुकी प्रतिदिन प्रातः और स्वयं कल पूजन के साथ महा आरती भी प्रारंभ हो चुकी है तो अनेक गणेश प्रतिमा के पंडाल में साज सज्जा तथा विद्युत का भी काम चल रहा है नगर के युवा वर्ग भी इस महत्वपूर्ण धार्मिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं नगर से मूर्तिकारों के पास से अभी भी ग्रामीण क्षेत्र बैंड बाजा के साथ प्रथम की जा रही हैं नगर में धर्म में वातावरण बना हुआ है।



## पर्वतारोही रागिनीवर्मा ओंकार अलंकरण से पुरस्कृत

**पनागर, देशबन्धु।** लगातार माउंट ट्रेनिंग और ट्रैकिंग के क्षेत्र में आगे बढ़कर मध्य-प्रदेश व जबलपुर का नाम रोशन करने वाली पर्वतारोही रागिनी वर्मा को ओंकार अलंकरण प्रतिमा सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया । यह पूर्व मंत्री स्वर्गीय पंडित ओंकार प्रसाद तिवारी की पुण्य स्मृति गोपाल सदन गोपाल बाग में ओंकार अलंकरण प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षा, खेल, साहित्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 18 विभूतियों को सम्मानित गया । कार्यक्रम में साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी, महामंडलेश्व अखिलेश्वरानंद गिरी, साध्वी विभानंद गिरी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू प्रभात साहू मौलाना सैयद अरसद रब्बानी, मो. कमर सिद्दकी अतिथि के रूप में शामिल हुए समिति प्रधान संयोजक रवि गुप्ता समिति संयोजक राजेश पाठक %प्रवीण% कार्यक्रम संयोजक अनिल तिवारी आलोक तिवारी , अनूप तिवारी व पं. वासुदेव शास्त्री, शुभम मिश्रा मौजूद रहे।

## मंडी कर्मचारियों हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

**सिहोरा, देशबन्धु।** संयुक्त मोर्चा संघ मंडी बोर्ड भोपाल के शीर्ष नेतृत्व के आवाहन पर संयुक्त मोर्चा संघ शाखा मंडी सिहोरा की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही जिसमें संगठन की मांगों को लेकर बुधवार को भी पूरी न करने के विरोध में सिहोरा मंडी के सभी कर्मचारी निरंतर हड़ताल पर हैं इसी क्रम मे संयुक्त संघर्ष मोर्चा भोपाल के संयोजक श्री बी.बी फौजदार जी से प्रदेश स्तर पर निरंतर इस विषय पर चर्चा की जा रही है और शासन को उनके द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि जब तक हमारे कर्मचारीयो के आमेलन की मांग पूरी नहीं होती तब तक हम अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बने रहेंगे।

मंडी कर्मचारी संघ सिहोरा की संरक्षक श्रीमती सविता धुर्वे, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्री रामरूद्र तिवारी, संघ की उपाध्यक्ष श्रीमती सुलेखा सलाम, संघ के वरिष्ठ श्री ऋतुराज तिवारी, प्रियंका शुक्ला, दुर्गेश नंदिनी सिंह, पुष्पलता सिंह,इंदुलता धुर्वे, लेमेक सोना,श्री मनीष उपाध्याय, श्री योगेंद्र सोंधिया,सौरभ मिश्रा,श्री अभय दुबे,श्री अनिकेत सिंह, श्री संतोष सिंह गौड, श्री खेमकुमार पनिका, श्री मनोज कोरी, श्री हरिप्रसाद यूके, श्री विवेक गुप्ता,श्री अजित तिवारी,श्री नितिन गुप्ता, श्री दिनेश लोखंडे, श्री राहुल सेन,श्री जनार्दन तिवारी, श्री रमेश तिवारी, श्री राजाराम पटेल, श्री दुर्गा पटेल, श्रीमती मंजू सोनी,आज दिनांक 20/09/2023 के तीसरे दिवस की हड़ताल पर सभी मंडी सिहोरा के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

## संतान सप्तमी पर ग्राम देवरी में आज होगा दंगल

**बरेला, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत देवरी पटपरा में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संतान सप्तमी के अवसर पर आज दंगल का आयोजन किया गया है. आयोजन समिति ने सभी दंगल प्रेमियों पहलवान और. खलीफाओं से दंगल में शामिल होकरकुश्ती कला को बढ़ावा देने की अपील की है।.

## अनिल तिवारी 25 वीं बार श्री गोविंदगंज रामलीला समिति के अध्यक्ष बने

**जबलपुर, अग्निबाण।** अनिल तिवारी पुन श्री गोविंदगंज रामलीला समिति के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। श्री तिवारी लगातार 25 सालों से समिति के अध्यक्ष बनते आ रहे हैं। पहली बार 5 नवंबर 1999 को अनिल तिवारी अध्यक्ष नियुक्त हुए थे तब से लेकर आज तक श्री तिवारी निर्विरोध अध्यक्ष बनते आ रहे हैं। अनिल तिवारी ने अपने अध्यक्ष कार्यकाल के बारे में जिक्र करते हुए बताया कि छोटे भाई आलोक और समिति के निरंतर सहयोग से वह इस समिति का संचालन कर पा रहे हैं।



शुरूआती दौर पर कुछ कठनाईयां अवश्य सामने आई परंतु सभी के सहयोग से सभी समस्याओं का हल हो गया। अनिल तिवारी का कहना है कि समिति को को लेकर निरंतर भव्यता प्रदान करने का प्रयास जारी है साथ ही आधुनिकता के दौर में रामलीला मंचन पर वह सब दिखे इसके लिए पूरी समिति मेहनत और प्रयास कर रही है। श्री गोविंदगंज रामलीला समिति के चुनाव के दौरान पं. अनिल तिवारी के साथ-साथ महामंत्री मनीष पाठक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमल किशोर तिवारी पिंटू राजीव गोयल, राकेश पाठक, आरएस शर्मा, रवि गुप्ता, राजेश पाठक, रमाकांत दुबे, विजय सरावगी, शंभू दयाल बड़ेरिया, उमाशंकर रैकवार, अजय तिवारी, पप्पू अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, बृज बिहारी नगरिया, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, सुशील गुप्ता समेत समिति के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पर स्थित रहे।

## मावे की अंतर्राष्ट्रीय बिजनेस मीट का आयोजन 25 सितम्बर से

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश एसोसिएशन ऑफ वूमेन एंटरप्रेन्योर द्वारा 25, 26 सितम्बर को होटल कृष्णा में अंतर्राष्ट्रीय बिजनेस मीट का आयोजन किया जा रहा है। बिजनेस मीट में अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस के साथ अंतराष्ट्रीय प्रदर्शनी विविधा बाय मावे का भी आयोजन किया जा रहा है। इस बिजनेस मीट में एक ओर जहां 14 से अधिक देशों से महिला उद्यमियों का आगमन हो रहा है वहीं दूसरी ओर देश के लगभग सभी राज्यों से महिला उद्यमियों का आना हो रहा है।




मावे की फाउंडर प्रेसिडेंट डा अर्चना भटनागर द्वारा महिला उद्यमियों को विश्व व्यापार से अवगत कराने हेतु इस प्रकार के अंतर्राष्ट्रीय मीट लगातार आयोजित किये जा रहे हैं । इस मौके पर अध्यक्ष भावना मदान ने वरिष्ठ सतरूपा राबरा तथा सचिव संध्या बोरकर आदि मौजूद थी।

## विकास कार्यों के आधार पर जनता का आशीर्वाद लेने आ रही भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा : आशीष



**जबलपुर,देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में जन आशीर्वाद यात्राएं निकाली जा रही हैं। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने प्रदेश में विकास एवं जन-सुविधाओं के विस्तार की दिशा में जो इबारत लिखी है उसके बदले में जन आशीर्वाद यात्राओं को पूरे मध्यप्रदेश में अभूतपूर्व जनसमर्थन एवं आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। प्रदेश-भर में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करने वाली जन आशीर्वाद यात्रा अब जबलपुर आ रही है, जहां बीते सालों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने विकास के नए कीर्तिमान रचने का प्रयास किया है। इसलिए संस्कारधानी में भी इस यात्रा को जनता का वैसा ही समर्थन और आशीर्वाद मिलेगा। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने बुधवार को पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान प्रदेश सरकार का रिपोर्ट कार्ड भी प्रस्तुत किया गया।

प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि देश-प्रदेश में लंबे समय तक कांग्रेस की सरकारें रहीं और इस दौरान कई जानीमानी हस्तियों ने जबलपुर का प्रतिनिधित्व किया। लेकिन विकास के मामले में संस्कारधानी उपेक्षित ही रही। भाजपा की सरकार आने के बाद संस्कारधानी जबलपुर में विकास एवं जन सुविधाओं का उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। श्री अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश का दूसरा ग्लोबल स्किल पार्क जबलपुर में बनाने की घोषणा की है और इस क्षेत्र की बहुत समय से लंबित नर्मदा कॉरिडोर की मांग भी पूरी की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जबलपुर को वंदे भारत एक्सप्रेस का उपहार दिया है। इसके अलावा एयरपोर्ट का विस्तार, फलाईओवर और सड़कों के जाल जैसी कई सौगातें जबलपुर को दी है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने नारी शक्ति वंदन

### कांग्रेस पर लगाये कई आरोप

अधिनियम लोकसभा में पेश किया है, जो एक अभिनंदनीय कदम है और इसके लिए में प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी वास्तव में महिलाओं को सशक्त, सक्षम और स्वाबलंबी बनाना चाहती है और उसकी यही सोच सरकारों की योजनाओं, निर्णयों और कदमों से प्रतिबिंबित होता रहा है। प्रधानमंत्री ने देश के इतिहास में पहली बार एक आदिवासी महिला श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को देश के सर्वोच्च पद पर सुशोभित किया है। बड़ी प्रसन्नता की बात है कि जबलपुर से राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि को राज्यसभा के सभापति एवं भारत के उपराष्ट्रपति द्वारा उपाध्यक्षों के पैनल में नामित किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारें महिलाओं की समृद्धि के लिए, उनकी उन्नति के लिए, प्रगति के लिए समर्पित है। आज देश में मध्यप्रदेश की लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना योजना ने कीर्तिमान स्थापित किया श्री अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने कामों का हिसाब-किताब जनता के सामने रखकर जन आशीर्वाद यात्राओं के माध्यम से जनता का आशीर्वाद मांगती रही है। इस बार भी इन यात्राओं को जनता का अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। भाजपा को मिल रहे इस जनसमर्थन को देख कांग्रेस के नेता बौखला गए हैं। चूंकि कांग्रेस के पास प्रदेश के विकास के लिए कोई योजना या रोड मैप नहीं है और न ही उनकी 15 महीने की सरकार ने ऐसा कोई काम किया है, जिसे जनता के बीच रखा जा सके। ऊपर से दिग्विजयसिंह और कमलनाथ के कुशासन की स्मृतियां आज भी प्रदेश के जनमानस को आतंकित करती हैं।

इस अवसर पर विधायक अजय विश्नोई, विधायक अशोक रोहाणी, पूर्व मंत्री शरद जैन, पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, भाजयुमो के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं यात्रा के सह प्रभारी अभिलाष पांडे, व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता शशिकांत शुक्ला, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रशांत तिवारी गोलू,समरसता कार्यक्रम प्रभारी संदीप जैन जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत साहू, जिला सह मीडिया प्रभारी रवि शर्मा उपस्थित रहे।

## मंडी प्रांगण पनागर में खाद वितरण शुरू

### विधायक सुशील इंदु तिवारी ने किया शुभारंभ

**पनागर, देशबन्धु।** क्षेत्रीय किसानों को कृषि कार्य हेतु आवश्यक खाद जैसे यूरिया, जिंक, डीएपी सहित अन्य उर्वरक के लिए बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

पनागर विधायक सुशील तिवारी ने किसानों की इस समस्या को गंभीरता से लिया है और जिसके बाद विधायक सुशील इंदु तिवारी द्वारा कृषि अधिकारियों एवं सेंकडों किसानों की उपस्थिति में कृषि उपज मंडी प्रांगण में डबल लॉक सिस्टम शुभारंभ किया गया जिसके बाद से अब किसानों को डीएपी, जिंक, यूरिया सहित आदि अन्य उर्वरक आसानी से कृषि उपज मंडी प्रांगण में ही उपलब्ध हो जाएंगी, इसके लिए क्षेत्रीय किसानों ने



विधायक को धन्यबाद प्रेषित किया कार्यक्रम में उपस्थित नगर मंडल अध्यक्ष अंकुर जैन,मंडल अनिल पटेल,मंडल अध्यक्ष मोनू खरे,जिला कार्यालय मंत्री आनंद साहू ,दीनदयाल पटेल,सर्वेश मिश्रा,श्री रवि कुमार आम्रवंशी कृषि उपसंचालक , श्रीमती प्रतिभा गौर अनुविभागीया कृषि अधिकारी,श्रीकीर्ति वर्मा सहाइक संचालक कृषि,श्री पंकज शर्मा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पनागर, श्री आर के परोहा कृषि विकास अधिकारी,डी के नेमा, जे पी. मांजी,श्रीमती मोनिका झा,श्रीमती संगीता सिंह ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी, महामंत्री शैलेंद्र साहू ,अनिल वंशकार,पार्षद मुकेश वंशकार,दीपांशु नामदेव,राजेश तिवारी,प्रकाश कुशवाहा,रामदीन साहू,पवन पटेल,सोनू खम्परिया, देवेंद्र कुशवाहा,अतुल सैनी,संतोष सैनी,गोरल खत्री,राजेश पटेल,अरविंद पटेल,मुकेश दुबे,विनय पटेल,संतोष साहू कार्यक्रम का संचालन के के पटेल ने किया।

## सरकार के खिलाफ किसानों की नाराजगी ने बढ़ाई प्रत्याशियों की चिंता

**पाटन देशबन्धु।** चुनावी साल में शिवराज सरकार कर्मचारियों,अधिकारियों एवं हर जाति,वर्ग को साधने में जुटी है। वही सरकार के खिलाफ प्रदेश का सबसे बड़ा वोट बैंक यानी प्रदेश का अन्नादाता नाराज चल रहा हैं। गौरतलब है कि किसानों की नाराजगी से सरकार के भी हाथ पाव फूल रहे है। इंटेलिजेंस रिपोर्ट की मानें तो यदि समय रहते किसानों को नहीं साधा गया तो वे प्रदेश की 170 सीटों पर भाजपा का खेल बिगाड़ सकते हैं।

किसानों की मानें तो सरकार के द्वारा अन्नदाता की आय दोगुना करने के सारे दावे फेल साबित हो रहे है। सरकार ने 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने का दावा किया था, लेकिन इससे उल्टा प्रदेश के किसानों की आय दिनों दिन घटती जा रही है। किसानों की आय दोगुना करने के सारे दावे फेल साबित हुए है। किसानों के बिजली बिल जमा नहीं होने पर जमीन के कुर्की के आदेश हो रहे हैं। किसानों को ऋण जमा करने के लिए सहकारी संस्थाओं द्वारा नोटिस जारी हो रहे हैं वही किसानों को नहरों से पानी नहीं मिल रहा है विद्युत कटौती से किसान बेहद नाराज है इससे प्रदेश के किसानों में सरकार के प्रति भारी रोष व्याप्त है। जिससे सरकार की आगे की राह आसान नहीं दिख रही है। मप्र में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले अन्नदाता के मन की बात को परखने के लिए भाजपा



और कांग्रेस ने प्लान तैयार कर लिया है। कांग्रेस ने बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों के बहाने किसानों में पैठ बनाने की तैयारी कर ली है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने सभी जिला अध्यक्ष जिला प्रभारियों को इस बात के निर्देश दिए हैं कि वह बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का आंकलन करने के लिए किसानों के बीच जाएं। खेतों में जाकर फसलों के नुकसान का आंकलन कर अपनी रिपोर्ट पीसीसी को दें। वहीं भाजपा के नेता भी किसानों को साधने में लगे हुए हैं। लेकिन वास्तविक किसानों को सरकारी योजनाओं का पर्याप्त लाभ नहीं मिल पा रहा है इसलिए किसान सरकार से नाराज है। मप्र में 230 विधानसभा सीटों में से 170 सीटें ऐसी हैं जहां किसान वोट निर्णायक भूमिका में हैं। प्रदेश की 80 फीसदी आबादी ग्रामीण इलाकों से आती है।

## बिहार में महिलाओं को मिले आरक्षण से प्रेरित है केंद्र का महिला आरक्षण विधेयक : जदयू

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने केंद्र के महिला आरक्षण विधेयक को बिहार में महिलाओं को मिले आरक्षण से प्रेरित बताया और कहा कि इससे केंद्र सरकार ने एक बार फिर साबित कर दिया कि बिहार जो आज करता है, कल पूरा देश उसे अपनाता है। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने केंद्र सरकार के महिला आरक्षण विधेयक को बिहार में महिलाओं को मिले आरक्षण से प्रेरित बताते हुए मंगलवार को कहा कि महिला आरक्षण बिल लाकर केंद्र सरकार ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि बिहार जो आज करता है, कल पूरा देश उसे अपनाता है। भले ही अपने राजनीतिक स्वार्थों के कारण केंद्र के नेता बिहार के खिलाफ दुष्प्रचार करते रहे लेकिन अंदर से उन्हें भी पता है कि महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए बिहार सरकार द्वारा किए गए कार्य पूरे देश के सामने एक नजीर हैं।

# अगले हफ्ते कोरिया, चीन, जापान की होगी उच्च स्तरीय वार्ता

**सोल**, (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया, चीन और जापान त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन की योजना बना रहे हैं। तीनों देशों के नेता सोल में अगले हफ्ते मिलेंगे जिसमें एक दूसरे के साथ संबंध मजबूत बनाने के मुद्दे पर चर्चा होगी।

■ एक-दूसरे के साथ संबंध मजबूत बनाने के मुद्दे पर होगी चर्चा



सोल में विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि 26 सितंबर को होने वाली बैठक में दक्षिण कोरिया के उप विदेश मंत्री चुंग ब्यूंग-वोन, जापान के वरिष्ठ उप विदेश मंत्री ताकेहिरो फुनाकोशी और चीन के विदेश मामलों के सहायक मंत्री नोंग रोंग एक साथ बैठक करेंगे। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय के प्रवक्ता लिम सू-सुक ने कहा कि तीनों पक्ष अपने त्रिपक्षीय सलाहकार निकाय से संबंधित विभिन्न मामलों पर चर्चा करेंगे और तीनों देशों के बीच सहयोग की वर्तमान स्थिति और भविष्य की दिशा की समीक्षा करेंगे। मंत्रालय के एक अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि बैठक में संभावित त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन से संबंधित मामलों पर भी चर्चा होगी जो 2019 से निलंबित है। अधिकारी ने कहा, त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन को एक साल के भीतर आयोजित करने के उद्देश्य से इस समय चर्चा चल रही है।%% उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन की तारीख तय करने के लिए तीनों पक्ष विदेश मंत्री स्तरीय बैठक कर सकते हैं। तीनों पड़ोसी देशों के बीच तीन-तरफा शिखर सम्मेलन दक्षिण कोरिया और जापान के बीच जबरन श्रम मुआवजे के फैसलों और महामारी पर विवाद के बाद दिसंबर 2019 में आठवीं बैठक के बाद निलंबित कर दिया गया था। त्री-पक्षीय

**जी-7 विदेश मंत्रियों की अगली बैठक जापान में होगी**

**टोक्यो।** जी -7 विदेश मंत्रियों की अगली बैठक सात से आठ नवंबर को जापान में व्यक्तिगत रूप से होगी। जापानी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने संवाददाताओं से कहा, जापान जी7 विदेश मंत्रियों की अगली बैठक सात से आठ नवंबर को जापान में आयोजित करेगा, यह विर्चुअलि नहीं, बल्कि व्यक्तिगत रूप से होगी।

## इमरान की बहनों की अंतरिम जमानत बढ़ी

**इस्लामाबाद, (एजेंसियां)।** लाहौर की एक आतंकवाद निरोधक अदालत (एटीसी) अदालत ने 9 मई को हुई हिंसक घटनाओं के सिलसिले में पीटीआई नेता असद उमर, पार्टी अध्यक्ष इमरान खान की दो बहनों की अंतरिम जमानत मंगलवार को 4 अक्टूबर तक बढ़ा दी। अल-कादिर ट्रस्ट मामले में 9 मई को खान की गिरफ्तारी से हिंसा भड़क गई थी, जिसमें महत्वपूर्ण सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला हुआ था।

2 सितंबर को, लाहौर एटीसी ने उमर और इमरान की बहनों अलीमा खान और उज्मा खान की गिरफ्तारी पूर्व जमानत 19 सितंबर तक बढ़ा दी थी। मंगलवार को सुनवाई के दौरान एटीसी जज आभार गुल ने पुलिस से जांच का पूरा रिकॉर्ड मांगा है। सुनवाई के दौरान अलीमा ने कहा कि वह जिन्ना हाउस नहीं गई थीं, जहां 9 मई को तोड़फोड़ की गई थी और फिर भी उनका नाम इस मामले में जोड़ दिया गया।

अलीमा ने कहा, हम न्याय के लिए अदालत में आए हैं। हम न्याय की मांग करते हैं।

# ईरान की जेलों में बंद पांच अमेरिकी नागरिक रिहा

**वाशिंगटन।** ईरान में वर्षों से जेल में बंद और व्यापक रूप से बंधक माने जाने वाले पांच अमेरिकी नागरिक अपने घर वापस लौट रहे हैं। यह जानकारी बीबीसी ने मंगलवार को दी।



कतर की मध्यस्थता में इस विवादास्पद अदला-बदली की आखिरी प्रक्रिया तब शुरू हुई जब दक्षिण कोरिया में रखे हुए ईरान के 6 अरब डॉलर दोहा के बैंकों में पहुंच गए। इसके बाद ईरान में चार पुरुष और एक महिला को एक चार्टर्ड विमान से कतर की राजधानी के लिए रवाना किया गया। उनसे वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों ने मुलाकात की और अब वे वाशिंगटन के लिए रवाना हो चुके हैं। इन अमेरिकियों में ईरान की कुख्यात एविन जेल में लगभग आठ वर्षों से बंद 51 वर्षीय कारोबारी सियामक नमाजी, कारोबारी एमाद शारगी (59) और पर्यावरणविद् मोराद तहबाज (67) शामिल हैं। अमेरिका ने कहा कि उसके नागरिकों को राजनीतिक फायदे के लिए आधारहीन आरोपों में जेल में बंद रखा गया। सबसे पहले एक समझौता हुआ और उन्हें अगस्त के मध्य में एविन जेल से तेहरान में एक सुरक्षित घर में रखा गया।

अमेरिकी जेलों में बंद पांच ईरानियों, मुख्य रूप से अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के आरोप में, उन्हें भी इस अदला-बदली में क्षमादान दिया जा रहा है लेकिन उनमें से सभी के ईरान लौटने की उम्मीद नहीं है। ईरान ने इनके नाम रेजा सरहंगपुर, कंबिज अतर कशानी, कावेह लोतफोलाह अफरासियाबी, मेहरदाद मोइन अंसारी और अमीन हसनजादेह हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने विमान के दोहा पहुंचने के बाद कहा कि ईरान में कैद पांच निर्दोष अमेरिकी आखिरकार आज घर वापस लौट रहे हैं।

## आज का इतिहास

1784 –अमेरिका का पहली बार दैनिक अखबार (पेनसिलवेनिया पैकेट एंड जनरल एडवरटाइजर) छपा।
1790 – पालघाट ने जनरल मेडोव के नेतृत्व में ब्रिटिश टुकड़ी के समक्ष 60 बंदूकों के साथ आत्मसमर्पण किया।
1815 – किंग विलियम प्रथम ने ब्रुसेल्स में शपथ ली।
1857 – बहादुर शाह द्वितीय ने अंग्रेजों के समक्ष आत्मसमर्पण किया।
1885 – नीदरलैंड के लोगों ने चुनावों में मतदान के अधिकार के लिये प्रदर्शन किया।
1905 – %अटलांटा लाइफ इंश्योरेंस% कंपनी गठित हुई।
1928 –' माय विकली रीडर' मैगज़ीन की शुरुआत।
1938 – चक्रवाती तूफान(183 मील प्रति घंटे की रफ्तार) से न्यू इंगलैंड में 700 लोगों की मौत।
1942 – नाज़ियों ने यूक्रेन, डुनेवट्सी में 2588 यहूदियों की हत्या की।
1942 – बोइंग बी-29 सुपरफोर्ट्रेस ने अपनी पहली उड़ान भरी।
1964 – माल्टा ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता हासिल की।
1966 – मिहीर सेन ने बासफोरस चैनल तैरकर पार किया।
1999 – मध्य ताइवान में ची-ची भूकंप से 2400 लोगों की मृत्यु।

## सुडोकू 6323

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | | 5 | 7 | | 3 | | |
| | 8 | | 9 | | | | | |
| | 4 | 3 | | | 1 | | | |
| | | 2 | 8 | | | | | 9 |
| | 6 | | 1 | | 9 | | 4 | |
| 9 | | | | | 2 | 1 | | |
| | | | 4 | | | 5 | 6 | |
| | | | | | 6 | | 9 | |
| | | 6 | | 9 | 5 | | 8 | 1 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## संसद से

### स्थगन से हुई नए संसद भवन में राज्यसभा की शुरुआत

नए संसद भवन में राज्यसभा की कार्यवाही की शुरुआत स्थगन के साथ ही हुई और सदन के समवेत होते ही उसकी कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी गयी। नए संसद भवन में राज्यसभा की कार्यवाही का पहला दिन था और कार्यवाही की शुरुआत सवा दो बजे से होनी थी। सभापति ने सही सवा दो बजे सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए कहा कि वह सदन में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ महत्वपूर्ण विचार विमर्श के लिए कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर रहे हैं।

### राजनाथ को समझाते दिखे शाह

नई संसद में पहले दिन की कार्यवाही के रूप में मोदी सरकार ने बहुप्रतीक्षित महिला आरक्षण बिल को पेश कर दिया। लेकिन, जब केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़ा 128वां संविधान संशोधन नारी शक्ति वंदन विधेयक-2023 पेश कर रहे थे, उसी समय कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी, गौरव गोगोई और असदुद्दीन ओवैसी सहित कई विपक्षी सांसदों ने बिल के बिजनेस में शामिल नहीं होने और बिल की कॉपी नहीं मिलने का मुद्दा उठाकर हंगामा करना शुरू कर दिया। इस पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि नई तकनीक का जमाना है, नई संसद है, इसे टैब पर अपलोड कर दिया गया है, सांसद अपनी सीट पर टैब में देख सकते हैं। स्मृति ईरानी सहित कई केंद्रीय मंत्री भी विपक्षी सांसदों को यह बताते नजर आए कि टैब में बिल दिख रहा है। कई सांसदों और मंत्रियों ने तो अपने सामने लगे टैब को खोल कर खुद ही उसे ढूंढ लिया तो सदन में मौजूद कई कर्मचारी भी सांसदों की मदद करते नजर आए।

### देश के उत्थान में महिलाओं की ज्यादा भागीदारी होगी : वीके सिंह

महिला आरक्षण बिल पर केंद्रीय मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह ने कहा कि अब जरूरत थी कि नई संसद के साथ एक नई शुरुआत हो और जो चीज अटकी हुई है उसको आगे लाया जाए। बहुत अच्छी बात है कि महिला आरक्षण बिल की शुरुआत की गई है। इससे महिलाओं को अधिकार मिलेगा, महिलाओं का सशक्तिकरण होगा और देश के उत्थान में उनकी भागीदारी होगी।

### सभी महिलाओं को बधाई : चिराग

महिला आरक्षण बिल पर लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि सबसे पहले मैं देश की सभी महिलाओं को बधाई देता हूं। हम लंबे समय से इसकी उम्मीद लगाकर रखे हुए थे कि महिलाओं का अधिकार कब इस संसद में पारित होगा। इसमें लंबा समय लगा लेकिन हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास था। मुझे खुशी है कि आज सशक्त रूप में नारी शक्ति वंदना के रूप में इस बिल को प्रस्तुत किया गया है।

## यूएनजीए में ईरानी राष्ट्रपति से मिलेंगे फुमियो किशिदा

**टोक्यो।** जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के अधिवेशन से इतर ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी के साथ बैठक करने की योजना बना रहे हैं जबकि यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ कोई बातचीत निर्धारित नहीं है। क्योदो समाचार एजेंसी ने सरकारी अधिकारियों के हवाले से मंगलवार को यह जानकारी दी। क्योदो ने बताया कि श्री किशिदा यूएनजीए को अपने संबोधन में वैश्विक मुद्दों पर जापान का दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे और साथ ही परमाणु निरस्त्रीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए सहयोग के एजेंडे को बढ़ावा देंगे। समाचार आउटलेट ने श्री किशिदा के हवाले से कहा, मैं जापान की अनूठी अवधारणाओं, जैसे मानव सुरक्षा और मानव-केंद्रित अंतरराष्ट्रीय सहयोग (यूएनजीए में) से अवगत कराऊंगा। क्योदो ने बताया कि जापानी विदेश मंत्री योको कामिकावा, जो देश की पहली महिला विदेश मंत्री हैं, यूएनजीए में भाग भी लेंगी। यूएनजीए उच्च-स्तरीय सप्ताह 19-26 सितंबर तक अमेरिका के न्यूयॉर्क में हो रहा है।

# निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा ने भारत पर लगाया आरोप

**वाशिंगटन,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी टाइगर फोर्स के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ बताया। उनके इस बयान पर अमेरिका ने चिंता जतायी है।

एबीसी न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने एक बयान में कहा, हम प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा लगाए गए आरोपों के बारे में चिंतित हैं। बयान में कहा गया, हम अपने कनाडाई साझेदारों के साथ लगातार संपर्क में रहते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि कनाडा की जांच आगे बढ़े और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए। पीएम ट्रूडो ने सोमवार को कनाडाई संसद में कहा कि ऐसे आरोप हैं कि खालिस्तान टाइगर फोर्स के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार का संबंध हो सकता है। आरोपों के बाद कनाडाई विदेश मंत्री मेलानी जोली ने बताया कि उन्होंने इस घटना पर एक शीर्ष भारतीय राजनयिक को देश से निष्कासित कर दिया। जोली ने कहा कि ट्रूडो ने कथित तौर पर इस मामले को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ भी उठाया था।



■ भारत ने कनाडा सरकार के आरोपों को खारिज किया

भारत ने कनाडा सरकार के आरोपों को खारिज किया और उन्हें बेतुका करार दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, हमने कनाडा के प्रधानमंत्री के उनकी संसद में दिए गए बयान और उनके विदेश मंत्री के बयान को देखा है और हम उसे खारिज करते हैं।

इसमें भारत सरकार की संलिप्तता के आरोप बेतुके हैं। बयान में आगे कहा गया, इसी तरह के आरोप कनाडा के प्रधानमंत्री ने हमारे प्रधानमंत्री पर लगाए थे और उन्हें पूरी तरह से खारिज कर दिया गया था। मंत्रालय ने आगे कहा, हम कानून के शासन के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता वाली एक लोकतांत्रिक राजनीति हैं।

# लीबिया में बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में 70 फीसदी बुनियादी ढांचे को पहुंचा नुकसान

**त्रिपोली।** लीबिया की राष्ट्रीय पुल एवं सड़क एजेंसी ने सोमवार को कहा कि पूर्वी लीबिया के बाढ़ प्रभावित इलाकों में 70 प्रतिशत बुनियादी ढांचा क्षतिग्रस्त हो गया है। एजेंसी ने कहा कि वहां की 50 प्रतिशत सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो गईं और आपदा क्षेत्रों में यातायात की अनुमति के लिए वैकल्पिक मार्ग खोले गए। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि पूर्वी लीबिया में बाढ़ प्रभावित 15 शहरों और कस्बों में 114 स्कूल क्षतिग्रस्त हो गए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 10 सितंबर को, भूमध्यसागरीय तूफान डैनियल ने लीबिया में दशकों में सबसे खराब बाढ़ ला दी, जिसमें अब तक कम से कम 5,500 लोगों की जान चली गई और 10,000 अन्य लापता हो गए।



## पेरू में बस दुर्घटना में 24 लोगों की मौत

**लीमा।** दक्षिण-पश्चिमी पेरू के हुआनकेवेलिका क्षेत्र में सोमवार तड़के एक यात्री बस के सड़क से उतरकर दो सौ मीटर गहरी खाई में गिर जाने से कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार लगभग 1:30 बजे चुरकम्पा प्रांत के पहाड़ी इलाके में हुई। समाचार प्रसारक रेडियो प्रोग्रामस डेल पेरू ने चुरकम्पा इंटीग्रेटेड हेल्थ नेटवर्क का हवाला देते हुए बताया कि इस हादस में नाबालिग भी है। घायलों को हुआनकायो, पम्पास और अयाकुचो शहरों के अस्पतालों में ले जाया गया। एंको के जिला मेयर, मैनुअल ज़ेवलोस ने रेडियो स्टेशन को बताया कि क्षेत्र में हिमस्खलन के परिणामस्वरूप सड़क कम से कम एक महीने से खराब स्थिति में है।

## बैरेंट्स यूरो-आर्कटिक परिषद से रूस हटा

**मॉस्को।** विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि रूस ने बैरेंट्स यूरो-आर्कटिक काउंसिल (बीईएसी) से हटने का फैसला किया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने सोमवार को जारी बयान का हवाला देते हुए बताया कि बीईएसी पिछले 30 वर्षों से सीमा पार बातचीत के लिए एक उपयोगी और प्रभावी प्रारूप रहा है, और इसने उत्तर में शांति और स्थिरता बनाए रखने में योगदान दिया है। बयान में कहा गया है कि परिषद के पश्चिमी सदस्यों के कारण मार्च 2022 से परिषद की गतिविधियां रुकी हुई हैं और फिनलैंड ने अक्टूबर 2023 में बीईएसी की अध्यक्षता रूस को हस्तांतरित करने की अपनी तैयारी की पुष्टि नहीं की है। विदेश मंत्रालय ने कहा, मौजूदा परिस्थितियों में, हम बीईएसी से रूस की वापसी की घोषणा करने के लिए मजबूर हैं। इसमें कहा गया, रूस उत्तर में अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों को लागू करना जारी रखेगा। हम हर किसी के साथ बातचीत के लिए खुले हैं, जो रचनात्मक दृष्टिकोण के लिए प्रतिबद्ध है।

## वर्ग पहेली 6323

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. अनुपस्थिति, गैरहाजिरी
४. नामुमकिन
६. रक्तपान करने वाला
७. जिसके नेत्र लाल रंग के हों
८. रूपवती, कोमलांगी (उर्दू)
१०. पराजित होना
११. प्रशासन, राजा, हुकूमत
१३. एक खट्टे-मीठे स्वाद वाला फल
१४. आदेश, हुक्म
१५. किसी आकृति तल के ठीक ऊपरी भाग में एक कोण
१७. अनाथ (उर्दू)
१९. ऊपर उठना, उन्नति, युद्ध, सेना
२१. मशविरा, राय (उर्दू)
२२. केसर (उर्दू)
२४. लकड़ियांकाटकरजीवनयापनकरने वाला

**ऊपर से नीचे:-**
१. प्रेमी, आसक्त, संतुष्ट, लाल
२. अप्रत्यक्ष कर
३. कत्लेआम
४. स्वीकार करना, अपना बनाना
५. बहन
९. शहर में प्रवेश करना
११. खुशी के साथ, प्रसन्नतापूर्वक
१२. वजह
१३. वहन, श्रम, शंका
१४. नि:शस्त्र, जिसके हाथ में कुछ न हो
१५. सिर के बल खड़े होने का आसन
१६. शोरगुल
१८. तृतीय
१९. वीरान, जनशून्य
२०. दृश्य (उर्दू)
२३. पर्वत

### वर्ग पहेली-6322

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ आ | प | २ बी | ती | ■ | ■ | 3 से | ना | ४ प | ति |
| श्वा | ■ | न | ■ | ५ अ | पि | तु | ■ | वि | ■ |
| ६ स | ब | ब | ■ | व | ■ | व | ■ | ७ बं | ८ पा |
| न | ■ | जा | ■ | ९ स | ड़ां | ध | ■ | ■ | र्थ |
| ■ | १० पा | ना | ११ गा | र | ■ | ■ | १२ ला | ल | सा |
| ■ | की | ■ | र | ■ | १३ इ | ला | ज | ■ | र |
| १४ न | जा | १५ क | त | ■ | त्या | ■ | ■ | १६ सा | १७ थी |
| शे | ■ | र्ज | ■ | १८ वि | दि | १९ त | ■ | ई | ■ |
| २० म | र्या | दा | ■ | का | ■ | २१ र | स | दा | २२ र |
| न | ■ | २३ र | क्त | स | मू | ह | ■ | ■ | ब |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**बयान** एसडीजी शिखर सम्मेलन में मौजूद रहे यूएन महासचिव

# गुटेरेस ने वैश्विक वित्तीय सुधारों का आह्वान किया

**संयुक्त राष्ट्र,** (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सोमवार को पुराने, निष्क्रिय और अनुचित विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में सुधार और विश्व संगठन के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के लिए 500 अरब डॉलर के प्रोत्साहन कोष बनाने का अपना आह्वान दोहराया। एसडीजी शिखर सम्मेलन के उद्घाटन पर गुटेरेस ने कहा कि गरीबी के पहियों के नीचे कुचले गए लोगों, जलवायु परिवर्तन और संघर्ष के अंधेरे वैश्विक परिदृश्य में एसडीजी हर जगह लोगों की आशाओं, सपनों, अधिकारों और अपेक्षाओं को लेकर चलते हैं।




उन्होंने कहा, लड़खड़ाते एसडीजी- गरीबी और भूख से लेकर जलवायु परिवर्तन और असमानता तक दुनिया की बीमारियों को ठीक करने के साथ-साथ 2030 तक शांति और न्याय लाने के 17 ऊंचे लक्ष्य- एक वैश्विक बचाव योजना की जरूरत है। एसडीजी शिखर सम्मेलन 2015 में लक्ष्यों को अपनाने और उन तक पहुंचने की समय सीमा 2030 के मध्य में आयोजित किया जा रहा है, ताकि प्रगति का मूल्यांकन किया जा सके और उनके प्रति प्रतिबद्धताओं को फिर से बढ़ाया जा सके। गुटेरेस ने कहा कि वह अगले सितंबर तक एक नए ब्रेटन वुड्स क्षण और व्यावहारिक समाधान के विकास का आह्वान कर रहे हैं, क्योंकि वह भविष्य

■ 500 अरब डॉलर के प्रोत्साहन कोष बनाने का अपना आह्वान दोहराया

का शिखर सम्मेलन बुला रहे हैं। 1944 में अमेरिका के ब्रेटन वुड्स में आयोजित सम्मेलन ने विश्व बैंक और आईएमएफ की स्थापना की और अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक प्रणाली की नींव रखी - जिनमें से कुछ द्वितीय विश्व युद्ध के बाद क्षीण हो गईं और शक्ति संरचना को प्रतिबिंबित किया। गुटेरेस के आह्वान एक राजनीतिक घोषणा के मसौदे में अंतर्निहित हैं जिसे शिखर सम्मेलन में अपनाने की उम्मीद है। बहुपक्षीय बैंकिंग प्रणाली और सहायता एजेंसियों में सुधार के साथ-साथ कोविड महामारी और यूक्रेन युद्ध से तबाह दुनिया में विकास के लिए धन बढ़ाना ग्लोबल साउथ का एक आह्वान है। महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा, मैं आप सभी को चुनौती देता हूं कि इस शिखर सम्मेलन का उपयोग करके 2030 [एसडीजी] एजेंडा का समर्थन करने और उसे पूरा करने के लिए अभूतपूर्व प्रतिबद्धताओं की घोषणा करके साहसी नेतृत्व का प्रदर्शन करें। उन्होंने इसे मानवता के लिए एक सच्चा खाका कहा। उन्होंने कहा कि एसडीजी को फिर से सक्रिय करने से विश्वास की भावना आएगी, जो संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व वाला बहुपक्षवाद प्रदान करता है।

# खेल जगत

## ओलंपिक खेल स्पष्ट रूप से एक प्राथमिकता है : इगा स्वीयाटेक

**पेरिस ( फ्रांस )**। विश्व नंबर 2 इगा स्वीयाटेक ने 2024 ओलंपिक खेलों में खेलने के लिए अपनी प्राथमिकता साझा की, और रौलां गैरो 2024 से ठीक पहले पेरिस ओलम्पिक शेड्यूल करने के लिए विश्व टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) पर निराशा भी व्यक्त की। रौलां गैरो(फ्रेंच ओपन), जो 28 मई से 9 जून 2024 तक पेरिस के स्टेट रौलां गैरो में निर्धारित है, 26 जुलाई से 11 अगस्त तक निर्धारित ओलंपिक खेलों से ठीक पहले खेला जाएगा। स्वीयाटेक ने यूरोस्पोर्ट से कहा, मुझे अपने शरीर की बात सुनने की ज़रूरत है और सीज़न बहुत व्यस्त है – हमारी नंबर एक प्राथमिकता इसे अच्छे स्वास्थ्य के साथ अंत तक खेलना और समझदारी से योजना बनाना है ताकि हमें चोट लगने का खतरा न हो। ओलंपिक खेल स्पष्ट रूप से एक प्राथमिकता हैं, लेकिन विशेष रूप से इन प्रतियोगिताओं के लिए अच्छी स्थिति में रहना मुश्किल होगा।



# आईसीसी वन डे पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 का आधिकारिक गीत दिल जश्न बोले जारी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली। आईसीसी वन डे पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 का आधिकारिक गीत दिल जश्न बोले बुधवार को जारी किया। इस गीत को श्लोक लाल और सावरी वर्मा ने लिखा है और इसके संगीतकार प्रीतम है। जाने माने सुपरस्टार रणवीर सिंह इस गीत के विडियो में गाते दिखाई दे रहे हैं जबकि इस गीत का संगीत प्रीतम का है। प्रीतम, नक्श अजीज, श्रीराम चंद्र, अमित मिश्रा, जोनिता गांधी और आकासा, चरण ने गाया है। यह गीत एक रैप है और इसकी रचना और प्रस्तुति चरण ने की है।

यह गीत दिल जश्न बोले क्रिकेट प्रशंसकों को वन डे एक्सप्रेस पर भारत की ऐतिहासिक यात्रा पर ले जाता है। इस गीत में क्रिकेट प्रशसंकों को अब तक के सबसे बड़े क्रिकेट वन डे क्रिकेट विश्व कप से पहले कभी न देखे जश्न से रूबरू होते हैं। वन डे पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 का आधिकारिक गीत दिल जश्न बोले सपोटीफाई, एपल म्युजिक, गाना, हंगामा, रेसो , विंक, अमेजन, फेसबुक , इंस्टाग्राम और यू टयूब पर स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।




वन डे पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 का आधिकारिक गीत दिल जश्न बोले गीत को जारी करने की बाबत सुपरस्टार रणवीर सिंह ने कहा, स्टार सपोटर्स परिवार और क्रिकेट के जूनुनी प्रशंसक होने के नाते विश्व कप 2023 का आधिकारिक गीत दिल जश्न बोले का हिस्सा बन वाकई मेरे लिए बड़े गर्व की बात है। यह उस खेल का जश्न है जिसे हम सभी दिल से प्यार करते हैं।

संगीतकार प्रीतम ने कहा, क्रिकेट भारत का सबसे बड़ा जुनून है और वन डे पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 का आधिकारिक गीत 'दिल जश्न बोले' गीत का संगीत तैयार करना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। यह गीत न केवल 1.4 अरब भारतीय क्रिकेट प्रशंसको के लिए है बल्कि इस वन डे विश्व कप को देखने भारत आने वाले दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसको का इस सबसे बड़े जश्न का हिस्सा बनने के लिए है।

इस गीत का म्यूजिक विडियो दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों के समुदाय की भावनाओं को समाहित करता ही है। यह विडियो अलग अलग संस्कृतियों वाले देशों और प्रशसंको को एक सूत्र में पिरोता है। क्रिकेट प्रशंसकों पर केंद्रित यह गीत ऐसे जश्न की नुमाइंदगी करता जिसे दिलों को झंकृत करने और आत्माओं को जागृत करने के लिए तैयार किया है।

आईसीसी की जनरल मैनेजर–विपणन एवं संचार क्लेरी फुर्लांग ने कहा, आइसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप साबित होने वाला है और दुनिया भर में करोड़ों प्रशंसक इस हिस्सा बनने को तैयार हैं। विश्व कप यह गीत भारत और प्रशंसकों के जुनून और उर्जा को शानदार ढंग से दर्शाता है जो इसे बेहद खास बनाते हैं।

स्टार स्पोटर्स के प्रवक्ता ने कहा, हमें आईसीसी वन डे विश्व कप के आधिकारिक गीत के उसके साथ जुड़ सहयोग कर बेहद खुशी हो रही है। विश्व कप का यह गीत भावनाओं और उर्जा की अभिव्यक्ति है।

# भारत के मोहम्मद सिराज बने आईसीसी वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 गेंदबाज



नई दिल्ली। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (694 रेटिंग अंक) वनडे एशिया कप क्रिकेट फाइनल में मेजबान श्रीलंका के खिलाफ मात्र 21 रन देकर छह विकेट चटका कर अपनी टीम को दस विकेट से जीत दिलाने के साथ आठ पायदान उपर चढ़ कर आईसीसी वन डे रैंकिंग में फिर वापस दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। भारत के बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव भी एशिया कप में स्पिन का जाल बुन कर कुल नौ विकेट चटकाने के बावजूद तीन पायदान खिसकने के बावजूद आईसीसी वनडे गेंदबाजी की रैंकिंग में नौवें स्थान पर है और अभी भी शीर्ष दस में बने हुए हैं। सिराज पहली बार इस साल जनवरी में आईसीसी वनडे रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 गेंदबाज बने थे। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड (678 रेटिंग अंक) ने इस साल मार्च में उन्हें पीछे छोड़ कर वन डे में दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए थे। बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज(599 रेटिंग अंक) अपने देश में मेहमान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम दो वनडे मैचों में धारदार गेंदबाजी कर दक्षिण अफ्रीका को पिछड़ने के बाद पांच वनडे मैचों की सीरीज जिताने के साथ भारत में होने वाले आईसीसी वनडे विश्व कप से एक पखवाड़े पहले जारी आईसीसी पुरुष क्रिकेटरों की गेंदबाजी रैंकिंग में नौ पायदान की छलांग लगा कर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

■ कुलदीप यादव गेंदबाजी रैंकिंग में नौवे स्थान पर

आईसीसी वनडे रैंकिंग में अन्य गेंदबाजों में अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब उर रहमान(657 रेटिंग अंक) दो पायदान उपर चढ़ कर चौथे और रशीद खान (655 रेटिंग अंक)तीन पायदान उपर चढ़ कर पांचवें स्थान पर पहुंच गए।वही इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वॉक्स 11 वें स्थान पर है जबकि दक्षिण अफ्रीका के लुंगी एंगिडी 21वें स्थान पर है।

एशिया कप में एक–एक शतक जड़ने वाले पाकिस्तान के बाबर आजम ( 857 रेटिंग अंक) आईसीसी की वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर तथा भारत के शुभमन गिल (814 रेटिंग अंक) में दूसरे स्थान पर बरकरार हैं जबकि विराट कोहली (708 रेटिंग अंक) एक पायदान ऊपर चढ़ कर आठवें और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विस्फोटक बल्लेबाजी करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन(698 रेटिंग अंक) ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेंचुरियन में वनडे में 174 रन की भी एक पायदान ऊपर चढ़ कर नौवें और भारत के कप्तान रोहित शर्मा (697 रेटिंग अंक) दसवें स्थान पर बरकरार हैं।

## अमेरिका और वेस्ट इंडीज की मेजबानी में होगा टी 20 विश्वकप

**नई दिल्ली**। अमेरिका और वेस्ट इंडीज की संयुक्त मेजबानी में वर्ष 2024 का टी20 विश्व कप खेला जायेगा। अमेरिका के डलास, फ्लोरिडा और न्यूयॉर्क पहली बार किसी विश्वकप के आयोजन की मेजबानी करेंगे।

आईसीसी ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में होने वाली चैंपियनशिप में 20 टीमें भाग लेंगी। आईसीसी के साथ हुए समझौते के अनुसार इसके लिए न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी में आइजनहावर पार्क में 34 हजार सीटों वाला स्टेडियम बनाया जाएगा। इसके तहत फ्लोरिडा में ग्रांड प्रेयरी, डलास और ब्रोवार्ड काउंटी में मौजूदा स्थानों का आकार बढ़ाया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि आईसीसी बोर्ड ने नवंबर 2021 में वेस्ट इंडीज और अमेरिका को आयोजन की मेजबानी सौंपी।

आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा, अमेरिका रणनीतिक रूप से एक महत्वपूर्ण बाजार है और ये स्थान हमें दुनिया के सबसे बड़े खेल बाजार में अपनी पहचान बनाने का शानदार मौका हैं।

उन्होंने कहा कि आईसीसी ने कई विकल्पों के बारे में विस्तृत और व्यापक मूल्यांकन के बाद अमेरिका के स्थानों का चयन किया है। हमने देश में कई संभावित स्थलों के विकल्पों का पता लगाया और हम संभावित मेजबानों के बीच उत्पन्न उत्साह से बेहद खुश थे, इससे क्रिकेट के प्रशंसकों और विभिन्न समुदायों को एकजुट करने और क्रिकेट को लेकर बढ़ती जागरूकता को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

# जेसन रॉय को विश्व कप टीम से बाहर किए जाने के बारे में बताना वाकई कठिन था : जोस बटलर

**लंदन**। इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि सलामी बल्लेबाज और अपने अच्छे दोस्त जेसन रॉय को आगामी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम से बाहर किए जाने के बारे में बताना वास्तव में कठिन फैसला था। 32 वर्षीय रॉय अपनी आक्रामक पारियों से घरेलू धरती पर 2019 पुरुष वनडे विश्व कप जीतने वाले इंग्लैंड के महत्वपूर्ण सदस्य थे। पिछले दो वर्षों में, उन्हें खराब फॉर्म का सामना करना पड़ा और महत्वपूर्ण बात यह है कि वह पीठ की ऐंठन के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की हालिया वनडे सीरीज के सभी चार मैचों में नहीं खेल पाए। रॉय के स्थान पर आए बाएं हाथ के बल्लेबाज डेविड मलान ने 54, 96 और 127 रन बनाकर विश्व कप चयन के लिए अपना मामला मजबूत कर लिया और खुद की टीम में जगह पक्की करने के साथ–साथ प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी हासिल किया। मलान द्वारा अपनी जगह पक्की करने के बाद, रॉय को टीम से बाहर कर दिया गया और फॉर्म में चल रहे युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक को टीम में शामिल कर लिया गया। मुझे नहीं लगता कि कोई भी समय आसान होता है। यह कप्तान के रूप में काम का हिस्सा है जो आनंददायक नहीं है, चाहे वे अच्छे दोस्त हों या नहीं, यह करना अच्छा काम नहीं है। मुझे निश्चित रूप से लगता है कि यह समाचार देना मेरी ज़िम्मेदारी है। स्काई स्पोर्ट्स ने बटलर के हवाले से कहा, वह मेरा बहुत अच्छा साथी है इसलिए यह निर्णय लेना वाकई कठिन था। विकेटकीपर–बल्लेबाज ने संकेत दिया कि रॉय विश्व कप के लिए स्टैंडबाय पर होंगे और अगर शीर्ष क्रम के किसी खिलाड़ी को चोट लगती है तो उन्हें फिर से टीम में शामिल किया जा सकता है। जेसन निश्चित रूप से शीर्ष क्रम का रिजर्व होगा। हैरी, हमें लगता है कि यह हमें बहुमुखी प्रतिभा प्रदान करता है – वह बल्लेबाजी क्रम में एक से छह तक को कवर कर सकता है जो स्पष्ट रूप से एक टीम में फायदेमंद है। लेकिन अच्छे खिलाड़ी चूक जाते हैं, यह खेल की बहुत ही क्रूर प्रकृति है। 15 के बाहर बहुत सारे लोग हैं जिन्होंने महसूस किया होगा कि उनके पास एक स्थान के लिए वास्तव में अच्छा मौका था।



## सार संक्षेप

### एशियन गेम्स : भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने कंबोडिया को 3-0 से हराया

**हांगझाऊ (चीन)**। भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने मंगलवार को हांगझाऊ में सीएक्ससी जिम्नेजियम में पूल सी में कंबोडिया पर 3-0 से जीत के साथ एशियाई खेलों में अपने अभियान की शुरुआत की। मिली जानकारी के मुताबिक, भारत ने यह मैच 3-0 (25-14, 25-13, 25-19) से जीता। बुधवार को भारत का मुकाबला दुनिया के 27वें नंबर की टीम दक्षिण कोरिया से होगा। हांगझाऊ खेलों में पुरुष वॉलीबॉल में कुल 19 टीमें भाग ले रही हैं। रिकॉर्ड के मुताबिक, भारतीय पुरुष टीम ने एशियाई खेलों में अब तक कुल तीन वॉलीबॉल पदक जीते हैं। 1962 में वे उपविजेता रहे। भारत के अन्य दो पदक 1958 और 1986 में जीते गए कांस्य थे।

### टिम साउदी के क्रिकेट विश्वकप खेलने पर संशय

**वेलिंगटन**। हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ एक मैच के दौरान कैच पकड़ने के प्रयास में चोटिल हुए न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी के विश्व कप में खेलने पर संशय है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा कि साउदी को अंगूठे की सर्जरी करानी पड़ेगी, इसलिये पांच अक्टूबर से भारत में शुरू होने वाले विश्व कप में साउदी के खेलने के बारे में फैसला अगले सप्ताह लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ मैच के दौरान एक कैच पकड़ने का प्रयास में 34 वर्षीय खिलाड़ी का अंगूठा चोटिल हो गया था। इंग्लैंड विश्वकप के अपने पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। विश्व कप के पहले मैच से दो सप्ताह पहले गुरुवार को साउदी की सर्जरी होगी।

### इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज हमारे लिए अपनी क्षमता दिखाने का अच्छा मौका है : पॉल स्टर्लिंग

**लीड्स**। आयरलैंड के अंतरिम कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने कहा कि टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार शाम से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के शुरुआती मैच से पहले उत्साहित है।

# अंतिम पंघाल ने विश्व चैंपियन पैरिश को धूल चटाई



**बेलग्रेड ( सर्बिया )**। भारत की युवा पहलवान अंतिम पंघाल ने क्वालीफिकेशन दौर में बुधवार को यहां अमेरिका की मौजूदा विश्व चैंपियन ओलिविया डोमिनिक पैरिश को धूल चटाकर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पहलवान पंघाल एक समय पहले दौर में इस मुकाबले में 0–2 से पीछे चल रही थी, लेकिन भारतीय महिला पहलवान ने इसके बाद जबरदस्त वापसी करके 3–2 से जीत हासिल की। अमेरिकी पहलवान पैरिश शुरूआत में भारतीय पहलवान पर हावी थी। पैरिश ने पंघाल के दाएं पांव को पकड़कर उसे नीचे गिराकर दो अंक हासिल किए। इसके बाद हालांकि भारतीय 19 वर्षीय पहलवान का रक्षण काफी मजबूत था और उन्होंने दो अन्य प्रयासों को नाकाम करके पहले दौर में आगे अपना कोई अंक नहीं गंवाया। पंघाल ने इसके बाद भी अपना मजबूत रक्षण बरकरार रखा और पैरिश को किसी तरह से हमला नहीं करने दिया। भारतीय पहलवान ने इसके बाद अमेरिकी पहलवान का बायां पांव पकड़ कर नीचे गिराकर दो अंक हासिल करके मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। पैरिश इसके बाद कोई खास प्रदर्शन नहीं कर सकी और उसने अपना एक अंक गंवाया। पंघाल ने अपनी इस मामूली बढ़त को आखिर तक बरकरार रखा और विश्व चैंपियन पर जीत हासिल की। भारत की हालांकि पांच महिला और 10 पुरुष फ्री स्टाइल पहलवान पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। वे ओलंपिक कोटा हासिल करने या गैर ओलंपिक वर्गों में पदक जीतने में पूरी तरह से वंचित रहे।

## रोहित शर्मा अश्विन को मैच विजेता के रूप में देखते हैं : सबा करीम



**नई दिल्ली**। पूर्व क्रिकेटर सबा करीम ने रविचंद्रन अश्विन की भारत की वनडे टीम में वापसी पर खुशी जताई।

करीम ने जियोसिनेमा को बताया, मुझे लगता है कि रोहित शर्मा रविचंद्रन अश्विन को एक मैच विजेता के रूप में देखते हैं और वह सफेद गेंद क्रिकेट में जिस तरह का दृष्टिकोण दिखाना चाहते हैं, उसे लेकर वह बहुत स्पष्ट हैं। अब विश्व कप आने के साथ वह एक दिवसीय क्रिकेट की गतिशीलता को अच्छी तरह से समझते हैं और जानते हैं कि उन्हें ऐसे खिलाड़ियों को चुनना होगा जिनकी उस तरह की आक्रामक मानसिकता हो।

उन्होंने कहा, वह यह भी जानते हैं कि उनकी गेंदबाजी लाइनअप में, उन्हें छह में से कम से कम पांच विकेट लेने वाले विकल्प रखने होंगे और अगर उनके पास ग्यारह में अश्विन हैं, तो वह आक्रामक विकल्प उपलब्ध है। यदि आप अन्य सभी खिलाड़ियों को देखें जो रिजर्व में हैं – तो उन सभी की मानसिकता आक्रामक है। इसलिए, मुझे लगता है कि रोहित शर्मा उस आक्रामक दृष्टिकोण को जारी रखना चाहते हैं जिसे हमने एशियाई चुनौती में भारतीय टीम को खेलते हुए देखा था। करीम ने आगे श्रेयस अय्यर के टीम में चयन को लेकर भी बात की।

उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि वे श्रेयस अय्यर के साथ बने हुए हैं। यह वास्तव में दर्शाता है कि टीम प्रबंधन और चयनकर्ता उन पर कितना भरोसा करते हैं।

वनडे सेटअप में श्रेयस ने काफी अहम भूमिका निभाई है. इसलिए, मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि वे विश्व कप टीम की घोषणा होने तक उनका समर्थन कर रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि अगर वह फिट है तो उसे टीम का हिस्सा बनने में कोई समस्या होनी चाहिए, भले ही वह इन दो या तीन मैचों में रन न बनाए इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

# लक्ष्य एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत सीधे पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करना : सविता

**नई दिल्ली**। अनुभवी गोलरक्षक ओलंपियन सविता की अगुआई में भारतीय महिला हॉकी टीम हांगजू (चीन) में होने 19 वें एशियाई खेलों में शिरकत करने के लिए बेंगलुरू से मंगलवार देर रात हागजू रवाना हो गई। भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों में पूल ए में दक्षिण कोरिया, मलयेशिया, हांगकांग और सिंगापुर के साथ है। जापान, चीन, थाईलैंड, कजाकिस्तान और इंडोनिया की टीमें पूल बी में हैं। दोनों पूल से दो–दो शीर्ष टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। भारतीय महिला हॉकी टीम अपने अभियान का आगाज 27 सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ मैच से करेगी।

भारतीय महिला हॉकी टीम के बेंगलुरू से हांगजू रवाना होने से पहले टीम से एशियाई खेलों में उम्मीदों की बाबत कप्तान सविता ने कहा, हमें एशियाई खेलों में अच्छे प्रदर्शन और सकारात्मक नतीजों की आस है। हमारा लक्ष्य एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत कर सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करना है। हम इसीलिए एशियाई खेलों की अहमियत जानते ही हैं, हमें यह भी मालूम है कि अपने मकसद को पाने के लिए क्या करना है।



हमने अपनी ताकत के मुताबिक अपनी रणनीति तैयार की है। हमने अपने प्रतिद्वंद्वियों की ताकत का आकलन करने के साथ उनकी खेल शैली को समझने की भी कोशिश की है। हमारा बेंगलुरू में लगा राष्ट्रीय शिविर लंबा और खासा मशक्कत भरा रहा। हमने इस शिविर में हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मेहनत की।

■ एशियाई खेलों में अच्छे प्रदर्शन व सकारात्मक नतीजों की आस

■ एशियई खेलों की अहमियत जानते हैं, मालूम है मकसद को पाने के लिए क्या करना है

### हम सभी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को बेताब : दीपग्रेस एक्का

भारतीय महिला हॉकी टीम की उपकप्तान दीप ग्रेस एक्का ने कहा, जहां तक एशियाई खेलों की चुनी गई हमारी टीम के संयोजन की बात है तो हमने अनुभवी और नौजवान खिलाडियों की मिली जुली बढिया टीम है। हमारी संभी खिलाड़ी जेहनी तौर पर बढिया स्थिति में हैं । हमारी टीम की सभी खिलाड़ी मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ करने और अपनी प्रतिभा दिखाने को बेताब हैं। हम सभी इस बात से वाकिफ हैं कि हमारे पूल में कुछ मजबूत टीमें हैं। हमारी टीम हम सभी सभी इन एशियाई खेलों को यह आंकने के रूप में देख रहे हैं कि वे निजी और टीम के रूप में कितना परिपक्व हुए हैं। हम यह भी जानते हैं कि हमें वहां की स्थितियों से खुद को जल्द से जल्द ढालना होगा और हम इसके लिए तैयार हैं। हमारा कोशिश रहेगी कि हमारा ध्यान पूरी तरह हमारे खेल पर रहे।

### एशियाई खेलों के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम

**गोलरक्षक** : सविता (कप्तान)और बिच्छू देवी खरीबम।

**रक्षापंक्ति** : दीप ग्रेस एक्का (उपकप्तान), इशिका चौधरी, निकी प्रधान व उदिता।

**मध्यपंक्ति** : सुशीला चानू, मोनिका, नवनीत कौर, नेहा गोयल, निशा वारसी, सलीमा टेटे, सोनिका, वैष्णवी विल फाल्के।

## सुडोकू 6323 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 9 | 6 | 3 | 7 | 1 | 4 |
| 7 | 4 | 3 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 |
| 4 | 1 | 2 | 8 | 5 | 7 | 6 | 3 | 9 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 8 | 6 | 4 | 2 | 1 | 7 | 5 |
| 1 | 7 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 3 |
| 8 | 5 | 4 | 3 | 1 | 6 | 2 | 9 | 7 |
| 3 | 2 | 6 | 7 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 |

| SENSEX | BSE | 66800.84 ▼ 796.00 | NSE | 19901. 40 ▼ 231.90 | MCX | Gold 59390 ▲ 108 | silver 72973 ▲ 404 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर से उबरा, 24 पैसे की बढ़त

नयी दिल्ली । रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 24 पैसे बढ़कर 83.08 (अस्थायी) पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले डॉलर के कमजोर होने से रुपये को मजबूती मिली। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मुद्रा बाजार में अस्थिरता को रोकने के लिए केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप से भी घरेलू मुद्रा को मदद मिली। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 83.22 पर मजबूत खुला और दिन के कारोबार में 83.27-83.06 के दायरे में रहा। कारोबार के अंत में रुपया डॉलर के मुकाबले 83.08 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 24 पैसे की बढ़त दर्शाता है।



# चावल में उबाल से दुनिया बेहाल

*नयी दिल्ली । देशभर में करोड़ों धान किसानों के लिए इस साल खरीफ का सत्र आस-निराश से भरा रहा है। पहली बात यह कि खरीफ धान के लिए जीवनदायी दक्षिण पश्चिम मॉनसून देर से आया और जब यह कमजोरी के लक्षण दिखा रहा था तो जुलाई में बरसने लगा। फिर अगस्त में जब फसल कुछ-कुछ बढ़ने लगी तो बारिश अचानक गायब हो गई। पूर्वी भारत में अगस्त में फिर से बारिश हुई लेकिन वहां धान की बोआई में पहले ही देर हो चुकी थी।*



नतीजे में इस साल देश में धान का रकबा पिछले वर्ष की तुलना में 4 प्रतिशत अधिक है लेकिन वास्तविक उत्पादन पर अभी से काले बादल मंडरा रहे हैं। जब बारिश और बादल गायब होने लगे तो सरकार हरकत में आई और कीमतों पर नियंत्रण के लिए कदम उठाए। कुछ ही हफ्तों के दौरान उसने चावल निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया और ऐथनॉल बनाने के लिए खराब अधिशेष चावल देना बंद कर दिया। साथ ही उसने खुले बाजार में बेचे जाने वाले चावल की मात्रा बढ़ा दी। इससे किसानों पर और असर हुआ। जल्दी बोई गई धान की किस्मों के साथ-साथ बासमती चावल की कीमतों में कटाई से पहले घरेलू बाजार में तेज गिरावट आई। ऐसा लगता है कि निर्यात नियंत्रण के कदम केंद्रीय पूल में कम कीमत वाला चावल होने के कारण उठाए गए। अगस्त की शुरुआत में 2.43 करोड़ टन का भंडार था जो पिछले साल के इसी महीने से 13.09 फीसदी कम है। इस भंडार में चावल मिलों के पास मौजूद 19.6 लाख टन धान शामिल नहीं है। जानकारों का कहना हैं कि , 'चावल निर्यात पर प्रतिबंधों का फैसला हम पर बारिश से ज्यादा भारी पड़ रहा है।

पंजाब और हरियाणा के किसानों का कहना है कि जुलाई में अमृतसर, फिरोजपुर, मोहाली, मनसा और पटियाला में भारी बारिश के कारण खेतों में पानी भर जाने से उत्पादन की लागत बढ़ गई। किसानों को खेतों की गाद हटाकर फसल की दोबारा बोआई करनी पड़ी। पश्चिम बंगाल देश के सबसे बड़े धान उत्पादक राज्यों में से एक है। वहां से मिली खबरों के अनुसार इस साल शुरू में बारिश की कमी के कारण धान उत्पादन सामान्य से कम रह सकता है। आमतौर पर पश्चिम बंगाल में खरीफ और रबी यानी बोरो दोनों सत्र में 2.53 करोड़ टन धान का उत्पादन होता है। रबी धान की बोआई सर्दी में की जाती है और गर्मी में कटाई की जाती है। दक्षिण बंगाल के पुरुलिया, बांकुड़ा, पश्चिम बर्दवान, नदिया और मुर्शिदाबाद में अगस्त की शुरुआत तक बारिश में 26 से लेकर 45 प्रतिशत तक की कमी थी।

हालांकि अगस्त में बाद में बारिश होने से बोआई का रकबा बढ़ा है। फिर भी यह लक्ष्य से कम है। राज्य में इस साल खरीफ में 43 लाख हेक्टेयर में धान की बोआई का लक्ष्य रखा गया था इसमें से सितंबर की शुरुआत तक 40 लाख हेक्टेयर में बोआई हो चुकी है। राज्य के कृषि सचिव ओंकार सिंह मीणा कहते हैं, 'उत्पादन में कमी होगी क्योंकि रकबे में 2 लाख हेक्टेयर की कमी है। बंगाल में गर्मियों में भी चावल होता है। हम को उम्मीद है कि खरीफ में उत्पादन को जो नुकसान होगा उसकी भरपाई गर्मियों के उत्पादन से हो जाएगी। मगर फिर भी उत्पादन में कमी रह सकती है पर यह उतनी नहीं होगी जितना पिछले साल थी।एक और बड़े धान उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश में अगस्त तक लक्षित इलाके के करीब 99 फीसदी में धान की बोआई हो चुकी है। लेकिन उम्मीद से कम बारिश होने के कारण योगी आदित्यनाथ सरकार इसके संभावित प्रतिकूल असर से निपटने की तैयारी कर रही है। 1 जून से 5 सितंबर के बीच राज्य के 75 जिलों में से 46 में कम बारिश हुई है। इनमें सबसे ज्यादा असर धान उत्पादक जिलों में है।

राज्य के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही कहते हैं कि खरीफ फसलों पर बारिश के अंतिम असर का आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी क्योंकि सितंबर आमतौर पर बारिश पर निर्भर खेती के लिए अच्छा ही रहता है। शाही कहते हैं, 'हाल के वर्षों में हमने सितंबर में बाढ़ जैसे हालात के रुझान देखे हैं। अगर सितंबर में बारिश ने रफ्तार पकड़ी तो हालात में सुधार होगा और किल्लत की काफी भरपाई हो जाएगी।'



## जूट मिलें उत्पादन में 30-50 प्रतिशत तक कटौती करेंगी

नयी दिल्ली। जूट उद्योग विभिन्न राज्यों से खाद्यान्न के लिए पैकेजिंग सामग्री की मांग घटने से चिंतित है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नवंबर तक तीन माह की अवधि के दौरान विभिन्न राज्यों से खाद्यान्न के लिए पैकेजिंग सामग्री की मांग घटना एक बड़ी चिंता का विषय है, जिससे जूट उद्योग को उत्पादन में 30 से 50 प्रतिशत तक की कटौती करनी पड़ सकती है। चालू जूट सत्र में वास्तविक मांग 30 से 40 प्रतिशत कम भारतीय जूट मिल संघ ने केंद्र से खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा जारी छठी (संशोधित) आपूर्ति योजना में संशोधन की अपील की है। खाद्यान्न उत्पादकों को एक निश्चित सीमा तक पैकेजिंग सामग्री के रूप में जूट का उपयोग करना पड़ता है। आईजेएम के अध्यक्ष राघव गुप्ता ने कहा, ''सितंबर से नवंबर, 2023 तक चालू जूट सत्र में वास्तविक मांग 30 से 40 प्रतिशत कम है। सितंबर में ही मांग 2.5 लाख गांठ रहने का अनुमान है जबकि अनुमान 3.21 लाख गांठ का था। इसका कारण महाराष्ट्र से मांग कम होना है।

# शेयर बाजार में कोहराम

## सेंसेक्स 796 अंक टूटा, निफ्टी 20 हजार के नीचे

*मुंबई । ग्लोबल मार्केट से मिले नकारात्मक रुझानों के बीच हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन लाल निशान पर बंद हुए। दोनों फ्रंटलाइन इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में भारी गिरावट दर्ज की गई। आज के कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 796 अंक टूट गया। वहीं, निफ्टी में भी 232 अंको की गिरावट आई और निफ्टी 20,000 के स्तर से नीचे आ गया। मंगलवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर बाजार बंद थे।*



अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय से पहले घबराहट और भारत तथा कनाडा के बीच बिगड़ते संबंधों के बीच बाजार की धारणा प्रभावित हुई, क्योंकि इनका भारत में विदेशी संस्थागत निवेश के प्रवाह पर असर पड़ सकता है। विदेशी कोषों की निकासी तथा सेंसेक्स में भारी हिस्सेदारी रखने वाले रिलायंस और एचडीएफसी बैंक के शेयर में बिकवाली से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 796.00 अंक यानी 1.18 फीसदी की भारी गिरावट के साथ 66,800.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 67,294.16 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 66,728.14 तक आया। वहीं, दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 231.90 अंक यानी 1.15 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी दिन के अंत में 19,901.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 20,050.65 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 19,878.85 तक आया।

**पावर ग्रिड के शेयर में 2.32 फीसदी की उछाल** - आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में केवल 7 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, सन फार्मा, एक्सिस बैंक और एनटीपीसी सेंसेक्स के टॉप 5 गेनर्स रहे। सबसे ज्यादा मुनाफा पावर ग्रिड के शेयरों को हुआ। इसके शेयर 2.32 फीसदी तक चढ़े। इसके अलावा आईटीसी और टीसीएस के शेयर भी लाभ में रहे।

**एचडीएफसी बैंक के शेयर 4प्रतिशत टूटे** - वहीं, दूसरी तरफ सेंसेक्स के शेयरों में 23 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। एचडीएफसी बैंक, छ्स्ङ्ख स्टील, रिलायंस, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाटा स्टील सेंसेक्स के टॉप 5 लूजर्स रहे।

# 50 साल के निचले स्तर पर आ गई लोगों की बचत, खरगे बोले - अच्छे दिनों की ऐसी लगी चपत

*नयी दिल्ली। भले ही केंद्र की मोदी सरकार इस बात को लेकर अपनी पीठ थपथपा रही हो कि उसके कार्यकाल के दौरान भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और देश की प्रति व्यक्ति 2014-15 के मुकाबले 2022-23 में दोगुनी बढ़ोतरी के साथ 1,72,000 रुपये हो चुकी है.*

लेकिन आरबीआई के ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारतीयों की घरेलू बचत में लगातार गिरावट आ रही है और ये 50 सालों के निचले स्तर पर जा पहुंची है. सितंबर महीने के लिए आरबीआई ने जो मंथली बुलेटिन जारी किया है उसमें हाउसहोल्ड एसेट और लायबिलिटीज पर रिजर्व बैंक की एक ताजा रिपोर्ट सामने आई है उसके मुताबिक लोगों की घरेलू बचत 2020-21 में जीडीपी के 11.5 फीसदी से वित्त वर्ष 2022-23 में घटकर 5.1 फीसदी पर आ गया है जो चिंता सबब बन चुका है.

**बचत पर लगी चपत!** - आरबीआई के डेटा के मुताबिक साल 2022-23 के दौरान नेट फाइनेंशियल सेविंग घटकर 5.1 फीसदी रह गई है. देश के जीडीपी के लिहाज से 2022-23 में भारत की नेट सेविंग घटकर 13.77 लाख करोड़ रुपये पर आ गई है ये 50 सालों में सबसे कम है. 2021-22 में ठीक एक साल पहले नेट सेविंग जीडीपी की 7.2 फीसदी रही थी. जाहिर है लोगों की आय घट रही है तो लोग सेविंग से ज्यादा खर्च कर रहे हैं. आरबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक भारत के नागरिकों पर कर्ज का बोझ तेजी से बढ़ा है. साल 2022-23 में ये जीडीपी के 5.8 फीसदी तक जा पहुंचा है. एक साल पहले यह 3.8 फीसदी रहा था. यानि अपने खपत को पूरा करने ज्यादा उधार ले रहे हैं.

**महंगाई ने डाला बचत पर डाका** - आरबीआई के मुताबिक साल 2020-21 के मुकाबले 2022-23 के दौरान नेट हाउसहोल्ड एसेट में भारी गिरावट आई है.

### विपक्ष का सरकार पर हमला

आरबीआई की इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद इसपर राजनीति भी शुरू हो गई है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन करगे ने इस डेटा के सामने आने के बाद मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए ट्ववीट किया कि जनता की बचत 50 सालों में सबसे कम हो गई है. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के अच्छे दिनों में लोगों के बचत को चपत लग रही है. मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के ट्वीटर हैंडल से भी ट्वीट कर सरकार पर निशाना साधा गया है.

# मॉनसून की मार से उपभोक्ताओं को महंगा पड़ेगा दाल का तड़का!

*नयी दिल्ली। मॉनसून में देरी के कारण दलहन फसलों की बोआई पहले ही पिछड़ गई थी और इस खरीफ सीजन में इनका रकबा घटा है। बोआई के बाद जब इन फसलों को पानी की जरूरत थी, उस समय इंद्रदेव भी रूठ गए जिससे इस साल दलहन फसलों की पैदावार घट सकती है। हाल में हुई बारिश से दलहन फसलों को खास फायदा होता नहीं दिख रहा है। जानकारों के मुताबिक अरहर को तो फायदा हो भी सकता है। लेकिन मूंग व उड़द को नुकसान भी हो सकता है क्योंकि कुछ इलाकों में इनकी कटाई शुरू हो चुकी है।*

दलहन की कमजोर बोआई के बाद अब मॉनसून की बेरुखी से उत्पादकता में कमी आ सकती है। इससे दलहन उत्पादन घट सकता है। ऐसे में उपभोक्ताओं को दालों की महंगाई से बहुत राहत मिलने की उम्मीद कम ही है। इस साल 121 लाख हेक्टेयर में दलहन फसलों की बोआई हो चुकी है, जो पिछले साल की इसी अवधि में हुई बोआई 127.57 लाख टन से 5.15 फीसदी कम है। खरीफ सीजन की सबसे बड़ी दलहन फसल- अरहर का रकबा 5.66 फीसदी घटकर 43.21 लाख हेक्टेयर रह गया है।

मूंग के रकबे में 7 फीसदी और उड़द के रकबे में 2 फीसदी से ज्यादा गिरावट दर्ज की गई है। इस साल उपभोक्ताओं को दाल की महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। सरकार भी दालों की महंगाई रोकने के लिए सख्त कदम उठा रही है। फिर भी इनकी महंगाई से राहत नहीं मिल सकी है। मॉनसून अनुकूल न रहने के कारण आगे भी दालों की महंगाई से खास राहत मिलने की उम्मीद नहीं दिख रही है क्योंकि दलहन का रकबा भी घटा है और समय पर बारिश न होने से उम्मीद के अनुसार दलहन उत्पादन की भी संभावना नहीं है।



जानकारों ने कहा कि आपूर्ति के संकट के कारण देश में इस साल दालों की कीमतों में तेजी आई है। सरकार ने दाल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए भंडारण सीमा, भंडारण पर सख्त नजर जैसे कदम उठाए। लेकिन इनके बावजूद दालों की कीमतों में गिरावट नहीं आई। हालांकि इस माह बारिश से फसल को लाभ और ऊंचे भाव पर कीमतों में कुछ गिरावट आई है। आगे कमजोर बोआई को देखते हुए दलहन उत्पादन पिछले साल की तुलना में कम ही रहने वाला है।

नई फसल की आवक के बीच आयात अधिक होने पर आपूर्ति संकट की समस्या कुछ कम हो सकती है। लेकिन इसके बाद भी दालों के भाव फिलहाल सामान्य स्तर पर आने के आसार नहीं दिख रहे हैं।

### 35 फीसदी तक बढ़ चुके हैं दालों के दाम

इस साल दालों की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस साल अब तक दालों की औसत खुदरा कीमतों में 10 से 35 फीसदी तेजी आ चुकी है। एक जनवरी को देश भर में अरहर दाल की औसत खुदरा कीमत 110.45 रुपये थी, जो अब करीब 35 फीसदी बढ़कर 148.5 रुपये किलो हो गई है। इस दाल के अधिकतम खुदरा भाव 188 रुपये किलो है। इस साल अब तक मूंग दाल 101.82 रुपये से बढ़कर 113.51 रुपये, उड़द दाल 105.44 रुपये से बढ़कर 116.91 रुपये और चना दाल के औसत खुदरा मूल्य 70.45 रुपये से बढ़कर 80.1 रुपये किलो हो गए हैं।


## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एक्स्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60650 चांदी टंच-73300
चांदी रिफाइन -74700

## दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60650 चांदी टंच-73300
चांदी रिफाइन -74700


### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83. 08 |
| एक यूरो | 89. 03 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 103. 00 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53· 92 |
| एक जापानी येन | 00· 56 |


## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 120 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 125 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-135 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 77 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग को मिला 9.40 मिलियन डॉलर का ऑर्डर



*नई दिल्ली । सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड जो बड़े और भारी स्टील स्ट्रक्चर्स के निर्माण में लगने के साथ ही विभिन्न प्रकार के उद्योगों जैसे टेलीकॉम, पावर, रेल्वे और अन्य को कस्टमाइज़ स्टील स्ट्रक्चर्स और ईपीसी सोल्यूशन प्रदान करती है, कंपनी ने बीएसई को बताया कि उसे एक बड़ा ऑर्डर मिला हैं ।*

अर्थात रवांडा ट्रांसमिशन सिस्टम रीइन्फोर्समेंट और लास्ट माइल कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट के लिए एनर्जी डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 9.40 मिलियन डॉलर, जो 75.23 करोड़ रुपये के बराबर है, का एक कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है। ऑर्डर प्राप्ति पर टिप्पणी करते हुए, एसटीईएल की प्रबंधन टीम ने कहा कि हमें एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है जो उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशंस प्रदान करने में हमारी क्षमताओं को रेखांकित करती है। इस ऑर्डर ने इंपोर्ट बाज़ार में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने में सक्षम बनाया है, जो सर्वोत्तम श्रेणी के उद्योग मानकों को कायम रखते हुए ऑर्डर को तुरंत निष्पादित करने की एसटीईएल की क्षमता पर विदेशी ग्राहकों द्वारा रखे गए भरोसे का सबूत है।

# कनाडा से रार, मसूर आयात पर संकट

*नयी दिल्ली। विवाद लंबा खिंचने पर देश में मसूर आपूर्ति का संकट पैदा हो सकता है। भारत मसूर आयात के मामले में कनाडा पर काफी निर्भर है। कनाडा के साथ रार से भारत में मसूर की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है क्योंकि भारत कनाड़ा से बड़े पैमाने पर मसूर का आयात करता है। हालांकि जानकारों का कहना है कि यह संकट तभी पैदा हो सकता है, जब कनाडा के साथ विवाद लंबा खिंचता है।*

**चालू वित्त वर्ष में कनाडा से मसूर आयात 5 गुना बढ़ा** - इस साल कनाडा से मसूर का आयात तेजी से बढ़ रहा है। वाणिज्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जुलाई अवधि में 4.66 लाख टन मसूर का आयात हुआ है, जो पिछली समान अवधि के 1.06 लाख टन से 339 फीसदी अधिक है। जुलाई तक आयात हुई 4.66 लाख टन मसूर में 1.90 लाख टन मसूर कनाडा से आयात हुई है। जिसकी कुल मसूर आयात में हिस्सेदारी 40 फीसदी से अधिक है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कनाडा से महज 36,807 टन मसूर आयात हुई थी।

इस तरह इस वित्त वर्ष जुलाई तक कनाड़ा से मसूर आयात 5 गुना से भी ज्यादा बढ़ा है। वित्त वर्ष 2022-23 में आयात हुई कुल 8.58 लाख टन मसूर में से 4.85 लाख टन कनाडा से, वर्ष 2021-22 में 6.67 लाख टन में 5.23 लाख टन, वर्ष 2020-21 में 11.16 लाख टन में से 9.09 लाख टन और वर्ष 2019-20 में 8.54 लाख टन में 6.48 लाख टन मसूर कनाडा से आयात हुई थी। दलहन कारोबारी व आयातक बी सी भरतिया ने बताया कि भारत मसूर आयात के मामले में कनाडा पर निर्भर है। ऐसे में कनाडा से विवाद का मसूर आयात पर असर पड़ना स्वाभाविक है। हालांकि फिलहाल इस विवाद का ज्यादा असर होना मुश्किल लग रहा है। अगर विवाद लंबा खिंचा तो असर पड़ सकता है। चूंकि कनाडा में पैदा होने वाली आधी से ज्यादा मसूर भारत को निर्यात की जाती है। ऐसे में कनाडा के लिए भारत को मसूर का निर्यात रोकना भी मुश्किल भरा होगा।

जानकारो का कहना हैं कि अगर विवाद ज्यादा दिनों तक चला और द्विपक्षीय व्यापारिक रिश्ते बिगड़े तो निश्चित रूप से देश में मसूर आपूर्ति का संकट हो सकता है। कनाडा से मसूर आयात प्रभावित होने पर भारत के पास आस्ट्रेलिया व यूएस का विकल्प है। भारत ने यूएस से मसूर आयात के लिए आयात शुल्क में राहत भी दी है। हालांकि कनाडा के मुकाबले इन देशों के मसूर की गुणवत्ता कमजोर है।


## देशबन्धु ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर आज पाटन में गरजेंगे कमलनाथ





## पूर्व विधायक की अगुवाई में स्वागत की जोरदार तैयारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के प्रदेश कमलनाथ आज पाटन में एक सभा को संबोधित करेंगे। जिसमें किसानों, बेरोजगार युवाओं एवं महिलाओं की समस्याओं इत्यादि को लेकर अपनी बात रखेंगे। श्री नाथ के आगमन को लेकर पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी एवं कांग्रेस के जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉ. नीलेश जैन की अगुवाई में जोरदार तैयारी की गई है। श्री नाथ को सुनने और देखने के लिये हजारों की संख्या में ग्रामीणजन पाटन कृषि उपज मंडी स्थित सभा स्थल पर पहुंचेंगे। पूर्व विधायक श्री अवस्थी के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं ने सभा को सफल बनाने के लिये बीते एक सप्ताह से लगातार ग्रामीण अचंल में पहुंचकर आम ग्रामीणों को सभा में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया गया। कांग्रेस के नेता श्री नाथ को सुनने के लिये पाटन के साथ ही मझौली, कटंगी और सिहोरा आदि दूर दराज से लोग पहुंचेंगे। इसे लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। श्री नाथ के स्वागत के लिये पाटन क्षेत्र को बैनर और पोस्टरों से पाट दिया गया है। वहीं प्रशासन ने सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये हैं। जगह-जगह बेरीकेटिंग की गई है।

जिस तरह से ग्रामीण अचंल में किसानों को पर्याप्त रूप में बिजली खेती आदि के लिये नहीं मिल पा रही है, वहीं बेरोजार और महंगाई से आम ग्रामीण बेहाल हैं। लोगों को उम्मीद है कि श्री नाथ की अगुवाई में जनहितैषी सरकार आने वाले समय में बनेगी जिसके बाद उक्त समस्याओं से लोगों को निजात मिलेगी। तत्कालीन कमलनाथ सरकार के कार्यकाल में किसानों का कर्ज जहां माफ हो गया था, वहीं लोगों को बिजली सस्ती दर पर मिल रही थी। इसलिये लोग चाह रहे हैं कि पहले वाले दिन लौट आयें ऐंसी उम्मीद ग्रामीण जन भी करने लगे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के स्वागत की अपील पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के युवा नेता नीलेश अवस्थी, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष डा. नीलेश जैन, संगठन मंत्री राजकिशोर पटेल, पाटन ब्लॉक अध्यक्ष ब्रजभान यादव, कटंगी ब्लॉक अध्यक्ष नेक नारायण सिंह ठाकुर, मझौली के अध्यक्ष दिलीप सिंग राजपूत, पौड़ी ब्लाक अध्यक्ष बहादुर पटेल, संजय गुरू, राजेश मिश्रा, संजय यादव, जमील खान, मोहनीश ठाकुर, संदीप गुरू आदि ने की है। जिसके लिये व्यापक स्तर पर तैयारियां कर ली गई हैं।


**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 116
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 121
छोटा ब्रॉयलर - रु. 131
मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 135
मुर्गा मीडियम - रु. 125
मुर्गा बड़ा - रु. 120
मुर्गा जम्बो - रु. 120
मो.-9039925000, 9425800409






**आसान किस्तों में उपलब्ध** **मिश्रा इन्टरप्राइजेज**

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496





